नई दिल्ली, बुधवार 11 नवंबर 2026 ■ कार्तिक मास शुक्ल पक्ष-2 ■ वर्ष : 30, अंक : 204 ■ पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00 मौसम अधि. 27 न्यून. 11 haribhoomi.com

भ्रातुः आयुः सुखं चैव,
आरोग्यं च सदा भवेत्।
भगिन्याः स्नेहसंपन्नं,
जीवनं मंगलं भवेत्॥

भाई का जीवन लंबा, सुखी और निरोगी हो तथा बहन का स्नेह हमेशा उसके जीवन को मंगलमय बनाए

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

प्यार और विश्वास का हर रंग अनूठा होता है

भाई दूज आज



17 से 19 नवंबर तक होगा अंतरराष्ट्रीय एचएडीआर युद्धाभ्यास

गुजरात के जामनगर एयरफोर्स स्टेशन पर बनेगा तीनों सेनाओं के बीच सहायता सेतु

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर घटित होने वाली प्राकृतिक आपदाओं के बीच भारत ने सैन्यबलों द्वारा चलाए जाने वाले राहत एवं बचाव कार्यों के संदर्भ में एक अनोखी पहल की है। जिसके तहत इसी महीने 17 से 19 नवंबर तक गुजरात स्थित वायुसेना के जामनगर स्टेशन पर अंतरराष्ट्रीय स्तर का एक त्रि-सैन्य स्तरीय संयुक्त युद्धाभ्यास आयोजित किया जाएगा। जिसे 'सहायता सेतु-2026' का नाम दिया गया है। यह जानकारी वायुसेना ने मंगलवार को अपनी एक एक्स पोस्ट के माध्यम से देते हुए बताया कि युद्धाभ्यास में तीनों सशस्त्र सेनाओं के अलावा भारतीय तटरक्षकबल, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीएमए) सहित भारत के कुछ प्रमुख मित्र देश भी प्रतिभागी के रूप में शामिल होंगे। जिनमें श्रीलंका, नेपाल, बांग्लादेश, इंडोनेशिया और मलेशिया मुख्य हैं।

तीनों सेनाओं के अलावा नेपाल, बांग्लादेश, श्रीलंका, मलेशिया और इंडोनेशिया की होगी भागीदारी



फाइल फोटो

सेनाओं के बीच मजबूत होगा समन्वय आपातकाल में सहायता होगी आसान


वायुसेना के मुताबिक, युद्धाभ्यास का वास्तविक उद्देश्य विभिन्न भागीदार एजेंसियों के बीच बना हुआ समन्वय, रणनीतिक अंतर-संचालनीयता और बड़ी आपदाओं के समय पर वैश्विक प्रतिक्रिया को बढ़ावा देना है। इस कवायद में चक्रवात के साथ आने वाले तूफान, भूकंप, बाढ़ और रासायनिक आपातकाल जैसी परिस्थितियां मुख्य रूप से शामिल हैं। सहायता सेतु को लेकर हवाई सुरक्षा बल ने एक्स पर एक वीडियो क्लिप भी साझा की है। वायुसेना की दक्षिण-पश्चिमी कमांड इस युद्धाभ्यास के संचालन की जिम्मेदारी संभालेगी। जबकि इससे इतर एक सेमिनार और टेबलटॉप अभ्यास भी होगा। यहां यह भी बताते चलें कि प्राकृतिक आपदाओं के समय पर भारत अपने निकट पड़ोसी देशों की मदद के लिए हमेशा कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहा है। जिसका प्रमाण श्रीलंका में आए दित्वाह चक्रवात और नेपाल में बीते समय में आई विनाशकारी बाढ़ के दौरान प्रत्यक्ष रूप से देखने को मिला था।

Dinh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

कल भोपाल जाएंगे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

नई दिल्ली। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की मां काशीबाई के निधन पर शोक



जताने के लिए नेताओं का भोपाल पहुंचना जारी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 12 नवंबर को भोपाल जाएंगे। वे शाम 4:40 बजे राजा भोज एयरपोर्ट पहुंचेंगे और 5:15 बजे होशंगाबाद रोड स्थित वृंदावन गार्डन पहुंचकर शिवराज सिंह से मुलाकात करेंगे।

एक्टर पवन कल्याण का तीसरा तलाक

अमरावती। आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और अभिनेता पवन कल्याण तथा उनकी पत्नी अन्ना



कोनिडेला ने आपसी सहमति से तलाक ले लिया है। शादी के 13 साल बाद दोनों ने अलग होने का फैसला किया। उपमुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार, यह निर्णय आपसी समझ और सम्मान के साथ लिया गया है। दोनों बच्चों की परवरिश करेंगे।

आईसीएसई-आईएससी की परीक्षाएं 9 फरवरी से

नई दिल्ली। काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (सीआईएससीई) ने




10वीं (आईसीएसई) और 12वीं (आईएससी) बोर्ड परीक्षाओं की डेटशीट जारी कर दी है। परीक्षाएं 9 फरवरी से शुरू होकर 8 अप्रैल 2027 तक चलेंगी। इस बार कुल 3,79,980 विद्यार्थी भारत और विदेश के 2,835 केंद्रों पर परीक्षा देंगे।

सोनिया गांधी की किताब- बिलॉगिन्ग: ए जर्नी ऑफ लव में कई अहम खुलासे

बेटा खोने का दर्द सहा, प्रधानमंत्री के लिए हां किया तो प्रियंका रोईं, मोदी नजरें नहीं मिलाते

पढ़ाई के लिए इटली से कैम्ब्रिज पहुंचीं सोनिया की मुलाकात जनवरी 1965 में राजीव गांधी से हुई। सोनिया के पिता स्टेफानो शुरुआत में इस रिश्ते के खिलाफ थे, लेकिन बाद में मान गए



- 25 फरवरी 1968 को 1-सफदरजंग रोड पर सादे समारोह में दोनों की शादी हुई
- सोनिया ने नेहरू के काते धागे से बनी गुलाबी खादी की साड़ी पहनी थी
- 23 जून 1980 को विमान हादसे में संजय गांधी की मौत ने परिवार को गहरा सदमा दिया

मां का सहारा बनने के लिए राजीव राजनीति में आए और 1981 में अमेठी से सांसद बने

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गांधी परिवार की बहू और कांग्रेस की दिग्गज नेता सोनिया गांधी की किताब बिलॉगिन्गः ए जर्नी ऑफ लव मंगलवार को बाजार में आ गई। कुल 7 चैप्टर 544 पेज वाली इस किताब में सोनिया गांधी ने कई खुलासे किए हैं।

जिसमें उन्होंने दो बार कैंसर से जंग लड़ने और एक प्रीमैच्यूर बेटे के खोने के दर्द का भी जिक्र किया है साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके सियासी रिश्तों पर खुलकर कहा है कि वे कभी नजरें तक नहीं मिला पाते। किताब में प्रधानमंत्री मोदी के ▶▶शेष पेज 5 पर



पीएम मोदी-सोनिया एक दूसरे को अभिवादन करते हुए (फाइल फोटो)

नेहरू पर पीएम मोदी के बयानों को लेकर भी निशाना

उनके मुताबिक, नेहरू ने भारत को लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष रास्ते पर आगे बढ़ाया था, इसी वजह से उन्हें निशाना बनाया जाता है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि संघ परिवार से जुड़ी वेबसाइटों पर नेहरू के खिलाफ गलत और अपमानजनक बातें लिखी जाती हैं। सोनिया गांधी ने भाजपा ▶▶शेष पेज 5 पर

राहुल-प्रियंका नहीं चाहते थे सोनिया बनें प्रधानमंत्री

सोनिया गांधी ने लिखा कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी दोनों नहीं चाहते थे कि वह प्रधानमंत्री बनें। दादी इंदिरा गांधी और पिता राजीव गांधी की हत्या का सदमा झेल चुके बच्चों को इस पद के साथ जुड़ा खतरा परेशान करता था। सोनिया के मुताबिक, 2004 के लोकसभा चुनाव से पहले ही उन्होंने बच्चों को स्पष्ट कर दिया था कि कांग्रेस की जीत पर भी वह प्रधानमंत्री नहीं बनेंगी। चुनाव के ▶▶शेष पेज 5 पर

तब डिप्रेशन में चलीं गई थी सोनिया

किताब में उन्होंने बताया कि जनवरी 1969 में समय से पहले (प्रीमैच्योर) एक बेटे को जन्म दिया था, जिसकी कुछ ही घंटों में मौत हो गई। इससे मुझे गहरा सदमा लगा और अवसाद में चली गई। 19 जून 1970 को राहुल का जन्म हुआ, जिससे पूरा परिवार और खासतौर पर दादी इंदिरा बहुत खुश हुईं। दिल्ली के खान मार्केट में बुक स्टोर के बाहर सोनिया की किताब का पोस्टर, इसके कवर पर लगा फोटो राजीव गांधी ने 1966 में क्लिक किया था। किताब के 7 चैप्टर में राजीव से मुलाकात, प्यार-शादी, भारत आना, राजीव के निधन के बाद कांग्रेस का नेतृत्व करने और पार्टी को बहुमत मिलने के बावजूद प्रधानमंत्री न बनने के फैसले का जिक्र किया गया है।

सोनिया गांधी ने अपनी किताब में...

1984 के सिख विरोधी कत्लेआम पर राजीव और अपने परिवार को क्लीन चिट देने की कोशिश की: फूलका

कहा: जब राजीव गांधी प्रधानमंत्री थे, तो दिल्ली में उपलब्ध सेना को तैनात क्यों नहीं किया गया और जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई क्यों नहीं हुई?



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं एडवोकेट एच.एस. फूलका ने मंगलवार को कहा कि सोनिया गांधी ने अपनी किताब में 1984 के सिख विरोधी कत्लेआम के मामले में राजीव गांधी और अपने परिवार को क्लीन चिट देने का प्रयास किया है। उन्होंने दिल्ली में सेना की तैनाती न होने के लिए दिए गए तर्कों को मिश्रा आयोग और नानावती आयोग की रिपोर्ट के विपरीत बताया। फूलका ने नई दिल्ली स्थित पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि 1 नवंबर की सुबह दिल्ली में लगभग 6,000 सैनिक उपलब्ध थे, लेकिन तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी के नेतृत्व वाली सरकार ने उन्हें तैनात नहीं किया। समय पर सेना तैनात होती तो 2,000 सिखों की जान बचाई जा सकती थी।

एच.एस. फूलका ने कहा कि सोनिया गांधी ने अपनी किताब में सिखों के कत्लेआम के मामले में अपने ही परिवार को क्लीन चिट देने की कोशिश की है। उन्होंने किताब में लिखा है कि 31 अक्टूबर की रात राजीव गांधी ने आर्मी चीफ जनरल वैद्य को सेना बुलाने के लिए कहा था। इसके बाद जनरल वैद्य ने खुद फैसला लिया कि दिल्ली के आसपास मौजूद सेना में सिख सैनिक हैं, इसलिए उन्हें नहीं बुलाना चाहिए। इसके बजाय उन्होंने दिल्ली से दूर देहरादून और अन्य स्थानों से सेना बुलाने का निर्णय लिया, जिसके कारण सेना को पहुंचने और तैनात होने में देरी हुई। किताब में किया गया यह दावा उपलब्ध तथ्यों के विपरीत है। पहली बात, जनरल वैद्य ने सिख सैनिकों पर भरोसा न करने के कारण उन्हें न बुलाने का फैसला नहीं लिया था। दूसरी बात, 31 अक्टूबर को दिल्ली में ही लगभग 6,000 सैनिक उपलब्ध थे। मिश्रा आयोग ने अपनी रिपोर्ट में लिखा है कि 31 अक्टूबर की रात और 1 नवंबर की सुबह दिल्ली में लगभग 6,100 सैनिक उपलब्ध थे, लेकिन उन्हें तैनात नहीं किया गया। मिश्रा आयोग ने यह भी कहा कि यदि 1 नवंबर की सुबह इनमें से 5,000 सैनिकों को दिल्ली की सड़कों पर ▶▶शेष पेज 5 पर

सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला

48 घंटे से ज्यादा न्यायिक हिरासत पर सरकारी कर्मचारी स्वतः निलंबित

अलग से आदेश जारी करने की जरूरत नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि किसी सरकारी कर्मचारी को गिरफ्तार कर 48 घंटे से अधिक समय तक न्यायिक हिरासत में रखा जाता है, तो उसे स्वतः निलंबित माना जाएगा। इसके लिए अलग से निलंबन आदेश जारी करने की आवश्यकता नहीं है। जस्टिस जेबी पार्डीवाला और मनमोहन की पीठ ने बिहार के समस्तीपुर सदर अस्पताल के प्रशासक विश्वजीत सिंह को जमानत देते हुए यह टिप्पणी की। विश्वजीत सिंह पर एक संविदा कर्मचारी का 36,421 रुपए बकाया वेतन जारी ▶▶शेष पेज 5 पर

चुनाव आयोग के निर्देश

आदर्श आचार संहिता में रिटायर्ड अफसरों पर भी कसेगा शिकंजा

नहीं कर सकेंगे राजनीतिक प्रचार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



चुनाव आयोग ने आदर्श आचार संहिता के दौरान सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों की राजनीतिक निष्पक्षता को लेकर नए निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत सरकारी कर्मचारियों पर लागू राजनीतिक प्रतिबंध अब उन सेवानिवृत्त अधिकारियों और कर्मचारियों पर भी लागू होंगे, जो राज्य या केंद्र शासित प्रदेश की सरकारों से किसी भी रूप में जुड़े हैं। ऐसे अधिकारी राजनीतिक गतिविधियों में हिस्सा नहीं ले सकेंगे और न ही अपने पद या आधिकारिक ▶▶शेष पेज 5 पर

नई दिल्ली को स्वीकार नहीं वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ किए गए दुर्भावनापूर्ण हमले, राजधानी में मंगलवार को हुई मीडिया ब्रीफिंग में बोले रणधीर जायसवाल

आतंकी पन्नू के मुकदमे को निराधार बताते हुए भारत की अमेरिका को दो टूक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू से जुड़े दीवानी मुकदमे के मामले में अमेरिका की एक



संघीय अदालत ने पिछले महीने भारत सरकार, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल, रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) के पूर्व प्रमुख सामंत गोयल, पूर्व रॉ अधिकारी विक्रम यादव और निखिल गुप्ता को ▶▶शेष पेज 5 पर

भारतीय दूतावास को भेजा डिप्लोमेटिक नोट

यहां बता दें कि ये पूरा मामला पन्नू द्वारा 2024 में दायर किए गए एक मुकदमे में भारतीय अधिकारियों पर उसकी 2023 में न्यूयॉर्क में हत्या की साजिश रचने के आरोपों से जुड़ा हुआ है। अदालत ने बीते 9 नवंबर को दिए अपने एक आदेश में पन्नू की याचिका को स्वीकार किया है। ▶▶शेष पेज 5 पर

2019 में गृह मंत्रालय ने घोषित किया आतंकी

करीब 8 साल पहले 2019 में भारत में गृह मंत्रालय ने सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) नामक संगठन के कानूनी सलाहकार पन्नू को गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत आतंकवादी घोषित किया था। इसके अलावा उसके संगठन पर भी ▶▶शेष पेज 5 पर

डिजिटल अरेस्ट और साइबर ठगी पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से मांगा जवाब 9,400 संदिग्ध अकाउंट पर कार्रवाई का दावा

सीजेआई सूर्यकांत की पीठ ने कहा- डिजिटल ठगी रोकने के उपायों का प्रस्ताव आई4सी को भी सौंपें, बैंकों की जवाबदेही तय करने पर भी दिया था जोर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

देश में तेजी से बढ़ रहे डिजिटल अरेस्ट और साइबर ठगी के मामलों पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए व्हाट्सऐप समेत अन्य डिजिटल मध्यस्थों (इंटरमीडियरीज) से जवाब मांगा है। अदालत ने इन प्लेटफॉर्मों को निर्देश दिया है कि वे डिजिटल अरेस्ट के जरिए होने वाली ठगी और उससे जुड़े अन्य साइबर अपराधों को रोकने के लिए उठाए जाने वाले कदमों का विस्तृत प्रस्ताव पेश करें। साथ ही इन प्रस्तावों को भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) के समक्ष भी प्रस्तुत करने को कहा है, ताकि साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए एक समन्वित व्यवस्था विकसित की जा ▶▶शेष पेज 5 पर

प्रमुख तथ्य

- व्हाट्सऐप ने करीब 9,400 अकाउंट के खिलाफ कार्रवाई की जानकारी दी।
- संदिग्ध अकाउंट की पहचान और उपयोगकर्ताओं को चेतावनी देने वाले सॉफ्टवेयर पर काम जारी।
- व्हाट्सऐप और अन्य प्लेटफॉर्म को सुप्रीम कोर्ट तथा आई4सी में प्रस्ताव देने होंगे।
- बैंकों की लापरवाही साबित होने पर ग्राहक को पूरी नुकसान राशि की क्षतिपूर्ति का प्रस्ताव।
- सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से डिजिटल अरेस्ट मामलों की एफआईआर और जांच रिपोर्ट तलब।
- अगली सुनवाई 23 नवंबर को होगी।

राहुल के पीएम मोदी को लेकर दिए बयान पर केंद्रीय मंत्री का पलटवार

दिमागी नक्सली वाले बयान पर जुबानी जंग तेज

किरेन रिजिजू बोले- अगला टारगेट दिमागी नक्सलियों का खात्मा करना

मनमोहन सिंह ने भी नक्सलवाद को देश के लिए सबसे बड़ा आंतरिक खतरा बताया था

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'दिमागी नक्सली' वाले बयान पर भाजपा और कांग्रेस के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की प्रतिक्रिया के बाद केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने उन पर तीखा पलटवार किया है। रिजिजू ने कहा कि सशस्त्र माओवादियों को खत्म करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद करना चाहिए। अब हमारा अगला लक्ष्य दिमागी नक्सलियों का खात्मा है।



किरेन रिजिजू



राहुल गांधी

नक्सलवाद के खिलाफ कार्रवाई बेहद जरूरी

रिजिजू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर राहुल गांधी को जवाब देते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने भी वामपंथी उग्रवाद और नक्सलवाद को देश के लिए सबसे बड़ा आंतरिक खतरा बताया था। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद के खिलाफ कार्रवाई देश की सुरक्षा के लिए जरूरी है।

पीएम मोदी के बयान से शुरू हुआ विवाद

दरअसल, प्रधानमंत्री मोदी ने छत्तीसगढ़ के बस्तर में सुरक्षा बलों के साथ दीपावली मनाने के दौरान कहा था कि जंगलों से हथियारबंद नक्सलियों का सफाया होने के बावजूद दिमागी नक्सली अब भी देश के कई संगठनों और राजनीतिक दलों में मौजूद हैं। ये लोग संविधान और लोकतंत्र के खिलाफ लोगों को भड़काने का काम कर रहे हैं। ऐसे तत्वों को पहचानकर हराना जरूरी है।

राहुल ने दी थी बहस की चुनौती

पीएम मोदी के बयान पर राहुल गांधी ने एक्स पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि जवानों के चेहरों ने सब कुछ बयां कर दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए लिखा ▶▶शेष पेज 5 पर

पुलिस ने चार लोगों को किया गिरफ्तार

दवाइयों की अवैध रूप से आपूर्ति करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने कथित तौर पर अवैध रूप से दवाओं की आपूर्ति करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ कर चार लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से अल्प्राजोलम और ट्रामाडोल की 21 हजार से अधिक गोलियां और कैप्सूल बरामद किए गए हैं। इनका कुल वजन 14 किलोग्राम से अधिक है। पुलिस अधिकारी के अनुसार, अपराध शाखा ने दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में कई चरणों में कार्रवाई कर आरोपियों को गिरफ्तार किया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि अपराध शाखा की टीम ने 31 अक्टूबर को सबसे पहले मुनेश कुमार गुप्ता (44) और अखिलेश मिश्रा (46) को निगम बोध घाट के पास मोटरसाइकिल पर दवाएं ले जाते हुए पकड़ा था और तलाशी के दौरान उनके पास से 10 किलोग्राम से अधिक वजन की 16,380 गोलियां और कैप्सूल बरामद हुए। इसके बाद इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस ने दोनों आरोपियों से पूछताछ के आधार पर उनके कथित आपूर्तिकर्ता वीरेंद्र कुमार उर्फ हीरो (48) को मादीपुर से गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से ट्रामाडोल के 4,320 कैप्सूल बरामद किए गए। पुलिस ने एक बयान में कहा कि इसके बाद की जांच में पुलिस ने राजेश्वर पांडे उर्फ गोपाल (34) को गिरफ्तार किया। ओषधि नियंत्रण विभाग के साथ संयुक्त छापेमारी के दौरान उसकी दुकान से ट्रामाडोल के 480 कैप्सूल बरामद किए गए। पुलिस ने अवैध दवाओं की आपूर्ति में इस्तेमाल किए जा रहे दो वाहनों को भी जब्त किया है। मामले में आगे की जांच जारी है।



- आरोपियों के पास से अल्प्राजोलम और ट्रामाडोल की 21 हजार से अधिक गोलियां और कैप्सूल बरामद हुए

प्रशांत विहार में युवक को मारा चाकू, मौत

एजेंसी. नई दिल्ली। उत्तर पश्चिम दिल्ली के प्रशांत विहार इलाके में अज्ञात हमलावरों ने एक व्यक्ति की चाकू मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, चाकू से हमले में घायल पीड़ित को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान 35 वर्षीय पिंटू के रूप में हुई है। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस और फोरेंसिक टीम ने अपराध स्थल का निरीक्षण किया और सबूत जुटाए। उन्होंने कहा कि हमलावरों की पहचान और हत्या का मकसद फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। अधिकारियों के मुताबिक, पुलिस ने आरोपियों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने के प्रयास तेज कर दिए हैं। उन्होंने बताया कि जांच के तहत इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

बवाना में 18 वर्षीय युवक की चाकू मारकर हत्या

एजेंसी. नई दिल्ली। दिल्ली के बवाना इलाके में झगड़े के बाद 18 वर्षीय युवक की चाकू मारकर हत्या करने के आरोप में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि सोमवार को बवाना में एक व्यक्ति के बेहोश पड़े होने के संबंध में पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) को सूचना दी गई, जिसके बाद एक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को बृजेश उर्फ बाली (18) चाकू लगने से घायल अवस्था में पड़ा मिला। पुलिस ने बताया कि उसे नरेला के सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र (एसआरएचसी) अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और खुफिया जानकारी जुटाने के बाद आरोपी फरदीन उर्फ आकाश (18) को पकड़ लिया। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच के दौरान सामने आया कि पहले बृजेश और फरदीन के बीच किसी बात को लेकर बवाना में जेजे कॉलोनी के ई ब्लॉक में झगड़ा हुआ था और इस दौरान चाकू से हमले में वह जख्मी हो गया था और बाद में उसकी मौत हो गई। नरेला औद्योगिक क्षेत्र थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) (हत्या) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। उन्होंने कहा कि हत्या के मकसद का पता लगाने, घटनाओं का पूरा क्रम स्थापित करने और सबूत इकट्ठा करने के लिए आगे की जांच जारी है।

PUBLIC NOTICE

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

VEHICLES FOR SALE

1) ASHOK_LEY ALU5525
REG. NO. HR843566- YOM - NA

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 7 DAYS AT BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK
3RD FLOOR, PLOT NO 7,
SECTOR 125, NOIDA-201313
OR CONTACT : PUNIT PARASHAR
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT NO. 8377988238
EMAIL-punit.parashar@kotak.com

डीयू: कुलपति कार्यालय के पास धरने पर बैठे कई कॉलेजों के कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के कई कॉलेजों से जुड़े कर्मियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर डीयू कुलपति कार्यालय के निकट गेट नंबर 1 पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है।

दिल्ली विश्वविद्यालय एवं कॉलेज कर्मचारी यूनियन (डूक्कू) के बैनर तले आयोजित धरने प्रदर्शन को लेकर (डूक्कू) अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा का आरोप है कि एक दौलत राम कॉलेज की प्रिंसिपल ने करीब 10 महीने पहले एक कर्मचारी का वेतन बिना किसी ठोस कारण के रोक दिया था। इससे कर्मचारी का परिवार आर्थिक संकट से जूझता रहा। इस मामले में कर्मचारी यूनियन ने संबंधित कर्मचारी का समर्थन किया तो



यूनियन के अध्यक्ष और सचिव को भी कथित तौर पर निलंबित कर दिया गया। इसी के विरोध में शुरू हुआ आंदोलन अब नियुक्तियों में कथित अनियमितताओं की जांच और प्रिंसिपल के निलंबन की मांग तक पहुंच गया है। धरने पर बैठे कर्मियों का नेतृत्व कर रहें अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा और महासचिव रवींद्र कुमार पांडे ने मंगलवार को बताया कि इस मामले में विश्वविद्यालय के कुलपति के साथ अब तक तीन बैठकें हो चुकी हैं। बैठकों के दौरान अधिकारियों की ओर से जल्द समाधान का भरोसा दिया गया, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसी वजह से कर्मियों ने अपना आंदोलन जारी रखा है। उनका कहना है कि जब तक संबंधित कॉलेज प्रिंसिपल को निलंबित कर उनके खिलाफ जांच कमेटी गठित नहीं की जाती और कर्मियों की मांगों पर निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक धरना समाप्त नहीं होगा।

- प्रिंसिपल को निलंबित कर नियुक्तियों की जांच कराने की मांग

भाई दूज पर बस सेवाएं सुचारू रूप से चलाने के लिए डीटीसी ने किए विशेष प्रबंध

नई दिल्ली। दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) ने आज भाई दूज के अवसर पर यात्रियों की संभावित भीड़ को देखते हुए, बस सेवाएं सुचारू और परेशानी-मुक्त रखने के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। जारी निर्देशों के अनुसार, सभी निर्धारित सीएनजी और इलेक्ट्रिक बसें चलेंगी। डिपो मैनेजरों को पर्याप्त स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है, जबकि रीजनल मैनेजर बस संचालन की निगरानी के लिए महत्वपूर्ण टर्मिनलों और अधिक भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग स्टाफ तैनात करेंगे। सुबह 7:30 बजे से ही बसों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। खासकर व्यस्त टर्मिनलों और उन इलाकों में जहां यात्रियों की भारी आवाजाही होती है। शाम के व्यस्त समय के दौरान अतिरिक्त बसों की भी व्यवस्था की गई है। डीटीसी ने कहा कि इस भाई दूज के मौके पर यात्रियों को सुरक्षित, भरोसेमंद और सुविधाजनक परिवहन सेवाएं प्रदान करने के लिए डीटीसी प्रतिबद्ध है।

संसद मार्ग स्थित बैंक में बम रखे होने की सूचना जांच के बाद फर्जी पाई गई

एजेंसी. नई दिल्ली। दिल्ली के संसद मार्ग स्थित एक सरकारी बैंक की शाखा में मंगलवार को बम रखे होने की सूचना के बाद पुलिस और बम निरोधक दस्ते ने व्यापक तलाशी ली, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पूर्वाह्न 11 बजकर 36 मिनट पर संसद मार्ग स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा में बम रखे होने की सूचना मिली जिसके बाद एक टीम को मौके पर भेजा गया। उन्होंने बताया कि पुलिस और बम निरोधक दस्ते की टीम भी मौके पर पहुंची और परिसर की करीब डेढ़ घंटे तक अच्छी तरह से तलाशी ली गई। अधिकारी के मुताबिक, परिसर से कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है और सूचना को फर्जी घोषित कर दिया गया है।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr. P.C देखें

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नामः **सुधीर उर्फ मासूम**, पुत्रः **राम निवास**, निवासीः **मकान नं. ए–234, गली नं. 6, प्रताप नगर, सबोली, दिल्ली–110093** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) इसके विरुद्ध **FIR No.271/2024 U/S 376 और 6 पोक्सो एक्ट** के तहत एक मामला **थाना ज्योति नगर, उत्तर–पूर्वी जिला, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया है कि अभियुक्त **सुधीर उर्फ मासूम** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **सुधीर उर्फ मासूम** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा है कि **FIR No.271/2024 U/S 376 और 6 पोक्सो एक्ट, थाना ज्योति नगर, उत्तर–पूर्वी जिला, दिल्ली** के अभियुक्त **सुधीर उर्फ मासूम** को उक्त परिवाद का जवाब देने के लिए दिनांक **21.12.2026** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार, सुश्री आकांक्षा व्यास,
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश–06,
विशेष न्यायाधीश पोक्सो (एनआई एक्ट),
कमरा नंबर 80, शाहदरा जिला,
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली।

DP/16149/NE/2026
(अदालती मामला)

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82(2) (ii) Cr.P.C देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सुखजीत सिंह पुत्र मुख्तियार सिंह निवासी 91/76, मुल्तानी मोहल्ला, गीता कॉलोनी, गांधी नगर, पूर्वी दिल्ली-110031** ने केस एफआईआर नं. **510613/2016, अन्तर्गत धारा 138 एनआई एक्ट, थाना करोल बाग, केंद्रीय जिला, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुखजीत सिंह** मिल नहीं रहा/रही है, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुखजीत सिंह** फरार हो गया/गई है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा/रही है) इसलिए इसके द्वारा अभियुक्त व्यक्ति की उद्घोषणा की जाती है कि केस एफआईआर नं. **510613/2016, अन्तर्गत धारा 138 एनआई एक्ट, थाना करोल बाग, केंद्रीय जिला, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सुखजीत सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.12.2026** को **प्रातः 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री अरविंद तोमर
मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी
(एनआई एक्ट)-07 (केंद्रीय)
कमरा नं. 507, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/14777/CD/2026
(Court Matter)

दिल्ली सरकार ने की छठ पर सार्वजनिक अवकाश की घोषणा

एजेंसी. नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने मंगलवार को घोषणा की कि छठ पूजा के दिन सभी सरकारी कार्यालयों में अवकाश रहेगा। इस आशय का एक सरकारी आदेश जारी किया गया है। आदेश में कहा गया है, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के उपराज्यपाल ने प्रतिहार षष्ठी या सूर्य षष्ठी (छठ पूजा) के अवसर पर 16 नवंबर को सभी सरकारी कार्यालयों, स्वायत्त निकायों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में अवकाश घोषित किया है। इससे पहले, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा था कि छठ न केवल एक धार्मिक उत्सव है, बल्कि दिल्ली की सामाजिक एवं सांस्कृतिक एकता का प्रतीक भी है। उन्होंने कहा था कि सरकार चाहती है कि व्रत रखने वाले हर श्रद्धालु और घाटों पर आने वाले सभी लोग पूरी आस्था, सम्मान एवं मन की शांति के साथ यह त्योहार मनाएं। तेरह नवंबर से शुरू होने वाले इस चार दिवसीय त्योहार से पहले, गुप्ता ने सोमवार को एक उच्च-स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की और अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और साफ-सफाई को प्राथमिकता दें। सोमवार को जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, पूजा के लिए प्रमुख घाटों पर महिलाओं के वास्ते वस्त्र बदलने के कक्ष, सीसीटीवी कैमरे, पर्याप्त रोशनी, टेंट और चौबीसों घंटे साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। इसके अलावा, छठ व्रतियों के पूजा-अर्चना करने के लिए मुनक नहर के पास 11 किलोमीटर लंबा घाट और ऐसी ही कई अन्य संरचनाएं भी तैयार की जा रही हैं।

उपराज्यपाल ने कड़कड़डूमा स्थित ईस्ट दिल्ली हब परियोजना का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के उपराज्यपाल सरदार तरणजीत सिंह संधू ने मंगलवार को कड़कड़डूमा स्थित ईस्ट दिल्ली हब परियोजना का मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की इस ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट (टीओडी) परियोजना के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने डीडीए और निर्माण एजेंसी एनबीसीसी को आपसी समन्वय के साथ काम करने, लंबित वैधानिक मंजूरियों की प्रक्रिया में तेजी लाने और परियोजना को जल्द पूरा कर समय पर हस्तांतरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ईस्ट दिल्ली को टिकाऊ और कॉम्पैक्ट शहरी जीवन का एक आदर्श उदाहरण बनना चाहिए। परियोजना की वास्तविक उपलब्धि उसके निर्धारित विजन के अनुरूप समय पर काम पूरा होने में है। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय विधायक एवं डीडीए प्राधिकरण के सदस्य ओपी शर्मा के अलावा डीडीए के वरिष्ठ अधिकारी और इंजीनियर भी मौजूद रहे।



- डीडीए और निर्माण एजेंसी एनबीसीसी को लंबित वैधानिक मंजूरियां जल्द
- सुविधाओं और आसपास के हरित क्षेत्रों का लिया जायजा

उपराज्यपाल सरदार तरणजीत सिंह संधू ने आवासीय टावरों, नागरिक सुविधाओं और आसपास के हरित क्षेत्रों का जायजा लिया। उन्होंने आवासीय टावरों में चल रहे फिनिशिंग कार्यों की समीक्षा की और परियोजना को पूरा करने तथा लोगों को सौंपने से पहले किए जाने वाले शेष कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि यह परियोजना विकसित दिल्ली के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। डीडीए के अनुसार, उपराज्यपाल के मार्गदर्शन में प्राधिकरण सभी के लिए आवास के लक्ष्य को पूरा करने के साथ दिल्ली में आधुनिक, टिकाऊ और बेहतर कनेक्टिविटी वाले शहरी बुनियादी ढांचे के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। कड़कड़डूमा का ईस्ट दिल्ली हब राजधानी में भविष्य की शहरी विकास परियोजनाओं के लिए एक मॉडल के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसमें गुणवत्तापूर्ण आवास, बेहतर परिवहन, हरित क्षेत्र और नागरिक सुविधाओं को एकीकृत किया गया है, जिससे लोगों के जीवन स्तर में सुधार हो सके।

जहां पहले से वोटिंग हो रही वहां नाव चलाकर भाजपा दे रही धोखा : भारद्वाज

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने मंगलवार को कहा कि भाजपा सरकार क्रूज के नाम पर नाव चलाकर यमुना को साफ करने का फर्जी दावा कर रही है। जबकि यमुना का सोनिया विहार के इलाके में कई वर्षों से बोटिंग की प्रैक्टिस की जाती है। वहां बोटिंग क्लब्स हैं। पैरामिलिट्री फोर्स और नेवल फोर्स के जवानों के स्थायी कैंप हैं, जहां वे नाव चलाने की प्रतियोगिता की प्रैक्टिस करते हैं। वहां बोट चलाकर भाजपा झूठा प्रोपेगेंडा फैला रही है कि उसने यमुना साफ कर दी है। वहीं विधायक संजीव झा और कुलदीप कुमार ने मंगलवार को कालिंदी कुंज का दौरा कर यमुना नदी के प्रदूषण की जमीनी हकीकत दिल्ली के लोगों के सामने रखी। साथ ही, यमुना के प्रदूषित पानी में सांसद मनोज तिवारी का पुतला तैरा कर भाजपा सरकार को आइना दिखाया। सौरभ ने कहा कि भाजपा के लोग पूरे भारत का मजाक उड़वा रहे हैं। क्रूज के अंदर तो 500 से 1 हजार लोग बैठते हैं, खाने-पीने और सोने की व्यवस्था होती है और यह यात्रा कई दिनों या कई महीनों की होती है। इन्होंने क्रूज की परिभाषा ही बदल दी है, यह तो बस एक नाव है जो आज से पहले भी चल रही थी। न इनसे हवा साफ हुई और न ही यमुना साफ हुई।

कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।

FIR NO. 282 दिनांक 27.10.2026 धारा 106,281 बी.एन.एस. थाना औद्योगिक क्षेत्र बड़ी जिला सोनीपत।



नाश की पहचान
नाम- नामपता नामालूम।
पिता का नाम नामालूम।
पता- नामालूम।
उम्र- 50 वर्ष करीब।
कद- 5 फुट 6 इंच।
हुलियाः रंग गोरा, हष्ट पुष्ट शरीर, लम्बुतरा चेहरा, सिर पर काले सफेद बाल, आँखे काली, लम्बी नाक।
पहनावाः- कमर पर काले रंग की लोयर, आसमानी रंग की टी-शर्ट, आसमानी रंग का अंडर-वियर, पैरों से नंगा

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 26.10.2026 की रात को एक नामपता नामालुम पुरुष की नाश GT ROAD पर बाल भवन स्कूल, गन्नौर के पास मेन रोड़ पर RSA में मिली है। नाश की शिनाख्त नहीं हो सकी है। अगर किसी को उपरोक्त नाश के बारे कोई सुराग / सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।
प्रबन्धक थाना मो. न. -7419410541
अनुसंधान कर्ता मो. न.-9992481953
पुलिस कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-22229, 100

अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत।
पीआरडीएच-1084/11/5590/2027/50902/88/7 दि. 10.11.26

केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री ने 'नमो यमुना रिवर क्रूज सेवा' का किया शुभारंभ

मां यमुना के प्रति हमारी आस्था और समर्पण का प्रतीक है 'नमो यमुना सफारी': रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय बंदरगाह, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को सोनिया विहार में यमुना नदी पर विकसित 'नमो यमुना रिवर क्रूज' सेवा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि मां यमुना के प्रति हमारी आस्था और समर्पण का प्रतीक 'नमो यमुना सफारी' है।

उन्होंने बताया कि यह परियोजना दिल्ली में नदी आधारित पर्यटन, पर्यावरण अनुकूल परिवहन और यमुना के तट पर आधुनिक जनसुविधाओं के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मां यमुना दिल्ली की पहचान, संस्कृति, धार्मिक आस्था और जीवन परंपरा का अभिन्न हिस्सा हैं। उन्होंने दिल्लीवासियों को बधाई देते हुए कहा कि आज राजधानी के लिए ऐतिहासिक अवसर है। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, केंद्रीय राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर, सांसद मनोज तिवारी, कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा, कपिल मिश्रा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'नमो यमुना रिवर सफारी' केवल एक क्रूज या नौका सेवा नहीं है, बल्कि मां यमुना के प्रति हमारी आस्था, प्रेम और समर्पण से जुड़ी पहल है। इसके माध्यम से दिल्लीवासी मां यमुना के और करीब आ सकेंगे, उनके प्राकृतिक परिवेश को महसूस कर सकेंगे और नदी के साथ अपने जुड़ाव को नए रूप में अनुभव करेंगे। प्रकृति के इतने करीब आने का अवसर अब दिल्लीवासियों के लिए भी उपलब्ध हो रहा है। पहले लोग प्रयागराज या अन्य शहरों में जाकर नाव और क्रूज की सवारी का आनंद लेते थे, लेकिन अब दिल्ली में ही यह अनुभव संभव होगा। यात्रियों के लिए तैयार की गई व्यवस्था के अंतर्गत परिसर में प्रवेश शुल्क 50 रुपये और क्रूज की एक पूरी यात्रा का प्रस्तावित शुल्क 500 रुपये निर्धारित किया गया है।

दिल्ली के पर्यटन को नया अनुभव देगी रिवर सफारी : पर्यटन मंत्री

दिल्ली के पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि 'नमो यमुना रिवर सफारी' दिल्ली में पर्यटन को एक नया अनुभव देने वाली पहल है। यहां आने वाले लोग यमुना के सुंदर दृश्यों का आनंद ले सकेंगे। म्यूजिकल फाउंटेन के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण की गाथा और यमुना मैया की महिमा को संगीत के जरिए भी प्रस्तुत किया जाएगा। यहां क्रिएटिव जोन, फूड जोन, गेमिंग एक्टिविटीज और किड्स जोन जैसी सुविधाएं भी विकसित की गई हैं ताकि लोग अपने पूरे परिवार के साथ यहां आकर अच्छा समय बिता सकें।



'यमुना पर पहली संगठित मनोरंजक जल परिवहन सेवा'


यमुना के तट पर पर्यटन और परिवहन सुविधाओं को बढ़ावा देने के लिए दिल्ली सरकार और भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण ने मनोरंजक नौका विहार और छोटी दूरी की फेरी सेवाओं की पायलट परियोजना शुरू की है। इसके तहत वजीराबाद बैराज से जगतपुर तक लगभग 6 किलोमीटर का क्षेत्र जल परिवहन के लिए उपयुक्त पाया गया है, जहां छोटे यात्री जहाजों के संचालन के लिए न्यूनतम 1.5 मीटर नौवहन गहराई निर्धारित की गई है। यहां पूरा सफर लगभग 35 से 45 मिनट का होगा। यात्रियों को निर्धारित मार्ग पर नौका विहार का अनुभव मिलेगा और यात्रा पूरी होने के बाद वे अपने शुरुआती स्थान पर लौट सकेंगे।

यमुना के 52 किमी हिस्से के पुनर्जीवन में हुई प्रगतिः प्रवेश

सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि 'नमो यमुना रिवर सफारी' लोगों को नदी से दोबारा जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्हें सबसे अधिक खुशी लोगों के चेहरों पर दिख रहे उत्साह को देखकर होती है। वर्षों से लोगों के मन में यह बात लगभग भुला दी गई थी कि दिल्ली से होकर एक नदी भी बहती है। लेकिन आज लोग यमुना को केवल एक नाले के रूप में नहीं, बल्कि एक नदी के रूप में देखने लगे हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार की पहले दिन से ही प्राथमिकता मां यमुना को स्वच्छ बनाना और दिल्ली में एक सुंदर रिवरफ्रंट विकसित करना रही है। उनका दृढ़ विश्वास है कि रिवरफ्रंट का विकास तभी संभव है, जब नदी स्वयं स्वच्छ हो। पिछले 18-19 महीनों में दिल्ली में यमुना के 52 किलोमीटर लंबे हिस्से के पुनर्जीवन का कार्य आगे बढ़ाया गया है और इस दिशा में कई मोर्चों पर महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। अगले चरण में वजीराबाद से कालिंदी कुंज तक के हिस्से पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस कार्य को पूरा होने में अगले दो से ढाई वर्ष का समय और लगेगा।

थाना मुजेसर — जिला फरीदाबाद

मुकदमा नं. 339 दिनांक 15.08.2026 धारा 127 (6) BNS थाना मुजेसर फरी0




सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सन्तोष सिंह पुत्र गनेश सिंह निवासी मकान नं. 638/40 गली नं. 58 नियर राजपुत स्कुल संजय कॉलोनी सैक्टर-23 फरीदाबाद दिनांक 26.06.2026. को समय करीब 09.00 PM पर अपने घर से बिना बताए अपनी मर्जी से कहीं चला गया जिसने नीले व सफेद रंग की शर्ट वा नीले रंग का लोवर वा पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए हैं जिसका रंग सांवला लम्बुतरा चेहरा पतला शरीर कद 5 फुट 6 ईन्च वा उम्र 38 साल है।

जिसके बारे में किसी को सूचना मिले तो निम्न नम्बर पर सूचित करें।
प्रबन्धक अफसर थाना मुजेसर फरी.---9582200131
थाना मुजेसर फरी.----0129-2232610
मुख्य सिपाही भरत सिंह नं. 2116
पीआरडीएच-1084/11/5585/2027/50880/88/7 दि. 10.11.26

योजनाओं का लाभ सीधे लोगों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध सरकार: रेखा गुप्ता

मुख्यमंत्री ने दीपावली पर दिया मुफ्त एलपीजी सिलेंडर का उपहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली सरकार अपने घोषित संकल्पों को पूरा करने और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे लोगों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित एक कार्यक्रम में 15 लाख से अधिक पात्र राशन कार्डधारक परिवारों को मुफ्त एलपीजी सिलेंडर के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करने के दौरान यह संबोधन दिया।

उन्होंने कहा कि राशन कार्डधारक परिवारों को होली और दीपावली पर आर्थिक सहायता देने की योजना इसी प्रतिबद्धता का हिस्सा है। यहां मुख्यमंत्री ने बटन दबाकर डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से लाभार्थियों के बैंक खातों में सहायता राशि भेजी। लाभार्थियों को सांकेतिक चेक भी प्रदान किए गए। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि त्योहारों के अवसर पर परिवारों को आर्थिक सहयोग मिले और घरेलू खर्च का बोझ कम हो। सहायता राशि सीधे बैंक खातों में हस्तांतरित करने से लाभार्थियों तक आर्थिक सहयोग पहुंचाने की प्रक्रिया सरल और पारदर्शी बनती है। इस अवसर पर सांसद बांसुरी स्वराज, कैबिनेट मंत्री सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा, विधायक अभय वर्मा, जितेंद्र महाजन, कुलदीप सोलंकी, चंदन चौधरी सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित थे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दीपावली केवल रोशनी और उत्सव का पर्व नहीं, बल्कि खुशियां साझा करने और एक-दूसरे के जीवन में सहयोग देने का अवसर भी है। सरकार की यह पहल दिल्ली के राशन कार्डधारक परिवारों को त्योहारों पर आर्थिक सहयोग प्रदान करने और उनके जीवन में खुशियां बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

15 लाख से अधिक परिवारों के खातों में पहुंची सहायता राशि

मुख्यमंत्री के अनुसार, सरकार ने राशन कार्डधारक परिवारों को होली और दीपावली पर एलपीजी सिलेंडर के लिए आर्थिक सहायता देने की योजना बनाई थी। इसी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष दीपावली के अवसर पर दिल्ली के 15 लाख 45 हजार 994 परिवारों के बैंक खातों में कुल 141.88 करोड़ रुपये की सहायता राशि डीबीटी के माध्यम से भेजी गई। इनमें प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के 1 लाख 24 हजार 964 परिवार और नॉन पीएमयूवाई श्रेणी के 14 लाख 21 हजार 30 परिवार शामिल हैं। इनमें पीएमयूवाई श्रेणी के प्रत्येक परिवार को 642 रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई। वहीं नॉन पीएमयूवाई श्रेणी के प्रत्येक परिवार को 942 रुपये की सहायता राशि दी गई। इसका उद्देश्य वर्ष में दो प्रमुख त्योहारों पर परिवारों को आर्थिक सहयोग देना और घरेलू खर्च का बोझ कम करना है।

मल्कागंज चौक पर महापौर ने पार्क से हटाया मलबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



हम दिल्ली की स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर करने के लिए अलग अलग क्षेत्रों का निरीक्षण कर रहे हैं। दिल्ली के महापौर प्रवेश वाही ने मंगलवार को उत्तरी क्षेत्र में स्थित मल्कागंज वार्ड की सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान यह बात कही। इस दौरान महापौर प्रवेश वाही ने मल्कागंज चौक पर स्थित पार्क से स्वयं मलबा हटाया एवं मुख्य मार्ग की जेटिंग मशीन से सफाई की।

उन्होंने मल्कागंज मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण की स्थिति पर नाराजगी जताई और इसे तुरंत हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने अतिक्रमण करने वालों के चालान करने के आदेश दिए। उत्कृष्ट कार्य करने के लिए महापौर ने एक स्वच्छता कर्मी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया एवं उसका नाम पुरस्कार के लिए भेजने के निर्देश दिए।

बता दें कि महापौर ने लगभग 2 किलोमीटर चलकर मल्कागंज वार्ड की मुख्य सड़क पर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तिमारपुर के विधायक सूर्य प्रकाश खत्री, स्थानीय पार्षद रेखा, उत्तरी क्षेत्र के उपायुक्त सचिन गुप्ता सहित दिल्ली नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

वाही ने बालकराम अस्पताल का किया निरीक्षण

महापौर ने तिमारपुर में स्थित बालकराम अस्पताल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में एंटी रैबीज वैक्सीन एवं सीरम की प्रचुर उपलब्धता पर संतोष व्यक्त किया और लैब का भी निरी क्षण किया। इस दौरान विधायक सूर्य प्रकाश खत्री, अतिरिक्त आयुक्त पंकज नरेश अग्रवाल, अस्पताल की चिकित्सा अधीक्षक डॉ पूनम सरीन भी उपस्थित रहे। महापौर ने अस्पताल में आए रोगियों से बातचीत कर डाक्टरों एवं दवाओं की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। रोगियों ने इस पर संतोष व्यक्त किया और मुख्य सड़क से अस्पताल की अप्रोच रोड बनाने के कार्य की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि निगम अपने अस्पतालों में बेहतर चिकित्सा सेवा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

एनडीएमसी अपने क्षेत्र में लगाएगी ट्यूलिप



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- संधू ने लोधी गार्डन स्थित एनडीएमसी की नर्सरी का किया दौरा

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) आगामी सीजन के लिए अपने और डीडीए क्षेत्रों के लिए लगभग 4.67 लाख ट्यूलिप बल्ब खरीदने की योजना है, जिसमें एनडीएमसी के लिए 3 लाख और डीडीए के लिए 1.67 लाख बल्ब शामिल हैं। एनडीएमसी आम जनता के लिए गमलों में ट्यूलिप की बिक्री भी करेगी। इस बात की जानकारी मंगलवार को एनडीएमसी ने दी है।

गौरतलब है कि एनडीएमसी ने बताया कि दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने आज लोधी गार्डन स्थित नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) की नर्सरी का दौरा किया। उन्होंने नर्सरी में हाई-टेक नर्सरी, ट्यूलिप ग्रोथ-कम-स्टोरेज चैम्बर, कम्पोस्टिंग सुविधाओं, कैक्टस हाउस, उद्यानिकी रखरखाव के लिए उपयोग की जाने वाली मशीनरी आदि का निरीक्षण किया गया। उपराज्यपाल ने दिल्ली में ट्यूलिप उगाने के लिए स्वदेशी क्षमताओं को विकसित करने और आयातित बल्बों पर निर्भरता कम करने के लिए एनडीएमसी के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह पहल अन्य एजेंसियों के लिए ट्यूलिप की स्थानीय खेती को बढ़ावा देने के लिए एक उदाहरण के रूप में काम कर सकती है। एनडीएमसी ने कहा कि ट्यूलिप को स्थानीय स्तर पर उगाने और धीरे-धीरे आयात पर निर्भरता कम करने का विचार उपराज्यपाल ने ही दिया था। एनडीएमसी ने इस पहल को 2022 में एक छोटे कदम के रूप में शुरू किया था, जिसके अब उत्साहजनक परिणाम दिखने लगे हैं। पिछले सीजन में लगभग 40 हजार ट्यूलिप बल्ब विभिन्न आकारों के हार्वेस्ट किए गए थे, जिन्हें लोधी गार्डन स्थित ट्यूलिप ग्रोथ-कम-स्टोरेज चैम्बर में संग्रहित किया गया है। इनमें से लगभग 24 हजार बल्बों को फूलों के लिए एनडीएमसी क्षेत्र में लगाया जाएगा और शेष का उपयोग ग्रोथ चैम्बर में बल्बों के आकार को बढ़ाने के परीक्षणों के लिए किया जाएगा।

रेखा ने दीं भैया दूज पर शुभकामनाएं

नई दिल्ली। भैया दूज का यह पावन पर्व हर परिवार में खुशियां, प्रेम और आपसी विश्वास बढ़ाए तथा भाई-बहन का यह पवित्र रिश्ता सदैव अटूट बना रहे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भैया दूज के पावन अवसर पर दिल्लीवासियों, विशेषकर सभी भाई-बहनों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि भैया दूज केवल एक पर्व नहीं, बल्कि भाई-बहन के बीच प्रेम, विश्वास, आत्मीयता और जीवनभर एक-दूसरे का साथ निभाने के संकल्प का उत्सव है। यह रिश्ता हमारे पारिवारिक संस्कारों और भारतीय संस्कृति की सुंदर अभिव्यक्ति है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बहन के हाथों का तिलक केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि भाई की लंबी आयु, सुख-समृद्धि और मंगलमय जीवन की कामना का भावपूर्ण प्रतीक है। भाई-बहन का रिश्ता ऐसा अनमोल बंधन है, जिसमें बचपन की यादें, छोटी-छोटी नोकझोंक, निश्छल प्रेम और हर परिस्थिति में एक-दूसरे के साथ खड़े रहने का भरोसा समाहित होता है। रिश्तों की असली पूंजी महंगे उपहारों में नहीं, बल्कि उनमें छिपे स्नेह, सम्मान और संवेदनशीलता में होती है।

अवैध विज्ञापनों पर निगरानी के लिए नए अवसरों की होगी पहचानः सत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), जीआईएस मैपिंग और डिजिटल मॉनिटरिंग के माध्यम से अपने आउटडोर विज्ञापन कारोबार की व्यवस्था को व्यवस्थित करने के साथ राजस्व बढ़ाने की तैयारी कर रहा है। एमसीडी की स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि निगम के पास राजस्व अर्जित करने के कई संसाधन हैं, लेकिन उनका पूरा उपयोग सुनिश्चित करना जरूरी है। विज्ञापन क्षेत्र में तकनीक के इस्तेमाल से न केवल आय बढ़ाने की संभावनाएं खुलेंगी, बल्कि राजस्व के नुकसान को रोकने और व्यवस्था में पारदर्शिता लाने में भी मदद मिलेगी। सत्या शर्मा ने कहा कि निगम का उद्देश्य केवल नए राजस्व स्रोत तलाशना नहीं, बल्कि मौजूदा संसाधनों का अधिकतम और बेहतर उपयोग सुनिश्चित करना भी है। दिल्ली में बड़ी संख्या में होर्डिंग, यूनिपोल, कियोस्क, स्ट्रीट फर्नीचर और अन्य आउटडोर विज्ञापन संरचनाएं मौजूद हैं। इन सभी का एक केंद्रीकृत डिजिटल रिकॉर्ड तैयार होने से निगम को अपनी विज्ञापन परिसंपत्तियों की वास्तविक स्थिति और उनकी व्यावसायिक क्षमता का पता चल सकेगा। इससे विज्ञापन प्रबंधन को अधिक प्रभावी और वैज्ञानिक बनाया जा सकेगा।

'राजस्व नुकसान पर लगेगी लगाम'

सत्या शर्मा ने कहा कि डिजिटल रिकॉर्ड का पंजीकृत विज्ञापन स्थलों से मिलान करने पर अनधिकृत विज्ञापन संरचनाओं की पहचान करना आसान होगा। इससे नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई में मदद मिलेगी और निगम के राजस्व को होने वाले संभावित नुकसान पर रोक लगाई जा सकेगी।

छठ घाटों पर इंतजाम नहीं हुए तो सड़कों पर उतरेगी कांग्रेस : यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- श्रद्धालुओं की पूजा के लिए स्वच्छ जल यमुना में छुड़वाने का प्रबंध करे सरकार

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने मंगलवार का कहा कि भाजपा सरकार छठ घाटों पर श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण में पूजा अर्चना करने पुख्ता इंतजाम करे, अगर भाजपा सरकार छठ श्रद्धालुओं के लिए इंतजाम नहीं करती है तो कांग्रेस दिल्ली सरकार की विफलताओं को उजागर करने के लिए सड़कों पर उतरेगी। यादव ने कहा कि दिल्ली सरकार छठ श्रद्धालुओं के लिए स्वच्छ जल यमुना में छुड़वाने का प्रबंध करे। उन्होंने कहा कि सरकारों की प्रशासनिक विफलताओं के कारण यमुना के जहरीले पानी में छठ पूजा करने के मजबूर होना पड़ता है क्योंकि छठ आस्था का पर्व है। यादव ने कहा कि भाजपा की रेखा गुप्ता सरकार की विफलता के कारण ही दिल्लीवासियों को दिवाली से ही जहरीली हवा में सांस लेने को मजबूर होना पड़ रहा है क्योंकि पिछले दो वर्षों में दिल्ली सरकार ने वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए कोई ठोस कदम नही उठाए, सिर्फ खोखले वादे किए। उन्होंने दिल्ली भाजपा अध्यक्ष और केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा के सभी राजनीतिक दलों को छठ महापर्व उत्सव का सम्मान करके 14 से 16 नवंबर, 2026 के दौरान राजधानी में विरोध प्रदर्शन रोकने के बयान पर कहा कि छठ घाटों पर श्रद्धालुओं के लिए इंतजाम करने पर ध्यान दे। यादव ने कहा कि पूर्वांचल के लोगों का सहानूभूति प्राप्त करने के लिए रेखा सरकार ने छठ पर्व पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है लेकिन मैं हर्ष मल्होत्रा से पूछना चाहता हूं कि वे बताएं कि केन्द्र के 12 वर्ष और दिल्ली में 2 वर्षों के शासन के बावजूद यमुना का पानी जहरीला क्यों है, क्यों सरकार करोड़ों खर्च करके भी छठ श्रद्धालुओं को एक स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराने में विफल साबित हो रही है।

सत्यमेव जयते
उपभोक्ता मामले विभाग
मानकः पथप्रदर्शकः
भारतीय मानक ब्यूरो
भारत का राष्ट्रीय मानक निकाय
ब्रांड की जांच ✓
फीचर्स की जांच ✓
सुरक्षा ??? ✓
IS ---------
R - XXXXXXXX
बीआईएस चिह्न
जांच अवश्य करें
बीआईएस गुणवत्ता चिह्न की प्रामाणिकता की जांच कैसे करें?
बीआईएस केयर ऐप
डाउनलोड करने के लिए स्कैन करें
Google Play App Store
'R-Number सत्यापित करें' पर क्लिक करें।
पंजीकरण संख्या दर्ज करें।
उत्पाद की सुरक्षा से संबंधित शिकायत दर्ज करने या बीआईएस चिह्न के दुरुपयोग की शिकायत करने के लिए 'शिकायतें' सुविधा का उपयोग करें।
हमें फॉलो करें @Indianstandards
CBC 08103/13/0008/2627

एक्यूआई को शून्य से 50 के बीच माना जाता है अच्छा

दिल्ली की हवा हुई खराब एक्यूआई पहुंचा 350 पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली की वायु गुणवत्ता मंगलवार को बेहद खराब श्रेणी में दर्ज की गई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार दिल्ली के कई स्टेशनों का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 350 से ऊपर दर्ज किया गया है जो भी बेहद खराब श्रेणी में आता है। सीपीसीबी की वेबसाइट पर शाम 8 बजकर 5 मिनट पर आए आंकड़ों के अनुसार दिल्ली के कई स्टेशनों पर एक्यूआई 350 से 389 के बीच दर्ज किया गया।

आंकड़ों के अनुसार दिल्ली के सबसे प्रदूषित क्षेत्र में आईआईटी दिल्ली का इलाका रहा। यहां का एक्यूआई 389 दर्ज किया गया। इसके अलावा पूसा का 384, चांदनी चौक का 379,आईटीओ का 371, जहांगीरपुरी का 310, जेएनयू का 361, मुंडका का 323, नेहरू नगर का 340, नार्थ कैंपस डीयू का 364, एनएसआईटी द्वारका का 378, पंजाबी बाग का 346, आरके पुरम 337, तालकटोरा गार्डन 356, विवेक विहार का 304, आनंद विहार का 304, आया नगर का 361, बदरपुर का 316, बुराड़ी क्रॉसिंग 348, छावला का 324, मथुरा रोड 376, डीटीयू का 329, द्वारका सेक्टर 8 का 337, आईजीआई का 307 और इहबास दिलशाद गार्डन का 308 दर्ज किया गया, जो कि बेहद खराब श्रेणी में आता है। मंगलवार को दिल्ली के 23 निगरानी केंद्रों पर वायु गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में दर्ज की गई। सीपीसीबी के अनुसार, एक्यूआई को शून्य से 50 के बीच अच्छा, 51 से 100 के बीच संतोषजनक, 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बेहद खराब और 401 से 500 के बीच गंभीर श्रेणी में रखा जाता है।

दिल्ली को भाजपा ने विश्व का बना दिया सबसे प्रदूषित शहरः नारंग

नई दिल्ली। भाजपा की चार इंजन की सरकार ने देश की राजधानी दिल्ली को विश्व का सबसे प्रदूषित शहर बना दिया है। दिल्ली गैस चैंबर बनी हुई है। दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने मंगलवार को निगम मुख्यालय सिविक सेंटर में प्रेसवार्ता के दौरान भाजपा पर आरोप लगाते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि दिवाली की रात एक्यूआई का स्तर 1870 तक पहुंच गया। मंगलवार को भी दिल्लीवासी जहरीली हवा में सांस लेने को मजबूर रहे। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि राजधानी में प्रदूषण पर लगाम लगाने के बजाय भाजपा की दिल्ली सरकार और एमसीडी एक्यूआई के आंकड़ों में हेराफेरी और मॉनिटरिंग स्टेशनों को बंद करके बैठे हैं। अंकुश नारंग ने कहा कि भाजपा सरकार में न सड़कों पर पानी का छिड़काव, न प्रदूषण रोकने की कोई ठोस योजना और न ही अधिकारियों की कोई जवाबदेही है। आखिर सीएम रेखा गुप्ता और महापौर प्रवेश वाही कर क्या रहे है? उन्होंने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से कहा कि, दिल्ली की जनता को खोखले भाषण और जुमले नहीं, बल्कि स्वच्छ हवा और सुरक्षित जीवन चाहिए। अंकुश नारंग ने कहा कि भाजपा सरकार याद रखे कि साफ हवा कोई एहसान नहीं, दिल्लीवासियों का अधिकार है। आखिर कब तक दिल्ली की जनता की सांसों से खिलवाड़ होता रहेगा?

खबर संक्षेप

नरोरा परमाणु ऊर्जा प्लांट पर निशांत का चयन

फरीदाबाद। गांव सदपुरा के रहने वाले निशांत वशिष्ठ का चयन बुलंदशहर स्थित नरोरा परमाणु ऊर्जा केंद्र में न्यूक्लियर साइंटिस्ट के पद पर हुआ है।



उनकी सफलता से गांव में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों ने निशांत का मालाओं से स्वागत किया। निशांत की शुरुआती पढ़ाई निजी स्कूल से पूरी की। इसके बाद जालंधर स्थित डॉ. बीआर अंबेडकर राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में दाखिला लिया।

पटाखे फोड़ने से रोका महिला पर चला दी गोली

गाजियाबाद। दिवाली की रात पटाखे फोड़ने का विरोध पर महिला के घर में घुसकर गोली चलाने, हमला करने की घटना हुई है। आरोप है कि पटाखे जलाने से मना करने पर पड़ोसियों ने घर में घुसकर महिला पर फायरिंग की, जातिसूचक शब्द कहे व पैसे भी छीन लिए। शिकायत पर मोदीनगर थाने में नामजद एवं अन्य अज्ञात लोगों पर हत्या की कोशिश सहित एससी/एसटी एक्ट में केस दर्ज किया गया है।



बदरपुर बॉर्डर पर ऑटो पलटा, युवक की मौत

फरीदाबाद। बदरपुर बॉर्डर पर तेज रफ्तार ऑटो बेकाबू होकर सडक़ किनारे लगे लोहे के एंगल से टकराकर पलट गया। हादसे में ऑटो सवार 25 वर्षीय जावेद की मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी और 3 बच्चे घायल हो गए।पुलिस के मुताबिक जावेद दिल्ली में रंगोली बेचने का काम करता था। रविवार देर रात करीब 3 बजे वह पत्नी और बच्चों के साथ गांव लौटने के लिए बदरपुर बॉर्डर पर बस पकडऩे जा रहा था। हादसे के बाद ऑटो ड्राइवर मौके से फरार हो गया।



बाइक चोरी के मामले के आरोपी गिरफ्तार

फरीदाबाद। अपराध शाखा सिकरोना की टीम ने थाना बल्लभगढ क्षेत्र में हुई बाइक चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर चोरीशुदा बाइक बरामद की है।दरअसल बल्लभगढ में 18 सितंबर में बाइक चोरी की शिकायत दी गई थी। कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा सिकरोना की टीम ने आरोपी सहजाद को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा बाइक बरामद कर ली है।



देसी कट्टा के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

फरीदाबाद। क्राइम ब्रांच एवीटीएस सिकरोना की टीम ने एक व्यक्ति को अवैध देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान नाजिम के रूप में हुई है। क्राइम ब्रांच एवीटीएस सिकरोना की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि नाजिम सेक्टर-25 में अवैध हथियार के साथ मौजूद है। कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा की टीम ने नाजिम को सेक्टर-25 एरिया से काबू किया है। जिसके पास से एक देसी कट्टा बरामद हुआ। आरोपित के विरुद्ध थाना सेक्टर-58 में शस्त्र अधिनियम की संबंधित धारा के अंतर्गत मामला दर्ज कर जांच आरंभ की गई।



घरेलू नौकर ने घर से आभूषण व कीमती सामान चोरी किया, काबू

फरीदाबाद। सेक्टर-17 में घरेलू नौकर द्वारा घर से कीमती सामान चोरी कर फरार होने के मामले में अपराध शाखा सेक्टर-16 की टीम ने आरोपी राकेश को गिरफ्तार किया है। पुलिस उसे गांव से गिरफ्तार किया है।



गुरुदेव ने किया मां महालक्ष्मी का विशेष पूजन

श्री लक्ष्मीनारायण दिव्यधाम में 11 हजार से अधिक दीपों से जगमगाया दीपोत्सव

परम पूज्य गुरुदेव अनंतश्री विभूषित इंद्रप्रस्थ एवं हरियाणा पीठाधीश्वर श्रीमद् जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी श्री पुरुषोत्तमाचार्य जी महाराज ने वैकुंठवासी गुरु महाराज की समाधि पर श्रद्धापूर्वक नमन किया। इसके पश्चात मां महालक्ष्मी जी का विधि-विधानपूर्वक विशेष पूजन-अर्चन किया...

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

सूरजकुंड रोड स्थित श्री सिद्धदाता आश्रम में दीपावली का पर्व बड़ी ही धूमधाम, श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर श्री लक्ष्मीनारायण दिव्यधाम को आकर्षक विद्युत रोशनी से भव्य रूप से सजाया गया तथा परिसर में 11 हजार से अधिक मिट्टी के दीपक प्रज्ज्वलित किए गए। विशेष बात यह रही कि इन सभी दीपों में तिल के तेल का उपयोग किया गया, जिससे दीपोत्सव की पारंपरिक एवं आध्यआत्मिक गरिमा और भी बढ़ गई।

इस पावन अवसर पर परम पूज्य गुरुदेव अनंतश्री विभूषित इंद्रप्रस्थ एवं हरियाणा पीठाधीश्वर श्रीमद् जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी श्री पुरुषोत्तमाचार्य जी महाराज ने वैकुंठवासी गुरु महाराज की समाधि पर श्रद्धापूर्वक नमन किया। इसके पश्चात मां महालक्ष्मी जी का विधि-विधानपूर्वक विशेष पूजन-अर्चन किया तथा समस्त संसार के कल्याण और लोकमंगल के लिए प्रार्थना की। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजन में सहभागिता की। गुरुदेव ने भक्तों को प्रसाद प्रदान कर आशीर्वाद दिया।



दीपावली के पावन अवसर पर दिव्यधाम पहुंचे श्रद्धालुओं ने उत्साह के साथ दीप प्रज्ज्वलित किए तथा भगवान के समक्ष अपनी मनोकामनाएं व्यक्त करते हुए सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की।

ऊर्जा उत्सव से सराबोर रहा आश्रम

प्रकाश का वास्तविक अर्थ है कि अपने जीवन में अच्छाई का संग करें और सद्गुणों को अपनाएं। कहा कि श्री लक्ष्मीनारायण दिव्यधाम को विशेष रूप से प्रकाश से सजाने का उद्देश्य यही है कि यहां आने वाले श्रद्धालु इस दिव्य वातावरण से प्रेरणा प्राप्त करें और अपने जीवन को भी सद्विचारों, सद्कर्मों एवं सद्गुणों के प्रकाश से आलोकित करें। हजारों दीपों की स्वर्णिम आभा से आलोकित दिव्यधाम का दृश्य अत्यंत मनोहारी एवं भक्तिमय रहा। दीपों की जगमगाहट ने संपूर्ण वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा और उत्सव के उल्लास से सराबोर कर दिया। श्रद्धालुओं के लिए यह दीपोत्सव केवल रोशनी का पर्व नहीं, बल्कि श्रद्धा, आस्था और ईश्वर के प्रति समर्पण का अनुपम बन गया।

गुरुग्राम में टोल पर परिवार से मारपीट

संचालक एजेंसी पर 15 लाख रुपए का जुर्माना, अनुबंध रद्द करने की भी तैयारी

द्वारका एक्सप्रेसवे के बिजवासन टोल प्लाजा पर कार सवार परिवार के साथ टोल कर्मचारियों की मारपीट के मामले में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने कड़ा रुख अपनाया है...

- महिला के साथ भी मारपीट किए जाने का आरोप
- एनएचएआई ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर कार्रवाई की यह जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

द्वारका एक्सप्रेसवे के बिजवासन टोल प्लाजा पर कार सवार परिवार के साथ टोल कर्मचारियों की मारपीट के मामले में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने कड़ा रुख अपनाया है। मामले का संज्ञान लेते हुए एनएचएआई ने टोल संचालन करने वाली एजेंसी पर 15 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। साथ ही एजेंसी को कारण बताओ नोटिस जारी कर अनुबंध निलंबित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

पांच नवंबर की घटना का वीडियो हुआ वायरल: जानकारी के अनुसार, यह घटना 5 नवंबर को बिजवासन टोल प्लाजा पर हुई थी। विवाद की शुरुआत कार के ब्लैकलिस्टेड फास्टैग से टोल शुल्क भुगतान को लेकर हुई। कार सवार परिवार और टोल कर्मचारियों के बीच पहले कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में टोल कर्मचारी बूम बैरियर से कार सवार परिवार पर हमला करते नजर आ रहे हैं। इस घटना में महिला के साथ भी मारपीट किए जाने का आरोप है।



पुलिस ने शुरू की जांच, सीसीटीवी फुटेज खंगाले

मामले में दिल्ली के कापसहेड़ा थाना पुलिस ने भी जांच शुरू कर दी है। पुलिस टीम बिजवासन टोल प्लाजा पहुंची और वहां लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू की. वायरल वीडियो और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर टोल अधिकारियों और आरोपी कर्मचारियों से पूछताछ की जा रही है। एनएचएआई ने साफ किया है कि यात्रियों की सुरक्षा और सम्मान के साथ किसी भी तरह का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यात्रियों के साथ हिंसक व्यवहार करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी. फिलहाल पुलिस मामले से जुड़े साक्ष्य जुटा रही है।

कारण बताओ नोटिस भी जारी

एनएचएआई ने इस टोल प्लाजा पर यूजर फीस वसूली का काम संभाल रही एजेंसी मैसर्ज रिद्धि-सिद्धि एसोसिएट्स पर कर्मचारियों के गंभीर दुर्व्यवहार के लिए 15 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। एजेंसी को उसी दिन कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। प्राधिकरण ने एजेंसी का अनुबंध तत्काल निलंबित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अनुबंध की शर्तों के अनुसार एजेंसी को ब्लैकलिस्ट करने सहित कार्रवाई पर भी विचार किया जाएगा। एनएचएआई ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर कार्रवाई की जानकारी देते हुए स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर यात्रियों की सुरक्षा, सम्मान व सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

राज्य मानवाधिकार आयोग ने लिया संज्ञान

फरीदाबाद में थाने से 32 लाइसेंसी बंदूकें चोरी, 28 को किया अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

फरीदाबाद के एक थाने के मालखाने से 32 लाइसेंसी बंदूकें चोरी होने की सनसनीखेज घटना सामने आई है। हरियाणा राज्य मानवाधिकार आयोग ने घटना पर कड़ा संज्ञान लिया है। आयोग ने राज्य के डीजीपी को सभी थानों के मालखानों की सुरक्षा की समीक्षा करने का निर्देश दिया है। घटना सेक्टर-8 थाने की बताई जा रही है। थाने के मालखाने से 32 लाइसेंसी बंदूकों की चोरी का हरियाणा राज्य मानवाधिकार आयोग ने सख्त संज्ञान लेते हुए राज्य भर के पुलिस थानों के मालखानों में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करने का निर्देश दिया है।

डीजीपी को जारी किए आदेश:आयोग के सदस्य दीप भाटिया के 2 नवंबर के आदेश में हरियाणा के पुलिस महानिदेशक को हथियारों की सुरक्षा, पुलिस मालखानों तक एक्सेस की समीक्षा करने का निर्देश दिया है। यह घटना पंचकुला निवासी एक वकील की ओर से 16 जुलाई को दी एक शिकायत के जरिए आयोग के सामने लाई गई थी।



...तो बिना जुर्म के ही बढ़ सकती हैं मुश्किलें

शिकायत में कहा गया था कि 32 लाइसेंसी बंदूकों के मालिकों ने कानून का पालन करते हुए अपने हथियारों के सुरक्षित रखरखाव के लिए पुलिस के पास जमा कराए थे। हालांकि, मालखाने से बंदूकों का चोरी होना एक गंभीर विफलता को दिखाता है। चोरी के हथियारों का इस्तेमाल यदि आपराधिक गतिविधियों में होता है तो इनके मालिकों बिना जुर्म के ही कानूनी जटिलताओं का सामना करना पड़ सकता है।

कर्मचारी पर ही चोरी में शामिल होने का आरोप

पुलिस उपायुक्त द्वारा सौंपी गई रिपोर्ट के अनुसार, सेक्टर-8 थाने में ट्रेनी के तौर पर काम कर रहे एक शख्स पर हथियारों की चोरी में शामिल होने का शक जताया गया था। यह शख्स पुलिस थाने की रोजनामचा डायरी तैयार करने में सहायता करता था और मालखाने का भी काम देखता था।

दीवाली की रात की घटना

पटाखों से मेवला महाराजपुर की 12 झुग्गियां जलकर राख



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

औद्योगिक नगरी फरीदाबाद में दीवाली की रात पटाखों के कारण अलग-अलग स्थानों पर आग लग गई। मेवला महाराजपुर गांव के पास स्थित झुग्गियों में रॉकेट गिरने की वजह से आग लग गई।

स्थानीय लोग आग पर काबू करने का प्रयास करते इतने में आग ने 10 से 12 झुग्गियों को अपने चपेट में लिया। करीब 12 दमकल गाडिय़ों ने एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग बुझने तक झुग्गियों में रखा हुआ सारा सामान जलकर राख हो चुका था।

इसी तरह से गाजीपुर में कबाड़ की गोदाम में आग लग गई। आग को बुझाने के लिए पांच दमकल गाडियां मौके पर पहुंची। आग का कारण किसी जलते हुए पटाखे का आग पर गिरना बताया जा रहा है। वहीं, डबुआ चौक के समीप पार्षद भगवान सिंह के निवास के पास विनोद साइकिल के नाम से दुकान है। बीती रात इस दुकान में आग लगी। आग लगने के चलते लाखों रूपए के सामान का नुकसान हो गया। दुकान संचालक के पुत्र प्रिंस ने बताया कि दुकान में नई साईकिलें, टायर के बंडल व अन्य सामान चला है। पुलिस के अनुसार, किसी भी आग की घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। इसके अलावा सप्रिंग फील्ड कालोनी, नहर पार भूपानी सहित अन्य इलाकों में आग लगी थी।

चेहरे पर आए 7 टांके


6 साल के मासूम पर सड़क के कुत्ते ने जानलेवा हमला किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

एनआइटी एक क्षेत्र में स्ट्रीट डाग ने छह साल के बच्चें पर हमला कर दिया। बच्चे की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और डंडों से कुत्ते को पीटकर किसी तरह बच्चे को छुड़ाया।

इस दौरान कुत्ते ने बच्चे के होंठ के पास काट लिया, जिससे वह घायल हो गया। स्थानीय लोग बच्चे को तुरंत बादशाह खान नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डाक्टरों ने बच्चे के घाव पर सात टांके लगाए। उपचार के बाद बच्चे को घर भेज दिया गया।

सोनिया चौक के पास रहने वाली अनीता ने बताया कि उसका छह साल का बेटा निखिल अपने बड़े भाई के साथ सुबह करीब 10 बजे खेलने के लिए निकला था। उसका बड़ा बेटा वापस आ गया लेकिन निखिल नही लौटा। इसके बाद उसने अपनी बेटी को उसकी तलाश के लिए भेजा, लेकिन उसका कोई पता नही चला तो परिवार ने सोचा कि खेलने के बाद वापस घर लौट आएगा।



वक्फ बोर्ड से समाधान की मांग

40 दिन से धरने पर बैठे इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों को कांग्रेस का समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

मेवात इंजीनियरिंग कॉलेज में विद्यार्थियों और कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर पिछले 40 दिनों से जारी धरने को हरियाणा युवा कांग्रेस ने समर्थन दिया है। युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष निशित कटारिया मेवात में धरनास्थल पर पहुंचे और विद्यार्थियों व कर्मचारियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने मांगों को जायज बताते हुए हरियाणा वक्फ बोर्ड प्रशासन से समाधान की मांग की। निशित कटारिया ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि विद्यार्थियों कर्मचारियों को अपनी जायज मांगों के लिए 40 दिनों से धरने पर बैठना पड़ रहा है।



टिंडर ऐप से दोस्ती कर नशीला पदार्थ पिलाया

लूटने तथा झूठे दुष्कर्म के मुकदमे में फंसाने की धमकी वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

क्राइम ब्रांच टीम ने प्रभारी इंस्पेक्टर अनिल छिल्लर के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए एक अंतरराज्यीय गिरोह की दो महिला को काबू किया है।

जांच में सामने आया है कि दोनों महिला आरोपी आपस में मां-बेटी हैं और बेहद शातिर तरीके से



वारदातों को अंजाम देती थीं। आरोपी टिंडर ऐप के माध्यम से लोगों को दोस्ती एवं फ्रेंडशिप के झूठे अनुरोध भेजकर अपने संपर्क में लाती थीं। उन्हें मिलने के बहाने होटल में बुलाती और मुलाकात के दौरान पीड़ितों को नशीला पदार्थ पिलाकर उनके साथ लूटपाट कर मौके से फरार हो जाती थीं। यह भी सामने आया है कि जिनकी आर्थिक स्थिति अच्छी होती थी। ऐसे लोगों के विरुद्ध आरोपियों द्वारा थानों में झूठी दुष्कर्म की शिकायत देने की धमकी दी जाती थी।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **भोला प्रसाद उर्फ भोला पुत्र** कैलाश प्रसाद **निवासी** मकान नंबर 430, गली नंबर 11, नेहरू नगर, आनंद पर्वत, दिल्ली यहां भी नौशा, पीएस हरनौत, जिला नालंदा, बिहार ने **FIR No. 11/2012, U/S 302/201/34 IPC, पुलिस स्टेशन आनंद पर्वत, सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **भोला प्रसाद उर्फ भोला** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **भोला प्रसाद उर्फ भोला** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 11/2012, U/S 302/201/34 IPC, पुलिस स्टेशन आनंद पर्वत, सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **भोला प्रसाद उर्फ भोला** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **15.12.2026** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री संदीप गुप्ता
संयुक्त रजिस्ट्रार (न्यायिक)
उच्च न्यायालय, दिल्ली

DP/16173/CD/2026
(Court Matter)

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 CrPC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **गजराज उर्फ गजराज सिंह पुत्र** चगत्तर सिंह **निवासी** बी–459, जेजे कॉलोनी, रघुबीर नगर, टैगोर गार्डन, नई दिल्ली–27, ने **CT Case/CC NI Act: 5057/25, U/S 138 NI Act, पुलिस स्टेशन पश्चिम विहार पूर्व, बाहरी जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गजराज उर्फ गजराज सिंह** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गजराज उर्फ गजराज सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CT Case/CC NI Act: 5057/25, U/S 138 NI Act, पुलिस स्टेशन पश्चिम विहार पूर्व, बाहरी जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **गजराज उर्फ गजराज सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **15.12.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री गौरव सिंघल
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (एनआई एक्ट)–04,
पश्चिम जिला, कोर्ट नं0–04, एनेक्स–1,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/16166/OD/2026
(Court Matter)

कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 228 दिनांक. 06.11.26 धारा 127(6)BNS 2023 थाना लाखन माजरा रोहतक ।

गुमशुदा की पहचान बारे –



नाम - मुकेश
पिता/पति- पुत्र रामप्रसाद
पता - निवासी गाँव घडावठी जिला रोहतक
उम्र- 52 वर्ष
कद - 5 फुट 4 ईंच
हुलिया. - रंग सांवला, लम्बूतरा चेहरा, हष्ट-पुष्ट शरीर, सिर पर सफेद बाल
दिनांक 02.11.26 को- मुकेश पुत्र रामप्रसाद गाँव घडावठी जिला रोहतक बिना किसी को बताए घर से कहीं चला गया है। उसके कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें।

1. प्रबन्धक थाना लाखनमाजरा रोहतक- 7082999128
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247894,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना लाखनमाजरा रोहतक- 9034690690

डी.डी न. 05 दिनांक 07.11.26 धारा 194 BNSS थाना पुरानी सब्जी मंडी रोहतक ।

अदमशिनाख्त नाश की पहचान बारे



नाम - नामालूम
पिता/पति का नाम – नामालूम
पता - नामालूम।
दिनांक 07.11.26 को एक नामपता नामालूम व्यक्ति की नाश कसाई चौक जिला रोहतक में मृत अवस्था में अज्ञात कारण से मिली थी। जिसने काले रंग की शर्ट, धारीधार काले रंग की पेंट व काली बैल्ट पहने हुआ है। जिसके परिजनों का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। थाना पुरानी सब्जी मंडी रोहतक द्वारा पोस्टमार्टम करवाया जाकर शिनाख्त हेतू 72 घण्टे के लिए डैड हाऊस PGIMS रोहतक में रखवाया गया है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें।

1. प्रबन्धक थाना पुरानी सब्जी मंडी रोहतक – 7082999116
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 01262-247894, 9996464100,7082999200

पीआरडीएच-1084/11/5589/2027/50897/88/7 दि. 10.11.26

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	विद्यालय शिक्षा बोर्ड हरियाणा, भिवानी	पुनर्मूल्यांकन/पुनः चैकिंग और उनके सुधार हेतु ऑनलाइन आवेदन के लिए वेंडर्स का पैनल तैयार करना।	06.11.2026 20.11.2026	2,00,000/-	http://www.bseh.org.in	8053008826 asco@bseh.org.in


अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद–13/2027/40/50894/I/88/7 दि. 10.11.26

रेलवे ने वापस जाने का भी इंतजाम किया

छठ पूजा में 103 स्पेशल ट्रेनों से सवा 4 लाख यात्री बिहार आएंगे

एजेंसी ▶▶ मुजफ्फरपुर



छठ महापर्व पर घर आने वाले प्रवासियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे ने बिहार के शहरों तक सवा 4 लाख यात्रियों को पहुंचाने की तैयारी की है। पूर्व मध्य रेल की ओर से त्योहार स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। प्रति फेरा करीब 4 हजार यात्रियों के हिसाब से 103 फेरे में इन ट्रेनों से सवा चार लाख यात्रियों से अधिक को सफर का विकल्प मिलेगा। स्पेशल ट्रेनों का परिचालन 14 नवंबर तक जारी रहेगा। इससे दिल्ली, मुंबई, गुजरात,दक्षिण भारत से उत्तर बिहार आने वाले यात्रियों को राहत मिलेगी।

स्पेशल ट्रेनों के परिचालन से मुजफ्फरपुर, दरभंगा, समस्तीपुर, सीतामढ़ी, रक्सौल,सहरसा समेत उत्तर बिहार के स्टेशनों पर आने-जाने वाले यात्रियों को लाभ मिलेगा। अब तक स्पेशल ट्रेनों के 300 से अधिक फेरे लग चुके हैं।

आगरा एक्सप्रेसवे बस हादसे के बाद सरकार सख्त

एक्सप्रेसवे पर जाने से पहले अनिवार्य होगा स्वास्थ्य परीक्षण, नशे की हालत में वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई

टी. एन. मिश्र ▶▶ लखनऊ

अब एक्सप्रेसवे पर प्रवेश से पहले चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। साथ ही यह भी जांच होगी कि चालक ने किसी मादक पदार्थ या नशीले पदार्थ का सेवन तो नहीं किया है...

आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर सोमवार को हुए भीषण बस हादसे के बाद प्रदेश सरकार ने सड़क सुरक्षा को लेकर सख्त रुख अपनाया है। भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रदेश के सभी एक्सप्रेसवे पर वाहन चालकों की जांच अनिवार्य करने की तैयारी की गई है। अब एक्सप्रेसवे पर प्रवेश से पहले चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। साथ ही यह भी जांच होगी कि चालक ने किसी मादक पदार्थ या नशीले पदार्थ का सेवन तो नहीं किया है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने इस संबंध में अधिकारियों को पत्र भेजकर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव, परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी और उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक को पत्र भेजा है।

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने अधिकारियों को भेजा पत्र

चालकों की फिटनेस और वाहनों की गति पर रहेगी निगरानी



एक्सप्रेसवे पर निर्धारित गति सीमा का कड़ाई से पालन के निर्देश

निर्देशों के मुताबिक एक्सप्रेसवे पर जाने से पहले वाहन चालकों की शारीरिक फिटनेस की जांच की जाएगी। जांच में स्वस्थ और वाहन चलाने के लिए सक्षम पाए जाने वाले चालकों को ही आगे जाने की अनुमति मिलेगी। नशे की हालत में वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा एक्सप्रेसवे पर निर्धारित गति सीमा का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं। तेज रफ्तार और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई होगी। गौरतलब है कि एक दिन पहले आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के जीरो पॉइंट पर भीषण बस हादसा हुआ था। इस दुर्घटना में दो यात्रियों की मौत और कई लोग घायल हुए थे।

पेज एक का शेष

बेटा खोने का...

साथ अपने संबंधों और राजनीतिक मतभेदों के बारे में लिखा है। उन्होंने कहा कि दोनों के बीच मतभेद व्यक्तिगत नहीं बल्कि विचारधारा को लेकर हैं। हार्परकॉलिन्स इंडिया की ओर से प्रकाशित किताब में औपचारिक मुलाकातों और कभी-कभार होने वाली छोटी बातचीत के अलावा दोनों के बीच ज्यादा बातचीत नहीं हुई है। सोनिया के मुताबिक, दोनों नेताओं की मुलाकात ज्यादातर संसद के औपचारिक कार्यक्रमों में होती है। इनमें संसद का हर सत्र खत्म होने के बाद लोकसभा अध्यक्ष के कक्ष में होने वाली बैठक भी शामिल है। जब प्रधानमंत्री मोदी मेरे सामने आते हैं तो हम औपचारिक रूप से एक-दूसरे को नमस्ते करते हैं। पहले अलग-अलग राजनीतिक दलों के नेता आपस में अच्छे संबंध रखते थे और सहजता से मिलते थे। लेकिन अब वह मुझसे नजरें मिलाने से बचते हैं।

सोनिया गांधी ने अपनी किताब में संसद में प्रधानमंत्री मोदी के भाषणों और कांग्रेस के प्रति भाजपा के रवैये की भी आलोचना की है। उन्होंने लिखा कि संसद में बोलते समय प्रधानमंत्री मोदी कई बार उसी तरह की सख्त और अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करते हैं जैसी वह चुनावी रैलियों में करते हैं। सोनिया के मुताबिक, वह कई बार विपक्ष पर तीखे हमले करते हैं। सोनिया गांधी ने लिखा कि भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू भाजपा और उसके नेताओं के निशाने पर रहते हैं।

मेनका से रिश्तों में बढ़ी तल्खी, गांधी परिवार में पड़ गई थी दरार: सोनिया गांधी ने अपनी किताब में गांधी परिवार के भीतर रिश्तों में आई दरार की वजहों का खुलासा किया है। उन्होंने संजय गांधी की पत्नी मेनका के साथ अपने शुरुआती मधुर रिश्तों से लेकर बाद में बढ़ी तल्खी और परिवार के बिखराव तक का जिक्र किया है। सोनिया के मुताबिक, 18 साल की उम्र में मेनका परिवार की छोटी बहू बनकर आई थीं। शुरुआत में दोनों के रिश्ते अच्छे थे। प्रियंका भी अपनी चाची मेनका के पास बैठकर उनकी कहानियां सुनती थीं। हालांकि, धीरे-धीरे घर का माहौल बदलने लगा। सोनिया को बहुरानी और मेनका को छोटी बहू कहकर बुलाया जाता था। मेनका शायद इसे अपने साथ भेदभाव मानती थीं। सोनिया लिखती हैं कि मेनका के व्यवहार और संजय के साथ उनके बढ़ते विवादों से घर में तनाव रहने लगा। कई बार वह सास इंदिरा गांधी के सामने भी अपशब्दों का इस्तेमाल करती थीं। मेनका का संजय पर बढ़ता प्रभाव राजीव और संजय के रिश्तों पर भी असर डालने लगा। कभी बेहद करीब रहे दोनों भाइयों के बीच कड़वाहट बढ़ गई। आखिरकार मेनका गांधी परिवार छोड़कर अलग हो गईं।

सर्जरी के लिए गई थीं इटली: सोनिया ने अपनी किताब में खुलासा किया है कि वह दो बार कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ चुकी हैं। दूसरे यूपीए कार्यकाल के दौरान उन्हें इन स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना करना पड़ा था। 2010 में डॉक्टरों की सलाह पर उन्होंने इटली के मिलान स्थित यूरोपियन इंस्टीट्यूट ऑफ ऑन्कोलॉजी में ब्रेस्ट कैंसर की सर्जरी कराई थी। मीडिया की चर्चाओं से बचने और निजता बनाए रखने के लिए उन्होंने मुंबई के बजाय इटली में इलाज कराने का फैसला किया। इसके एक साल बाद अग्न्याशय में ट्यूमर का पता चला। इसके इलाज के लिए वह नीदरलैंड्स के रोटरडैम स्थित इरास्मस यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर पहुंचीं। जांच में ट्यूमर शुरुआती कैंसर-पूर्व अवस्था में मिला। किताब में उन्होंने 2016 में वाराणसी के रोड शो के दौरान बेहोश होने और कंधा टूटने की घटना का भी जिक्र किया है। इसके बाद उन्हें कंधे की सर्जरी करानी पड़ी थी।

नेहरू पर पीएम ...

के 'कांग्रेस मुक्त भारत' के नारे पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि इसका मकसद सिर्फ कांग्रेस पार्टी को खत्म करना नहीं बल्कि उसकी नीतियों और विचारधारा को भी मिटाना है। सोनिया ने इस विरोध की वजह प्रधानमंत्री मोदी की आरएसएस से जुड़ी वैचारिक पृष्ठभूमि को बताया है। उनके अनुसार, इसमें हिंदू धर्म की एक ऐसी व्याख्या को राजनीतिक रूप दिया गया है जो दूसरे विचारों और समुदायों को जगह नहीं देती और कठोर सोच पर आधारित है।

राहुल-प्रियंका नहीं ...

बाद पार्टी और यूपीए के सहयोगी दलों ने उन पर पद स्वीकार करने का भारी दबाव बनाया। गठबंधन के नेता उनके आवास पर करीब एक घंटे तक उन्हें मनाते रहे। दबाव में उनके मुंह से निकले ठीक है को नेताओं ने सहमति समझ लिया। प्रियंका ने यह सब देखकर राहुल को बताया। राहुल ने मां से पूछा कि क्या उन्होंने हां कर दी है। प्रियंका ने भी उन्हें अपने फैसले पर कायम रहने की सलाह दी और रोने लगीं। सोनिया ने लिखा कि उस रात वह विदेशी मूल के मुद्दे, देश में संभावित राजनीतिक तनाव और परिवार की सुरक्षा को लेकर असमंजस में रहीं। रातभर विचार करने के बाद उन्होंने पीएम पद ठुकराने का फैसला किया। अगले दिन कांग्रेस संसदीय दल की बैठक में उन्होंने मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री बनाने का समर्थन किया।

1984 के सिख ...

मार्च कराया जाता, तो कम से कम 2,000 सिखों की जान बचाई जा सकती थी। नानावती आयोग ने भी अपनी रिपोर्ट में यही बात कही है।

फूलका ने कहा कि आर्मी चीफ जनरल वैद्य ने भी इस मामले में अपना बयान दिया था। उन्होंने मिश्रा आयोग के सामने दिए गए बयान में स्पष्ट किया था कि उन्होंने खुद यह विचार किया था कि दिल्ली में सेना उपलब्ध होनी चाहिए। उन्होंने इसके लिए जीओसी दिल्ली से संपर्क किया था, जिन्होंने उन्हें बताया कि दिल्ली में 6,000 सैनिक उपलब्ध हैं। जनरल वैद्य ने मेरठ से भी सेना बुला ली थी और सेना 31 अक्टूबर की रात को ही दिल्ली पहुंच गई थी। उन्होंने अपने बयान में कहीं भी यह नहीं कहा कि राजीव गांधी या प्रधानमंत्री ने उन्हें सेना बुलाने के लिए कहा था। सोनिया गांधी अपनी किताब में यह दावा कर रही हैं कि 1 नवंबर को दिल्ली में सेना उपलब्ध नहीं थी, इसलिए उसे तैनात नहीं किया जा सका। यह दावा आधिकारिक रिकॉर्ड के बिल्कुल विपरीत है। मिश्रा आयोग ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि राजीव गांधी ने जनरल वैद्य को अलर्ट किया था। हालांकि, आर्मी चीफ की जिम्मेदारी सेना को तैयार रखने की होती है, न कि उसे तैनात करने की। सेना को बुलाने और तैनात करने की जिम्मेदारी सिविल एडमिनिस्ट्रेशन की होती है। लेकिन सिविल एडमिनिस्ट्रेशन ने सेना को न तो बुलाया और न ही तैनात किया।

48 घंटे से ज्यादा ...

करने के बदले 4,000 रुपए रिश्वत मांगने का आरोप था। इस मामले में पिछले साल सतर्कता थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी। गिरफ्तारी के बाद वह करीब 15 दिन न्यायिक हिरासत में रहा था। सुप्रीम कोर्ट ने एक जुलाई 2026 के पटना हाई कोर्ट के उस आदेश को रद कर दिया, जिसमें शिकायतकर्ता की याचिका पर सिंह की नियमित जमानत निरस्त कर दी गई थी। पीठ ने कहा कि रिश्वत की रकम जमानत रद करने का प्रासंगिक आधार नहीं थी। अदालत ने इस बात पर भी हैरानी जताई कि न्यायिक हिरासत से बाहर आने के बाद सिंह को दोबारा उसी अस्पताल में उसी पद पर तैनात कर दिया गया। पीठ ने बिहार सरकार से इस मामले पर तत्काल ध्यान देने और कानून के अनुसार आवश्यक कार्रवाई करने की उम्मीद जताई।

आदर्श आचार संहिता ...

प्रभाव का इस्तेमाल किसी दल या उम्मीदवार के पक्ष में कर सकेंगे।

आयोग ने 9 नवंबर 2026 को गोवा, मणिपुर, पंजाब, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के मुख्य सचिवों तथा मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को पत्र भेजकर पुराने निर्देशों को दोहराया है। इसमें कहा गया है कि चुनाव के दौरान सरकारी कर्मचारियों की तरह सरकार की ओर से नियुक्त या दोबारा नियुक्त सेवानिवृत्त अधिकारियों को भी राजनीतिक निष्पक्षता बनाए रखनी होगी। आयोग ने स्पष्ट किया कि रिटायर्ड अधिकारियों के आचरण को लेकर अलग नियम नहीं होने के कारण उन पर भी सरकारी सेवकों जैसे प्रतिबंध लागू होंगे। इसके अलावा, सरकारी वित्तपोषित संस्थाओं, समितियों, निगमों और आयोगों पर भी आदर्श आचार संहिता के प्रावधान लागू होंगे। इन संस्थाओं के कर्मचारियों को भी चुनाव के दौरान नियमों का पालन करना होगा।

आतंकी पन्नू के ...

जारी किए गए समन को लेकर मंगलवार को भारत ने बेहद सख्त अंदाज में प्रतिक्रिया दी है। यहां राजधानी में हुई मीडिया ब्रीफिंग में इस विषय पर पूछे गए प्रश्न के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने स्पष्ट किया कि अमेरिका में किए गए मुकदमे निराधार हैं, जिन्हें भारत पूरी तरह से अस्वीकार करता है। साथ ही हम अपने वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ किए गए मनगढ़ंत और दुर्भावनापूर्ण हमलों को भी सिरे से खारिज करते हैं। हमारे देश में न्यायिक दस्तावेजों की तामील कराने का आग्रह सिर्फ और सिर्फ भारत द्वारा नामित केंद्रीय प्राधिकरण यानी कानून एवं न्याय मंत्रालय के मार्फत ही संभव है।

पहले भी पन्नू कई बार कर चुका प्रयास: यह पहली बार नहीं है। जब आतंकवादी पन्नू ने अपनी कथित हत्या की साजिश रचने के मामले को लेकर अंतरराष्ट्रीय हेग सर्विस कन्वेंशन का सहारा लेते हुए उक्त नोटिस भेजने की कोशिश की थी। उसका ये प्रयास पूरी तरह से असफल साबित हुआ। क्योंकि भारतीय केंद्रीय प्राधिकरण ने उसके प्रयासों को नकार दिया। यही वो समय था जब पन्नू ने अमेरिकी अदालतों की ओर रुख किया और उनकी मदद से मामले में भारत की अदालतों को शामिल कर उनके द्वारा नोटिस भेजने की अनुमति मांगी। जो उस वक्त नहीं मिली, प्रयास पूरी तरह से असफल साबित हुआ। लेकिन अब अमेरिकी जिला न्यायाधीश कैथरीन फैला ने हेग कन्वेंशन की धारा-19 के तहत ही नोटिस भेजने की अनुमति प्रदान की है।

भारतीय दूतावास को ...

लेकिन अब उसे नोटिस भेजने की प्रक्रिया पूरी कराने के लिए 30 नवंबर तक महत्वपूर्ण दस्तावेज अदालत के समक्ष जमा कराने होंगे। वहीं, इन सबके बीच अमेरिका के विदेश विभाग ने बीते सोमवार को वाशिंगटन डीसी में भारतीय दूतावास को एक राजनयिक नोट भेजने की पुष्टि की है। जिस पर 30 सितंबर की तारीख दर्ज है। अमेरिकी पक्ष हालांकि इस तथ्य की भी पुष्टि कर चुका है कि नोट भेजने का यह अर्थ कतई नहीं है कि अदालत में जारी मुकद्दमे का वह किसी भी प्रकार से पक्ष ले रहा है या उसके समर्थन में खड़ा है।

2019 में गृह ...

पाबंदी लगा दी थी। बताते चलें कि ये मामला उस वक्त सबसे ज्यादा मीडिया की सुर्खियों में आया। जब 2023 में प्राग से भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता को गिरफ्तार कर मामले की आगे की जांच के लिए अमेरिका को सौंप दिया गया। मौजूदा साल की शुरुआत में गुप्ता ने पन्नू की हत्या की साजिश संबंधी आरोपों में से कुछ को स्वीकार भी कर लिया है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ...

सके। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने यह निर्देश दिया। पीठ में न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना भी शामिल हैं। अदालत ने स्पष्ट किया कि डिजिटल प्लेटफॉर्मों को केवल अपने स्तर पर कार्रवाई करने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए राष्ट्रीय स्तर पर काम कर रही एजेंसियों के साथ भी अपने प्रस्ताव साझा करने चाहिए। यह मामला सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्वतः संज्ञान लेकर शुरू की गई सुनवाई से जुड़ा है।

व्हाट्सऐप पर संदिग्ध अकाउंट की पहचान के लिए सॉफ्टवेयर तैयार कर रहा प्लेटफॉर्म: व्हाट्सऐप की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने अदालत को बताया कि प्लेटफॉर्म ने डिजिटल अरेस्ट और साइबर ठगी रोकने के लिए एहतियाती कदम उठाए हैं। इसके तहत करीब 9,400 अकाउंट के खिलाफ कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि कंपनी इन उपायों और अब तक की गई कार्रवाई का विस्तृत ब्योरा हलफनामे के माध्यम से अदालत में पेश करेगी। सिब्बल ने अदालत को यह भी बताया कि व्हाट्सऐप एक ऐसे सॉफ्टवेयर पर काम कर रहा है, जो संदिग्ध अकाउंट की पहचान कर सकेगा और संभावित धोखाधड़ी को लेकर उपयोगकर्ताओं को पहले ही चेतावनी दे सकेगा। सुप्रीम कोर्ट ने प्लेटफॉर्म से इन उपायों का विस्तृत प्रस्ताव मांगा है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि संदिग्ध मोबाइल नंबरों, फर्जी पहचान, धोखाधड़ी के लिए बनाए गए अकाउंट और डिजिटल माध्यमों के दुरुपयोग को रोकने के लिए भविष्य में किस तरह की व्यवस्था लागू की जाएगी।

बैंक भी होंगे जवाबदेह, लापरवाही पर पीड़ित को देनी पड़ सकती है पूरी रकम: सुप्रीम कोर्ट ने 29 अक्टूबर को हुई सुनवाई के दौरान डिजिटल अरेस्ट और साइबर वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों में बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों की जवाबदेही तय करने पर विशेष जोर दिया था। अदालत ने कहा था कि यदि जांच में यह स्थापित होता है कि किसी बैंक या वित्तीय संस्थान ने आवश्यक सतर्कता और सावधानी नहीं बरती तथा उसकी लापरवाही के कारण ग्राहक के साथ साइबर धोखाधड़ी हुई, तो उसे पीड़ित को हुए नुकसान की भरपाई करनी चाहिए। अदालत ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को निर्देशित किया कि उसके प्रस्तावित केवाईसी संशोधन दिशानिर्देशों में ऐसे प्रावधान शामिल किए जाएं, जिनके तहत वित्तीय संस्थानों को पीड़ितों को क्षतिपूर्ति देनी अनिवार्य हो। पीठ ने कहा कि ऐसी स्थिति में मुआवजे की राशि ग्राहक द्वारा गंवाई गई रकम से कम नहीं होनी चाहिए। अदालत ने यह भी कहा कि बैंकों को ग्राहकों के खातों में होने वाले सामान्य लेनदेन के पैटर्न पर नजर रखनी चाहिए। यदि किसी खाते से अचानक असामान्य या संदिग्ध तरीके से बड़ी रकम ट्रांसफर करने का प्रयास होता है, जो ग्राहक के पुराने लेनदेन के व्यवहार से मेल नहीं खाता, तो बैंक को तत्काल हस्तक्षेप करना चाहिए।

संदिग्ध लेनदेन पर अस्थायी रोक लगाने और पुलिस को सूचना देने का सुझाव: सुप्रीम कोर्ट ने वित्तीय संस्थानों के लिए कई एहतियाती उपायों पर भी जोर दिया। इनमें संदिग्ध और असामान्य लेनदेन को अस्थायी रूप से रोकना, ऐसे लेनदेन की जानकारी स्वतः नजदीकी पुलिस थाने को देना और उसके बाद संबंधित ग्राहक से भौतिक सत्यापन कर लेनदेन की वास्तविकता की पुष्टि करना शामिल है। पीठ का मानना है कि बैंकों के पास प्रत्येक ग्राहक के पुराने लेनदेन का रिकॉर्ड उपलब्ध रहता है। ऐसे में यदि किसी व्यक्ति के खाते से अचानक उसकी सामान्य गतिविधियों से बिल्कुल अलग बड़ी रकम निकालने या ट्रांसफर करने का प्रयास किया जाता है, तो बैंक इसे संभावित धोखाधड़ी के संकेत के रूप में देख सकते हैं। अदालत ने आरबीआई को अगली सुनवाई पर सभी अधिकृत वित्तीय संस्थानों की सूची भी पेश करने का निर्देश दिया है, ताकि इन संस्थानों के लिए प्रस्तावित सुरक्षा उपायों के प्रभावी क्रियान्वयन की निगरानी की जा सके। अदालत के 29 अक्टूबर के आदेश के अनुसार, आरबीआई के प्रस्तावित संशोधित दिशानिर्देशों को 30 नवंबर तक अधिसूचित किए जाने और 31 दिसंबर तक लागू किए जाने की योजना है।

सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से मांगी गई साइबर ठगी की रिपोर्ट: सुप्रीम कोर्ट ने डिजिटल अरेस्ट के मामलों की जांच और कार्रवाई को लेकर सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की कानून प्रवर्तन एजेंसियों को भी निर्देश दिए हैं। अदालत ने उनसे अब तक दर्ज एफआईआर, उनमें की गई जांच और आगे की कार्रवाई का विस्तृत ब्योरा मांगा है। पीठ ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की पुलिस एजेंसियों को डिजिटल अरेस्ट से जुड़े मामलों की रोकथाम, अपराधियों की पहचान, जांच और अभियोजन को लेकर प्रभावी सुझाव देने को भी कहा है। सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के पुलिस महानिदेशकों (डीजीपी) को इन निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गई है। अदालत ने यह भी निर्देश दिया है कि पुलिस एजेंसियों की ओर से सुप्रीम कोर्ट को उपलब्ध कराई जाने वाली जानकारी भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) को भी भेजी जाए। इससे देशभर में दर्ज मामलों, अपराध के तरीकों और साइबर अपराधियों के नेटवर्क से संबंधित सूचनाओं को एकीकृत करने में मदद मिल सकती है।

क्या है डिजिटल अरेस्ट और कैसे फंसते हैं लोग?: डिजिटल अरेस्ट साइबर ठगी का ऐसा तरीका है, जिसमें अपराधी खुद को पुलिस अधिकारी, सीबीआई, प्रवर्तन निदेशालय, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो या अन्य सरकारी जांच एजेंसी का अधिकारी बताकर लोगों को डराते हैं। कई मामलों में ठग वीडियो कॉल के जरिए पुलिस स्टेशन या जांच एजेंसी के कार्यालय जैसा माहौल तैयार करते हैं और फर्जी पहचान पत्र, गिरफ्तारी वारंट तथा अदालत के आदेश दिखाकर लोगों को विश्वास में लेने की कोशिश करते हैं। इसके बाद पीड़ित को बताया जाता है कि उसका नाम किसी गंभीर आपराधिक मामले, मनी लॉन्ड्रिंग, ड्रग्स तस्करी या अवैध वित्तीय लेनदेन में सामने आया है। गिरफ्तारी की धमकी देकर उसे लगातार वीडियो कॉल पर रहने के लिए मजबूर किया जाता है। कई बार परिवार के सदस्यों से संपर्क करने और किसी को जानकारी देने पर भी रोक लगाई जाती है। ठग जांच के नाम पर बैंक खाते की जानकारी मांगते हैं और तथाकथित सत्यापन या सुरक्षा राशि के रूप में बड़ी रकम ट्रांसफर करवाते हैं। जबकि कानून में डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई प्रक्रिया नहीं है। कोई भी वास्तविक पुलिस या जांच एजेंसी वीडियो कॉल पर किसी व्यक्ति को गिरफ्तार करके उससे जांच के नाम पर निजी खाते में पैसे जमा कराने के लिए नहीं कहती।

23 नवंबर को होगी अगली सुनवाई: सुप्रीम कोर्ट ने इस महत्वपूर्ण मामले को आगे की सुनवाई के लिए 23 नवंबर को सूचीबद्ध किया है। अगली सुनवाई में व्हाट्सऐप और अन्य डिजिटल मध्यस्थों के प्रस्ताव, आरबीआई की ओर से प्रस्तावित सुरक्षा व्यवस्था, अधिकृत वित्तीय संस्थानों की सूची और राज्यों की पुलिस एजेंसियों की रिपोर्ट पर विचार किया जा सकता है। अदालत की इस पहल का व्यापक उद्देश्य डिजिटल अरेस्ट के जरिए होने वाली ठगी पर अंकुश लगाने के साथ-साथ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, बैंकों, वित्तीय संस्थानों और जांच एजेंसियों की जिम्मेदारी निर्धारित करना है। इससे साइबर अपराध के शिकार लोगों को समय पर राहत देने और ठगी की रकम वापस दिलाने के लिए अधिक प्रभावी व्यवस्था विकसित करने का रास्ता खुल सकता है।

राहुल ने दी थी ...

कि उन्होंने हमें नक्सली कहा है। राहुल ने चुनौती दी कि कोई भी उनसे कहीं भी बहस कर सकता है कि देशद्रोही कौन है और विदेशी ताकतों के इशारे पर कौन काम कर रहा है। इसी बयान के जवाब में अब रिजिजू ने राहुल गांधी पर निशाना साधा है।

CHIEF ELECTORAL OFFICER, HARYANA

एक और अवसर
हरियाणा SIR 2026

क्या प्रारूप मतदाता सूची में आपका नाम नहीं है?

अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत या दोहराव (ASDD) चिह्नित मतदाता भी अपना नाम अंतिम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं।

सहायता चाहिए?
वोटर हेल्पलाइन 1950 ECINET ऐप पर "Book a call with BLO"
वेबसाइट ceoharyana.gov.in फेसबुक /ceoharyana
इंस्टाग्राम /ceo.haryana X @ceoharyana यूटयूब @ceo.haryana

भारत निर्वाचन आयोग के पत्र सं. 23/INST/2025&ERS दिनांक 06.11.2026 के अनुसार

1 सूची देखें
कारण सहित ASDD सूचियां मतदान केंद्र, पंचायत भवन, शहरी निकाय व बीडीओ कार्यालय तथा CEO हरियाणा की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

2 फॉर्म प्राप्त करें
बीएलओ घर आकर या व्हाट्सऐप (एसएमएस) ई-मेल से फॉर्म देंगे या पुराने EPIC नम्बर से voters.eci.gov.in / ECINET ऐप पर डाउनलोड करें।

3 ERO / AERO / बीएलओ को जमा करें

उसी पते पर रहते हैं
गणना प्रपत्र + अनुलग्नक-B
देरी का कारण बताएं। स्वयं, परिवार द्वारा या ECINET पर ई-साइन से ऑनलाइन जमा करें।

हरियाणा में ही पता बदला
गणना प्रपत्र + अनुलग्नक-C + पते का प्रमाण
फॉर्म-8 जरूरी नहीं। नए विधानसभा क्षेत्र के ERO / AERO को जमा करें।

फॉर्म-6 पहले ही भरा है
दोबारा आवेदन जरूरी नहीं
SIR के दौरान जमा फॉर्म-6 पर ही कार्यवाही होगी।

✓ फॉर्म स्वीकार होने पर वही पुराना EPIC नम्बर दोबारा मिलेगा।

बेघर हैं? बीएलओ की सत्यापन रिपोर्ट को ही पते का प्रमाण माना जाएगा।



सिक्योरिटी थ्रेट भी नहीं रोक पाया बिग बी का संडे ट्रेडिशन

मुंबई। सिक्योरिटी थ्रेट और खराब सेहत से जुड़ी खबरों के बीच बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने अपना वर्षों पुराना संडे ट्रेडिशन जारी रखा। रविवार शाम अभिनेता अपने जुहू स्थित बंगले 'जलसा' के बाहर पहुंचे और वहां मौजूद प्रशंसकों से मुलाकात कर उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दीं। हर रविवार की तरह इस बार भी शाम करीब 5:30 बजे अमिताभ बच्चन अपने घर से बाहर निकले। हालांकि, इस बार उनके बाहर आने का अंदाज पिछले सप्ताह से अलग रहा। पिछले रविवार जहां बिग बी सुरक्षा कारणों से बुलेटप्रूफ फ्रेम के पीछे नजर आए थे, वहीं इस बार वह बिना किसी बुलेटप्रूफ फ्रेम के प्रशंसकों के सामने आए।

लाइफ Style

अनीत

अहान के परिवार के साथ मनाई दिवाली

'सैयारा' एक्ट्रेस अनीत पड्डा ने इस बार अपने को-एक्टर अहान पांडे के परिवार के साथ दिवाली मनाई। अहान की मां डीन पांडे ने इस सेलिब्रेशन की झलक साझा की है, जिसमें उनके साथ अनीत पड्डा भी नजर आ रही हैं। 'सैयारा' से अपना डेब्यू करने वाले अहान पांडे अपनी प्रोफेशनल लाइफ के साथ-साथ निजी जिंदगी को लेकर भी सुर्खियों में हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्म की रिलीज के बाद से ही अहान अपनी को-स्टार अनीत पड्डा के साथ अपनी खास बॉन्डिंग को लेकर सुर्खियों में रहते हैं। पिछले दिनों अनीत ने अहान पांडे और उनके परिवार के साथ अपना जन्मदिन मनाया था और अब दिवाली भी उन्होंने पांडे फैमिली के साथ ही सेलिब्रेट की। अहान पांडे की मां डीन पांडे ने सोशल मीडिया पर दिवाली सेलिब्रेशन की झलक साझा की है, जिसमें उनके साथ अनीत पड्डा भी नजर आ रही हैं। ये तस्वीर अब सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोर रही है। अनीत पड्डा अक्सर अहान पांडे के परिवार के साथ नजर आती रहती हैं और अब दिवाली सेलिब्रेशन के दौरान भी वह पांडे परिवार के साथ नजर आईं। डीन पांडे ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर दिवाली सेलिब्रेशन की झलकियां साझा की हैं, जिसमें उनके साथ अनीत भी पोज देती दिखीं। एक सेल्फी में जहां अनीत सिर पर दुपट्टा ओढ़े मुस्कुराती नजर आ रही हैं, जबकि डीन ने पाउट बना रखा है। वहीं एक अन्य तस्वीर में गुलाबी रंग का सूट पहने अनीत, डीन और अन्य महिलाओं के साथ पोज देती नजर आ रही हैं। पिछले दिनों अनीत पड्डा अहान की बहन अलाना पांडे के बेबी शावर में भी शामिल हुई थीं, जहां पांडे परिवार के सदस्यों के साथ उनकी जबरदस्त बॉन्डिंग देखने को मिली।




हॉलीवुड मसाला



जेम्स बॉन्ड के लिए एक्टर्स का


स्क्रीन टेस्ट

नई दिल्ली। जेम्स बॉन्ड की अगली कड़ी में डेनियल क्रेग की जगह लेने के लिए 5 हॉलीवुड एक्टर्स ने स्क्रीन टेस्ट दिया है। उनमें रॉबर्ट पैटिनसन, निकोलस हॉल्ट), जैक लोडेन, जोश ऑ कॉर्नर और कैलम टर्नर का नाम शामिल हैं। निर्माताओं की मानें तो जेम्स बॉन्ड के किरदार के लिए इन्हीं पांच अभिनेताओं में से एक को चुना जा सकता है। 007 को पसंद करने वाले कई इंडियन फैंस का ये भी मानना है कि जेम्स बॉन्ड फ्रेंचाइजी फिल्म के निर्देशक डेनिस विलेन्यूवे ऋतिक रोशन को भी एमआई6 एजेंट बनाने पर विचार कर सकते हैं।



विदेश में भी नही भूलीं भारतीय संस्कृति...

नई दिल्ली। प्रियंका चोपड़ा ने भी बाकी सेलेब्स की तरह ही दिवाली मनाई। पति निक जोनस और बेटी मालती के साथ एक्ट्रेस ने दिवाली की ढेर सारी फोटोज शेयर की हैं। विदेश में भी वो अपनी भारतीय संस्कृति को नहीं भूली हैं। प्रियंका चोपड़ा ने हाल ही में लॉस एंजिल्स स्थित अपने घर पर आयोजित एक पार्टी की तस्वीरें शेयर करते हुए अपने फैंस को दिवाली की शुभकामनाएं दी हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस अपने पति निक जोनस और अपनी बेटी मालती मैरी चोपड़ा जोनस के साथ नजर आ रही हैं। उन्होंने बरगंडी और सुनहरे रंग का स्ट्रैपलेस गाउन पहना था, जिस पर जरदोजी, मोतियों का काम और सुनहरे धागों की कढ़ाई की गई थी।



सोनू के बेटे निवान ने किया म्यूजिक डेब्यू

मुंबई। सोनू निगम के बेटे निवान भी अब म्यूजिक इंडस्ट्री में अपने कदम जमाने की तैयारी में जुट गए हैं और ये गुड न्यूज खुद सोनू निगम ने शेयर की है। उन्होंने एक पोस्ट शेयर करते हुए बताया कि उनके 19 साल के बेटे ने 'स्लाइड' के जरिए म्यूजिक डेब्यू किया है। दिवाली पर सोनू निगम ने एक पोस्ट शेयर करते हुए अपने फैंस के साथ एक गुड न्यूज शेयर की है। सोनू निगम ने अपने हालिया पोस्ट में बताया है कि उनके 19 साल के बेटे निवान ने उनकी पहली शॉर्ट फिल्म 'स्लाइड' के जरिए म्यूजिक की दुनिया में कदम रख दिए हैं। इस फिल्म में निवान ने म्यूजिक दिया है, जिसे लेकर सिंगर बेहद खुश हैं। सोनू निगम ने अपनी पत्नी मधुरिमा निगम के साथ एक जॉइंट पोस्ट शेयर करते हुए ये खुशखबरी शेयर की और निवान में पिछले कुछ सालों में आए बदलावों के बारे में भी बताया।



वर्ल्डवाइड 5 दिन में कमाए 663.90 करोड़ ...

नई दिल्ली। रणबीर कपूर की 'रामायणः पार्ट 1' ने बॉक्स ऑफिस पर एक और बड़ा मुकाम हासिल कर लिया है। रिलीज के पांच दिनों के भीतर ही इसका वर्ल्डवाइड कलेक्शन लगभग 663.90 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। नितेश तिवारी के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने दिवाली के बाद भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा है। इसने किसी भारतीय फिल्म द्वारा पहले सोमवार को की गई सबसे बड़ी कमाई का नया रिकॉर्ड बनाया है और रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर 2' की सोमवार की कमाई को भी पीछे छोड़ दिया है। ओपनिंग वीकेंड पर शानदार शुरुआत के बाद फिल्म की कमाई सोमवार को कम होने के बजाय और बढ़ गई है। 'रामायण' ने सिनेमाघरों में अपने पांचवें दिन 23,911 शोज के जरिए 107.50 करोड़ रुपए (नेट) की कमाई की।

टीवी मसाला



कॉफी विद करण 9 में सिद्धार्थ कियारा ने खोले कई राज

नई दिल्ली। बॉलीवुड के पावर कपल सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी एक बार फिर चर्चा में आ गए हैं। वजह है करण जौहर का पॉपुलर चैट शो 'कॉफी विद करण सीजन 9', जहां दोनों अगले एपिसोड में एक साथ दिखने वाले हैं। शादी के बंधन में बंधने और अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी के अनाउंसमेंट के बाद यह इस जोड़ी का पहला ऑन-स्क्रीन टीवी अपीयरेंस है। सामने आए वीडियो में प्रेग्नेंट कियारा आडवाणी बेहद खूबसूरत लग रही हैं। सिद्धार्थ और कियारा ने पहली बार किसी टॉक शो में बतौर पेरेंट्स-टू-बी एक साथ खुलकर अपने दिल की बात रखी है। सबसे पहले कियारा आडवाणी बताती दिखीं कि उनकी शादी में करण जौहर ने किस गाने में डांस किया था। वो बताती हैं कि शाहिद ने सोचा कि तुम्हे कंपनी देंगे और तुमने उसे धक्का मार कर वहां से हटा दिया। जिसके बाद करण जौहर अपना चेहरा छिपाते हुए दिखे। रोल प्ले को लेकर सिद्धार्थ ने कहा कि हम अपना काम घर पर नहीं लाते हैं। खासकर बेडरूम में तो बिल्कुल भी नहीं लाते। प्रोमो की शुरुआत से ही कियारा का स्टनिंग लुक और उनका ग्रेसफुल अंदाज लोगों का ध्यान खींच रहा है। प्रेग्नेंसी के फेज में कियारा का यह ग्लैमरस अवतार फैंस को बहुत पसंद आ रहा है। शो के दौरान दोनों ने अपनी शादी की कुछ अनसुनी यादें ताजा कीं। और एक-दूसरे के छोटे-छोटे सीक्रेट्स सबके सामने रखे। सोशल मीडिया पर यह प्रोमो आते ही ट्रेंड करने लगा है। और दर्शक इस पूरे एपिसोड के टेलीकास्ट होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

कप्तानी टास्क के दौरान हाथापाई!

नई दिल्ली। भारतीय टेलीविजन के सबसे चर्चित और विवादित रियलिटी शो 'बिग बॉस 20' के घर में हर गुजरते दिन के साथ हंगामा बढ़ता ही जा रहा है। कप्तानी टास्क के दौरान घर के दो मजबूत कंटेस्टेंट्स स्काउट और यंग डीएसए के बीच तीखी बहस के बाद हाथापाई और धक्का-मुक्की होने की खबरें लगातार सामने आ रही हैं। जानकारी के मुताबिक, कप्तानी टास्क के दूसरे राउंड में उदिति रोबोट चेयर पर बैठी थीं। टीम-ए का मकसद उदिति को रुलाना था। उदिति को इमोशनल करने के लिए स्काउट ने उनकी पारिवारिक तस्वीर के कोने को हल्का सा जला दिया। इस टास्क के दौरान गुल्लू और यंग लगातार स्काउट के परफॉर्मेंस के बीच में आ रहे थे और कमेंट्स कर रहे थे।. स्काउट ने दोनों को बार-बार दूर रहने की चेतावनी दी, लेकिन यंग ने कमेंट करना बंद नहीं किया।




भाई-बहन के प्यार का खूबसूरत गीत, 41 साल पहले बेबी लता ने गाया था 'भैया दूज सुहानी'

नई दिल्ली। दिवाली का त्योहार खत्म होने के बाद अब भाई-बहन के प्रेम और विश्वास का प्रतीक भैया दूज मनाया जाएगा। इस खास दिन पर बहनें अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र और खुशहाली की कामना करती हैं। भाई-बहन के इसी खूबसूरत रिश्ते को भारतीय सिनेमा ने भी कई गीतों के जरिए पर्दे पर उतारा है। ऐसा ही एक सदाबहार गाना है, जो आज से 41 साल पहले रिलीज हुआ था और आज भी भैया दूज के मौके पर याद किया जाता है।

1983 में आई थी फिल्म नवरात्रि

भैया दूज के महत्व और भाई-बहन के प्रेम को दर्शाने वाला यह गाना साल 1983 में आई फिल्म नवरात्रि का है। 'भैया दूज सुहानी' बोल वाले इस गीत में त्योहार की परंपराओं और उससे जुड़ी भावनाओं को खूबसूरती से पिरोया गया है। इस गाने को अपनी सुरीली आवाज देने वाली गायिका हेमलता हैं। दिलचस्प बात यह है कि हेमलता को हिंदी सिनेमा में 'बेबी लता' के नाम से भी पहचाना जाता है। दरअसल, उनकी आवाज में स्वर कोकिला लता मंगेशकर जैसी समानता महसूस की जाती थी। यही वजह रही कि कई लोग उनकी गायिकी को लता जी की आवाज से जोड़कर देखते थे। फिल्म 'नवरात्रि' का यह गीत भी हेमलता की मधुर आवाज की वजह से श्रोताओं के दिलों में अपनी जगह बनाने में कामयाब रहा।



रवींद्र ने लिखे थे खूबसूरत बोल : इस सदाबहार गीत को यादगार बनाने में संगीतकार और गीतकार रवींद्र जैन की भी अहम भूमिका रही। उन्होंने ही 'भैया दूज सुहानी' के बोल लिखने के साथ इसकी धुन भी तैयार की थी। हेमलता की आवाज और रवींद्र जैन के संगीत का यह मेल गीत को एक अलग पहचान देता है। रिलीज के 43 साल बाद भी यह गाना भाई-बहन के रिश्ते की मिठास और भैया दूज की परंपरा को याद दिलाता है।

लोकधुन और त्योहार की परंपरा का सुंदर मेल

'भैया दूज सुहानी' की खासियत सिर्फ इसके बोल या गायिकी तक सीमित नहीं है। इस गीत में भैया दूज से जुड़ी धार्मिक मान्यताओं, पारंपरिक रीति-रिवाजों और लोकसंगीत की झलक भी देखने-सुनने को मिलती है। इसकी धुन और शब्द त्योहार के पारंपरिक रंग को जीवंत कर देते हैं। यही कारण है कि इसे महज एक फिल्मी गाना नहीं, बल्कि भैया दूज की भावना से जुड़ा पारंपरिक गीत भी माना जाता है।

कपूर फैमिली की दिवाली पार्टी में कफ्तान पहनकर पहुंचीं बेबो

नई दिल्ली। सोनी राजदान ने हाल ही में कपूर फैमिली की दिवाली पार्टी की झलक शेयर की, जिसमें पूरा परिवार साथ-साथ दिवाली सेलिब्रेट करता दिखा। लेकिन, हर किसी की निगाहें करीना कपूर के लुक पर ठहर गईं, जो दिवाली पार्टी पर एक नया ही अवतार फ्लॉन्ट करती दिखीं। दिवाली पर बॉलीवुड सेलेब्स के एक से बढ़कर एक लुक देखने को मिले। आलिया भट्ट ने जहां पिस्ता ग्रीन लहंगे में सुर्खियां बटोरीं तो वहीं श्रद्धा कपूर ने बटरी येलो अनारकली सूट में अपनी सादगी से सबके दिल जीत लिए। अब करीना कपूर ने भी अपने दिवाली लुक की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कीं और अपने अलग अंदाज से हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। करीना कपूर खान पिछली रात कपूर खानदान की दिवाली पार्टी में शामिल हुईं, जहां पूरा परिवार साथ-साथ मौजूद था। इस दिवाली पार्टी के लिए करीना ने साड़ी, लहंगा या सूट नहीं, कफ्तान पहना था और अपने लुक को उन्होंने पगड़ी से कम्प्लीट किया, लेकिन सबकी नजरें पगड़ी पर लगे कलगी पर टिक गईं। करीना कपूर अपने परिवार के दिवाली सेलिब्रेशन में बेहद खास अंदाज में पहुंचीं। उनका ये फेस्टिव लुक रिया कपूर ने तैयार किया था। करीना ने ट्रेडिशनल आउटफिट की जगह कुछ अलग चुना और पुनीत बलाना का बेज कलर का कफ्तान पहना, जिस पर चांदी के धागों से बेहद खूबसूरत जाल नुमा कढ़ाई की गई थी। करीना ने इसके साथ मैचिंग पगड़ी पहनी थी, जिस पर चमचमाती कलगी लगी थी। 'डाइट सब्या' के अनुसार, पटौदी खानदान में इस कलगी का बेहद खास महत्व है, ये सीधे तौर पर सैफ अली खान के परिवार की विरासत से जुड़ी है। अभिनेता ने ये कलगी अपनी शादी में भी पहनी थी। करीना ने अपने लुक को गोल्ड चोकर, पन्ने वाले पेंडेंड नेकलेस और स्टेटमेंट जूलरी के साथ पूरा किया। जैसे ही करीना कपूर खान ने अपना ये लुक सोशल मीडिया पर शेयर किया।



मशहूर तुर्की ड्रामा 4 एपिसोड के साथ आ रहा है वापस

ओटीटी पर रिलीज होंगी ये फिल्में-सीरीज, लगेगा मनोरंजन का मेला

नई दिल्ली। दिवाली के बाद अब ओटीटी पर धमाका होने वाला है। त्यौहार के सीजन के बाद बिल्कुल भी बोरियत नहीं होगी, क्योंकि इस हफ्ते घर बैठे आप कई फिल्मों और शोज का आनंद ले सकते हैं।

पारिवारिक मनोरंजन

पंकज त्रिपाठी और अदिती राव हैदरी स्टारर पारिवारिक मनोरंजन इस हफ्ते ओटीटी पर दस्तक देगी। यह फिल्म 13 नवंबर को सोनी लिव पर रिलीज होगी।

बांद्रा

एक उभरता हुआ फिल्म निर्माता 1990 के दशक की बॉलीवुड स्टार तारा जानकी (तमन्ना भाटिया) की संदिग्ध मौत की जांच करता है। फ्लैशबैक के जरिए हमें पता चलता है कि वह अंडरवर्ल्ड से जुड़े एक क्रूर प्रोड्यूसर के चंगुल से बचकर केरल भाग गई थी, जहां उसने आला (दिलीप) नाम के एक प्रभावशाली व्यवसायी के यहां शरण ली थी। यह फिल्म 13 नवंबर को जी5 पर स्ट्रीम होगी।



इथोस सीजन 2

मशहूर तुर्की ड्रामा 4 एपिसोड के साथ वापस आ रहा है, जो पहले सीजन की घटनाओं के छह साल बाद की कहानी दिखाते हैं। यह अलग-अलग पृष्ठभूमि वाले उन लोगों के इर्द-गिर्द घूमता है, जिनकी राहें अनजाने में एक-दूसरे से टकराती हैं और जिनकी कहानियां एक थेरेपी रूम में आकर मिलती हैं। यह सीजन 12 नवंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगा।

द एंप्रेस सीजन 3

लोकप्रिय हिस्टोरिकल ड्रामा द इंप्रेस का तीसरा सीजन 12 नवंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगा। इस सीजन में टोटल 6 एपिसोड होंगे।

जेलर 2 : रजनीकांत की जेलर 2 थिएटर के बाद अब ओटीटी पर रिलीज होने के लिए तैयार है। कहानी केरल में छिपे बैठे रिटायर्ड जेलर 'टाइगर' मुथुवेल पांडियन को तब बाहर आना पड़ता है, जब मूर्तियों की तस्करी करने वाला एक बेरहम गिरोह उसके पीछे पड़ जाता है। अपने परिवार को बचाने के लिए, वह इस गिरोह के कामकाज को निशाना बनाता है और गोवा के ताकतवर 'कल्पक' क्राइम परिवार का सामना करने के लिए अपने पुराने साथियों के साथ हाथ मिला लेता है। फिल्म 12 नवंबर को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

द रिंग्स ऑफ पावर सीजन 3

एरेगियन के पतन के पांच साल बाद, मिडिल-अर्थ युद्ध की चपेट में है, क्योंकि सौरॉन की सेनाएं लगातार आगे बढ़ रही हैं। खजाद-डूम, लिंडन और रिवेंडेल अपने तीन रिंग्स की सुरक्षा में हैं और ये उन कुछ गढ़ों में से हैं जो डार्क लॉर्ड और उसकी पूरी तरह से जीत के बीच अभी भी डटे हुए हैं। सीजन 3 प्राइम वीडियो पर 11 नवंबर को रिलीज होगा।

ब्लाइंड गेम

जब एक दोस्त की नाकाम डकैती और एक आत्महत्या कई परेशान करने वाले सवाल खड़े कर देते हैं, तो सस्पेंड हो चुके ऑफिसर सिकंदर सिंह खुद को लालच और धोखे के एक खतरनाक जाल में फंसा हुआ पाते हैं। मनाली में सेट यह सस्पेंस थ्रिलर सिकंदर की कहानी है, जो गायब हुए खजाने का पता लगाने और इस रहस्य के पीछे छिपे मास्टरमाइंड को बेनकाब करने के मिशन पर निकलता है। यह फिल्म जी5 पर 11 नवंबर को रिलीज होगी।

एनएमडीसी स्टील प्लांट में खौलते हॉट मेटल की चपेट में आने से युवक की मौत, श्रमिकों में हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर

छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले के नगरनार में स्थित एनएमडीसी स्टील प्लांट में मंगलवार को एक दर्दनाक औद्योगिक हादसा हुआ। इसमें काम करने के दौरान 30 वर्षीय मंगल साई नेताम की मौत हो गई। वह खौलते हॉट मेटल की चपेट में आने से मौके पर ही जिंदा जल गया। मृतक मंगल साई नेताम देवड़ा इलाके का निवासी था।



हादसे के बाद उठे सुरक्षा व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल

हादसे के बाद यह सवाल उठ रहा है कि क्या संबंधित कार्यस्थल पर सभी निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन किया जा रहा था। क्या मृतक कर्मचारी को आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए गए थे, यह भी एक बड़ा प्रश्न है। दुर्घटना की स्थिति में तत्काल बचाव के पर्याप्त इंतजाम मौजूद थे या नहीं, इस पर भी गंभीर चिंताएं व्यक्त की जा रही हैं। मंगल साई नेताम की मौत ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि औद्योगिक उत्पादन और कार्य की गति के बीच श्रमिकों की सुरक्षा को कितनी प्राथमिकता दी जाती है।

गुरुग्राम के श्री शीतला माता देवी मेडिकल कॉलेज में मिलेगा सस्ता इलाज : मुख्यमंत्री

5 लाख से कम सालाना आय वाले परिवारों को सब्सिडी, अस्पताल में खुलेगी अमृत फार्मेसी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को आमजन के लिए सुलभ और किफायती बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए गुरुग्राम के सेक्टर-102 स्थित श्री शीतला माता देवी मेडिकल कॉलेज एवं 883 बेड के टीचिंग अस्पताल में आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों तथा पांच लाख रुपये से कम वार्षिक आय वाले परिवारों के पात्र मरीजों के लिए उपचार संबंधी विशेष प्रावधान किए हैं। इन प्रावधानों के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों को उपचार में सब्सिडी का लाभ मिलेगा और वे किफायती दरों पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त कर सकेंगे।



बैठक में दाखिले के लिए सीटों और फीस पर चर्चा

बैठक में मेडिकल कॉलेज में विद्यार्थियों के दाखिले के लिए सीटों और फीस से संबंधित प्रावधानों पर भी चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने कॉलेज की शैक्षणिक व्यवस्था, विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध सीटों तथा फीस संरचना को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, नगर एवं ग्राम आयोजना और शहरी संपदा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग अग्रवाल, वित्त विभाग के आयुक्त एवं सचिव सीजी.रजिनीकांथन, गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पीसी मीणा तथा उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के महानिदेशक यश गर्ग सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

कपालमोचन मेला 20 से, मुख्यमंत्री ने की तैयारियों की समीक्षा

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यमुनानगर जिले के बिलासपुर में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कपालमोचन मेले को भव्य, दिव्य एवं आकर्षक स्वरूप प्रदान किया जाए। मेले में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक वातावरण के साथ-साथ बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक मेला प्रदेश की समृद्ध धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विरासत का प्रतीक है। इसकी गरिमा और ऐतिहासिक महत्व के अनुरूप सभी तैयारियां समयबद्ध ढंग से पूरी की जाएं।

डॉ. जीशान को आप ने सौंपी प्रदेश संगठन की जिम्मेदारी



भोपाल। आम ने मप्र में संगठन को मजबूती देने के लिए चिकित्सक एवं सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. जीशान अहमद को प्रदेश संयुक्त सचिव नियुक्त किया है। नई दिल्ली स्थित पार्टी के राष्ट्रीय कार्यालय में मप्र प्रभारी जितेन्द्र सिंह तोमर ने उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपा। नियुक्ति पर डॉ. अहमद ने नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि वे युवाओं और महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के साथ जिला, विधानसभा और वार्ड स्तर पर नए कार्यकर्ताओं को जोड़कर संगठन को मजबूत करेंगे।

वन्यजीव रेस्क्यू टीम पहुंची मौके पर, सुरक्षित रेस्क्यू

अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में निकला छह फीट लंबा सांप, मची अफरा-तफरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के बलगी स्थित एसईसीएल अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब वहां कुंडली मारकर बैठा 6 फीट लंबा धमना सांप दिखाई दिया। अचानक विशाल सांप पर नजर पड़ते ही अस्पताल स्टाफ और भर्ती मरीजों के परिजनों में हड़कंप मच गया। लोग डर के मारे वार्ड से बाहर भागने लगे। मामले की जानकारी तत्काल वन्यजीव रेस्क्यू टीम के प्रमुख जितेंद्र सारथी को दी। सूचना मिलते ही जितेंद्र सारथी ने बिना समय गंवाए अपनी टीम के सक्रिय सदस्य बॉबी श्रीवास और संदीप मानिकपुरी को मौके पर भेजा। टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला और बड़ी सूझबूझ व सावधानी के साथ इमरजेंसी वार्ड में बैठे लगभग 6 फीट लंबे धमना सांप का सुरक्षित रेस्क्यू किया।



प्राकृतिक वातावरण में सांप को छोड़ा

वहीं इसी दौरान बलगी क्षेत्र में एक और सांप निकलने की सूचना मिली। आशीष सिंह के घर में भी सांप घुस गया था। टीम ने तुरंत वहां पहुंचकर लगभग 5 फीट लंबे एक अन्य धमना सांप का भी सुरक्षित रेस्क्यू किया और उसे भी प्राकृतिक वातावरण में छोड़ दिया। रेस्क्यू टीम प्रमुख जितेंद्र सारथी ने बताया कि धमना सांप सामान्यतः विषहीन होता है। यह सांप चूहों जैसे जीवों को खाकर पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखने में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

बायोमेडिकल कचरे के निपटान में नियमों का पूरी तरह पालन नहीं

बायोमेडिकल कचरा निपटान में लापरवाही पर एनजीटी सख्त, नियमों की हो रही अनदेखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर के अस्पतालों और स्वास्थ्य संस्थानों से निकलने वाले बायोमेडिकल कचरे के सुरक्षित निपटान को लेकर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल(एनजीटी) ने सख्ती दिखाई है। प्रदेश के कई जिलों में नियमों का पूरी तरह पालन नहीं होने से बेंच ने निर्देश जारी किए हैं। बताया गया कि राजधानी में भी कई अस्पतालों द्वारा सामान्य कचरे के साथ बायोमेडिकल वेस्ट मिला दिया जाता है। एनजीटी ने इसे पर्यावरण से जुड़ा गंभीर मुद्दा मानते हुए केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय सहित अन्य प्रतिवादियों को नोटिस जारी किया है। सभी से आगामी छह सप्ताह में जवाब मांगा गया है।

सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों के आधार पर लगी पिटीशन

एनजीटी की सेंट्रल जोनल बेंच में जितेश कुमार सिरोइया द्वारा दायर की गई याचिका में बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स-2016, कॉमन बायोमेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट फैसिलिटी के संशोधित दिशा-निर्देश-2016 और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के 2025 के दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन कराने की मांग की गई है। याचिका में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए कहा गया है कि इन नियमों और दिशा-निर्देशों का पालन अनिवार्य है। इसी आधार पर एनजीटी अधिनियम की धारा 14, 15 और 20 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

12 जनवरी 2027 को होगी सुनवाई: अब इस पर जस्टिस श्योकुमार सिंह और विशेषज्ञ सदस्य सुधीर कुमार चतुर्वेदी की बेंच ने प्रतिवादियों को नोटिस जारी कर छह सप्ताह में जवाब देने को कहा है। इस मामले में अगली सुनवाई 12 जनवरी 2027 को होगी।

जीवन के बाद भी दूसरों को जीवन देने वाले परिवारों का होगा सम्मान

भोपाल। किसी अपने को खोने का दुख शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता, लेकिन इसी दुख की घड़ी में लिया गया एक फैसला किसी दूसरे परिवार के जीवन में खुशियां लौटा सकता है। इसी सोच और सेवा भावना को सम्मान देने 2030 का भारत द्वारा 28 नवंबर को जीवनदाता परिवार सम्मान 2026 का आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ ही अंगदान के प्रति समाज में जागरूकता फैलाने वाले व्यक्तियों और इस पूरी प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले डॉक्टरों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को भी सम्मानित किया जाएगा। संस्थापक डॉ. अतुल मलिकराम ने कहा, हमारे समाज में किसी अपने को खोने का दर्द बहुत गहरा होता है। लेकिन ऐसे परिवार, जो अपने प्रियजन के जाने के बाद भी किसी दूसरे की जिंदगी बचाने का फैसला लेते हैं, वे वास्तव में मानवता की सबसे बड़ी मिसाल पेश करते हैं।

बालकोनगर थाना क्षेत्र की बेलगढ़ी नाला बस्ती का मामला

मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तारी

नाबालिग से छेड़छाड़ और अश्लील हरकत करने का आरोपी गिरफ्तार, पॉक्सो एक्ट में केस दर्ज

हरिभूमिन्यूज ⏭ कोरबा

जिले के बालको पुलिस ने बालकोनगर थाना क्षेत्र की बेलगढी नाला बस्ती से एक आदतन बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर नाबालिग लड़की से अश्लील हरकत और छेड़छाड़ करने का आरोप है। उसे न्यायालय में पेश करने के बाद रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।आरोपी की पहचान 23 वर्षीय साहिद खान उर्फ शाहिद हुसैन के रूप में हुई है, जो बेलगढी नाला बस्ती का निवासी है। उसके खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया गया था। साहिद खान काफी समय से मोहल्ले के लोगों को परेशान कर रहा था, जिसकी शिकायतें मोहल्ले वासियों ने कई बार की थीं।



बार-बार मिल रही थी आरोपी के खिलाफ शिकायतें

बालको थाना प्रभारी युवराज तिवारी ने बताया कि 13 तारीख को आरोपी ने बस्ती की एक नाबालिग लड़की के साथ अश्लील हरकत और छेड़छाड़ की थी। उसने नाबालिग को गलत काम के लिए पैसे का प्रलोभन भी दिया था। पीड़िता के परिजनों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया। विरोध करने पर आरोपी ने मोहल्ले के 4 से 5 लोगों के साथ मारपीट भी की थी, जिस पर अलग से अपराध पंजीबद्ध किया गया था। घटना के बाद से आरोपी फरार हो गया था, जिसे पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर दो दिन पूर्व गिरफ्तार किया।

गुंडा-बदमाश की सूची में शामिल

थाना प्रभारी युवराज तिवारी ने बताया कि साहिद खान आदतन अपराधी है। एक वर्ष के भीतर उसके खिलाफ विभिन्न आपराधिक गतिविधियों में कई मामले दर्ज हो चुके हैं। लगातार अपराधों में उसकी संलिप्तता को देखते हुए उसे गुंडा-बदमाश की सूची में शामिल किया गया है। पुलिस ने उसके खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई के लिए भी प्रस्ताव भेजा है।

त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ – 2026

छठ पूजा त्यौहार के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

उत्तर रेलवे नेटवर्क से यात्रा प्रारम्भ करने वाली/समाप्त करने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची

विशेष रेल गाड़ी सं.	स्टेशन से	प्रस्थान समय	स्टेशन तक	आगमन समय	आवृत्ति/चलने के दिन		चलने की तिथि
02252	नई दिल्ली (वंदे भारत त्यौहार विशेष)	08:35	पटना जं.	21:30	सप्ताह में 3 दिन	सोम, बुध, शनि	25.11.2026 तक
02251	पटना जं.	10:00	नई दिल्ली	23:30		मंगल, गुरु, रवि	26.11.2026 तक
02254	नई दिल्ली (वंदे भारत त्यौहार विशेष)	08:35	पटना जं.	21:30	सप्ताह में 3 दिन	रवि, मंगल, गुरु	26.11.2026 तक
02253	पटना जं.	10:00	नई दिल्ली	23:30		शनि, सोम, बुध	28.11.2026 तक
02258	नई दिल्ली (वंदे भारत त्यौहार विशेष)	05:00	पटना जं.	18:30	तिथिवार	बुधवार	11.11.2026
02257	पटना जं.	08:00	नई दिल्ली	21:30		गुरुवार	12.11.2026
02436	नई दिल्ली (वंदे भारत त्यौहार विशेष)	08:35	पटना जं.	21:30	तिथिवार	शुक्रवार	13.11.2026
02435	पटना जं.	08:00	नई दिल्ली	21:30		शनिवार	14.11.2026
06597	यशवंतपुर जं.	07:00	योग नगरी ऋषिकेश	10:15	तिथिवार	गुरुवार	12.11.2026
06598	योग नगरी ऋषिकेश	17:55	यशवंतपुर जं.	19:45		शनिवार	14.11.2026
04028	आनंद विहार(टर्मि.)	09:15	मुजफ्फरपुर जं.	04:30	सप्ताह में 2 दिन	मंगलवार, शुक्रवार	24.11.2026 तक
04027	मुजफ्फरपुर जं.	06:15	आनंद विहार(टर्मि.)	05:30		बुधवार, शनिवार	25.11.2026 तक
04010	दिल्ली जं.	23:05	सीतामढ़ी जं.	23:30	साप्ताहिक	गुरुवार	19.11.2026 तक
04009	सीतामढ़ी जं.	00:45	दिल्ली जं.	20:30		शनिवार	21.11.2026 तक
04014	आनंद विहार(टर्मि.) (वाया लखनऊ (एनआर))	15:40	लौकहा बाजार	20:15	प्रतिदिन	रवि, सोम, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि	29.11.2026 तक
04013	लौकहा बाजार	22:30	आनंद विहार(टर्मि.)	03:40			30.11.2026 तक
04314	योग नगरी ऋषिकेश	15:20	मुजफ्फरपुर जं.	11:45	सप्ताह में 2 दिन	गुरुवार, रविवार	29.11.2026 तक
04313	मुजफ्फरपुर जं.	13:15	योग नगरी ऋषिकेश	11:15		शुक्रवार, सोमवार	30.11.2026 तक
04096	आनंद विहार(टर्मि.)	00:05	पाटलिपुत्र जं.	23:00	प्रतिदिन	रवि, सोम, मंगल, बुध गुरु, शुक्र, शनि	29.11.2026 तक
04095	पाटलिपुत्र जं.	00:45	आनंद विहार(टर्मि.)	21:30			30.11.2026 तक
04072	नई दिल्ली	21:35	सुपौल	06:35	प्रतिदिन	रवि, सोम, मंगल, बुध गुरु, शुक्र, शनि	28.11.2026 तक
04071	सुपौल	07:45	नई दिल्ली	15:00			30.11.2026 तक
02309	राजेन्द्र नगर (ट.)	20:10	नई दिल्ली	15:00	सप्ताह में 3 दिन	बुध, शुक्र एवं रवि	11 से 20.11.2026
02310	नई दिल्ली	19:00	राजेन्द्र नगर (ट.)	14:00		गुरु, शनि एवं सोम	12 से 21.11.2026
04062	आनंद विहार(टर्मि.)	12:00	भागलपुर जं.	13:30	प्रतिदिन	रवि, सोम, मंगल, बुध गुरु, शुक्र, शनि	27.11.2026 तक
04061	भागलपुर जं.	16:30	आनंद विहार(टर्मि.)	20:00			29.11.2026 तक
04312	योग नगरी ऋषिकेश (वाया मुरादाबाद)	22:20	कोलकाता	08:00	साप्ताहिक	शुक्रवार	20.11.2026 तक
04311	कोलकाता	13:55	योग नगरी ऋषिकेश	23:30		रविवार	22.11.2026 तक
04624	अमृतसर जं.	20:10	कोलकाता	15:00	साप्ताहिक	बुधवार	25.11.2026 तक
04623	कोलकाता	04:45	अमृतसर जं.	21:05		शनिवार	28.11.2026 तक
07083	बीदर	10:00	हज़रत निज़ामुद्दीन	20:40	तिथिवार	गुरुवार	19.11.2026
07084	हज़रत निज़ामुद्दीन	10:30	बीदर	04:00		रविवार	22.11.2026
04090	नई दिल्ली	23:30	दानापुर जं.	15:00	सप्ताह में 2 दिन	शुक्रवार, बुधवार	27.11.2026 तक
04089	दानापुर जं.	16:40	नई दिल्ली	09:45		शनिवार, गुरुवार	28.11.2026 तक
04098	शकूर बस्ती	09:20	दरभंगा जं.	11:45	सप्ताह में 6 दिन	मंगलवार को छोड़कर	29.11.2026 तक
04097	दरभंगा जं.	14:00	शकूर बस्ती	18:00		बुधवार को छोड़कर	30.11.2026 तक
04076	दिल्ली जं.	00:30	कामाख्या जं.	21:15	साप्ताहिक	शनिवार	28.11.2026 तक
04075	कामाख्या जं.	05:00	दिल्ली जं.	20:40		सोमवार	30.11.2026 तक
04064	दिल्ली जं.	11:00	गया जं.	07:15	सप्ताह में 6 दिन	शनिवार को छोड़कर	30.11.2026 तक
04537	बरौनी जं.	06:30	चंडीगढ़	13:20	तिथिवार	गुरुवार	12.11.2026
04088	नई दिल्ली	15:50	पटना जं.	12:45	प्रतिदिन	रवि, सोम, मंगल, बुध गुरु, शुक्र, शनि	30.11.2026 तक
04087	पटना जं.	15:10	नई दिल्ली	13:30			01.12.2026 तक
04634	फिरोजपुर छावनी	17:30	पूर्णिया जं.	03:00	साप्ताहिक	गुरुवार	26.11.2026 तक
04633	पूर्णिया जं.	06:00	फिरोजपुर छावनी	16:35		शनिवार	28.11.2026 तक
04652	अमृतसर जं. (वाया लखनऊ (एनआर))	10:55	जयनगर	20:00	सप्ताह में 3 दिन	बुध, शुक्र, रविवार	29.11.2026 तक
04651	जयनगर	04:15	अमृतसर जं.	15:00		शुक्र, रवि, मंगल	01.12.2026 तक
04406	शकूर बस्ती	19:10	मानसी जं.	02:30	तिथिवार	बुध, गुरु, शुक्र एवं शनि	11, 12 13 एवं 14.11.2026
04405	मानसी जं.	04:30	शकूर बस्ती	11:30		गुरु, शुक्र, शनि, रवि एवं सोम	12,13,14 15 एवं 16.11.2026
04638	अमृतसर जं.	19:40	छपरा जं.	20:45	साप्ताहिक	सोमवार	30.11.2026 तक
04637	छपरा जं.	22:15	अमृतसर जं.	00:20		मंगलवार	01.12.2026 तक
04640	छेहरटा	08:35	मुजफ्फरपुर जं.	13:10	साप्ताहिक	सोमवार	30.11.2026 तक
04639	मुजफ्फरपुर जं.	16:00	छेहरटा	21:30		मंगलवार	01.12.2026 तक
04404	शकूर बस्ती	15:15	पटना जं.	14:30	तिथिवार	बुध, गुरु, शुक्र एवं शनि	11, 12, 13 एवं 14.11.2026
04403	पटना जं.	15:40	शकूर बस्ती	15:00		बुध, गुरु, शुक्र, शनि एवं रवि	11, 12, 13, 14 एवं 15.11.2026
04410	शकूर बस्ती	13:00	झंझारपुर जं.	16:00	तिथिवार	बुध, गुरु, शुक्र एवं शनि	11, 12, 13 एवं 14.11.2026
04409	झंझारपुर जं.	18:15	शकूर बस्ती	01:40		बुध, गुरु, शुक्र, शनि एवं रवि	11, 12, 13 14 एवं 15.11.2026
04536	चंडीगढ़ जं.	23:45	बरौनी जं.	00:30	साप्ताहिक	शुक्रवार	27.11.2026 तक
04535	बरौनी जं.	02:35	चंडीगढ़ जं.	03:35		रविवार	29.11.2026 तक
04656	लुधियाना जं.	17:35	सहरसा जं.	23:50	तिथिवार	बुधवार	11.11.26
04655	सहरसा जं.	03:50	लुधियाना जं.	08:35		बुध एवं शुक्र	11 एवं 13.11.26
04662	लुधियाना जं.	06:30	दरभंगा	10:00	तिथिवार	बुध	11.11.2026
04661	दरभंगा	13:00	लुधियाना जं.	17:10		बुध एवं गुरु	11 एवं 12.11.26
04664	लुधियाना जं.	06:30	गया जं.	08:00	तिथिवार	गुरुवार	12.11.2026 को
04663	गया जं.	11:00	लुधियाना जं.	12:50		शुक्रवार	13.11.2026 को
02569	दरभंगा जं.	06:30	नई दिल्ली	04:00	प्रतिदिन	रवि, सोम, मंगल, बुध गुरु, शुक्र, शनि	30.11.2026 तक
02570	नई दिल्ली	12:15	दरभंगा जं.	10:00			01.12.2026 तक
04528	सरहिन्द	11:25	सहरसा जं.	17:00	तिथिवार	गुरुवार	12.11.2026
04527	सहरसा जं.	19:15	अंबाला छावनी	22:20		शुक्रवार	13.11.2026
04022	नई दिल्ली (वाया लखनऊ (एनआर))	14:30	गोरखपुर जं.	04:10	साप्ताहिक	शुक्रवार	13.11.2026
04021	गोरखपुर जं.	07:00	नई दिल्ली	23:10		शनिवार	14.11.2026
04058	आनन्द विहार(टर्मि.)	00:20	छपरा	19:20	सप्ताह में 2 दिन	शुक्रवार एवं मंगलवार	17.11.2026 तक
04057	छपरा	22:10	आनन्द विहार(टर्मि.)	17:20			
04066	आनन्द विहार(टर्मि.)	05:00	सबौर	07:00	तिथिवार	बुध एवं गुरु	11 एवं 12.11.2026
04065	सबौर	11:00	आनन्द विहार(टर्मि.)	13:45		गुरु एवं शुक्र	12 एवं 13.11.2026
05579	पूर्णिया कोर्ट	16:30	आनंद विहार टर्मिनल	01:05	सप्ताह में दो दिन	शुक्रवार, रविवार	29.11.2026 तक
05580	आनंद विहार टर्मिनल	05:15	पूर्णिया कोर्ट	13:45		रविवार, मंगलवार	01.12.2026 तक
04054	नई दिल्ली	18:15	हावड़ा	23:40	तिथिवार	बुधवार, गुरुवार एवं शनिवार	11, 12 एवं 14.11.2026
04053	हावड़ा	01:40	नई दिल्ली	08:20		शुक्रवार, शनिवार एवं सोमवार	13, 14 एवं 16.11.2026
05575	सहरसा जं.	20:00	आनंद विहार टर्मिनल	01:05	साप्ताहिक	मंगलवार	24.11.2026 तक
05576	आनंद विहार टर्मिनल	05:15	सहरसा जं.	10:30		गुरुवार	26.11.2026 तक
05088	आनंद विहार टर्मिनल	19:15	मऊ	14:00	तिथिवार	बुधवार	11.11.2026
04077	दरभंगा जं.	21:00	दिल्ली जं.	23:55		बुधवार	11.11.2026
02456	नई दिल्ली	07:45	कानपुर सेंट्रल	13:15	सप्ताह में 4 दिन	सोम, बुध, शुक्र, शनि	30.11.2026 तक
04657	सहरसा जं.	03:50	लुधियाना जं.	08:35	तिथिवार	गुरुवार	12.11.2026
04209	वाराणसी जं. (वाया लखनऊ (एनआर))	22:15	दिल्ली जं.	13:45	सप्ताह में 3 दिन	सोम, बुध, शुक्र	27.11.2026 तक
04210	दिल्ली जं.	18:50	वाराणसी जं.	09:50		मंगल, गुरु, शनि	28.11.2026 तक
04213	अयोध्या छावनी (वाया लखनऊ (एनआर))	18:20	आनंद विहार(टर्मि.)	06:10	सप्ताह में 2 दिन	रविवार, गुरुवार	29.11.2026 तक
04214	आनंद विहार(टर्मि.)	09:00	अयोध्या छावनी	22:00		सोमवार, शुक्रवार	30.11.2026 तक
04227	वाराणसी जं. (वाया लखनऊ (एनआर))	11:05	चंडीगढ़ जं.	04:20	सप्ताह में 2 दिन	गुरुवार, रविवार	29.11.2026 तक
04228	चंडीगढ़ जं.	06:00	वाराणसी जं.	00:55		शुक्रवार, सोमवार	30.11.2026 तक
04604	श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा	18:15	वाराणसी जं.	18:30	साप्ताहिक	रविवार	29.11.2026 तक
04603	वाराणसी जं.	04:30	श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा	04:40		मंगलवार	01.12.2026 तक
04610	जम्मू तवी (वाया लखनऊ (एनआर))	05:15	वाराणसी जं.	05:10	साप्ताहिक	गुरुवार	26.11.2026 तक
04609	वाराणसी जं.	09:00	जम्मू तवी	08:30		शुक्रवार	27.11.2026 तक

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें


ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

चिंतन

रोजगार के मौके और महिलाओं की भागीदारी बढ़ना शुभ संकेत

देश में बेरोजगारी दर का पिछली तिमाही के 5.4 प्रतिशत से घटकर 5.1 प्रतिशत पर आना राहत देने वाला है। इससे भी महत्वपूर्ण यह है कि श्रमबल में भागीदारी और वास्तव में काम कर रहे लोगों का अनुपात भी बढ़ा है। खासकर महिलाओं की बढ़ती भागीदारी भारतीय अर्थव्यवस्था में आ रहे बदलाव की ओर शुभ संकेत करती है। जुलाई-सितंबर 2026 की तिमाही के लिए सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) की आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) रिपोर्ट में कई सकारात्मक संकेत मिले हैं। रिपोर्ट के अनुसार, श्रमबल भागीदारी दर (एलएफपीआर) 54.6 प्रतिशत से बढ़कर 55.5 प्रतिशत हो गई है। इसका अर्थ है कि काम करने या रोजगार तलाशने वाले लोगों की संख्या बढ़ी है। वहीं, कामगार-जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) में भी एक प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह 51.7 प्रतिशत से बढ़कर 52.7 प्रतिशत पर पहुंच गया है। यह आंकड़ा इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह बताता है कि कामकाजी आयु वर्ग के लोगों में वास्तव में रोजगार पाने वालों का अनुपात बढ़ा है। यानी सुधार केवल नौकरी तलाशने वालों की संख्या तक सीमित नहीं है, बल्कि अधिक लोग काम से भी जुड़ रहे हैं। इस रिपोर्ट का सबसे उत्साहजनक पक्ष महिलाओं की भागीदारी में वृद्धि है। महिलाओं की श्रमबल भागीदारी दर 33.2 प्रतिशत से बढ़कर 34.7 प्रतिशत और कामगार-जनसंख्या अनुपात 31.3 प्रतिशत से बढ़कर 32.8 प्रतिशत हो गया है। महिलाओं का रोजगार से जुड़ना केवल परिवार की आमदनी बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे उनकी आर्थिक आत्मनिर्भरता, निर्णय लेने की क्षमता और सामाजिक स्थिति भी मजबूत होती है। अर्थव्यवस्था को भी इसका लाभ मिलता है, क्योंकि अधिक आबादी की कार्यक्षमता का उपयोग संभव होता है। ग्रामीण भारत ने इस तिमाही में रोजगार के मोर्चे पर महत्वपूर्ण योगदान दिया है। गांवों में बेरोजगारी दर 4.8 प्रतिशत से घटकर 4.3 प्रतिशत रह गई, जबकि शहरों में यह 6.7 प्रतिशत से मामूली बढ़कर 6.8 प्रतिशत हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि गतिविधियों की तेजी और स्वरोजगार में वृद्धि ने श्रम बाजार को सहारा दिया। कृषि क्षेत्र में कामगारों की हिस्सेदारी 52.9 प्रतिशत से बढ़कर 56.7 प्रतिशत और स्वरोजगार का अनुपात 61.4 प्रतिशत से बढ़कर 62.7 प्रतिशत हो गया। इस अवधि में 15 वर्ष से अधिक आयु के औसतन 57.9 करोड़ लोग रोजगार में थे। हालांकि, इन सकारात्मक आंकड़ों के साथ कुछ चुनौतियों पर भी ध्यान देना जरूरी है। ग्रामीण रोजगार में कृषि और स्वरोजगार की बढ़ती हिस्सेदारी को स्थायी तथा बेहतर आय वाले रोजगार में बदलना होगा। कृषि पर मौसमी निर्भरता कम करने के लिए ग्रामीण उद्योगों, खाद्य प्रसंस्करण और छोटे उद्यमों को प्रोत्साहन देना होगा। दूसरी ओर, शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी में मामूली वृद्धि बताती है कि नियमित और वेतनभोगी नौकरियों के अवसर बढ़ाने की जरूरत बनी हुई है। रोजगार के इन आंकड़ों को अर्थव्यवस्था की दिशा में सकारात्मक संकेत के रूप में देखा जाना चाहिए, लेकिन इन्हें अंतिम उपलब्धि नहीं माना जा सकता। असली लक्ष्य ऐसे रोजगार पैदा करना है जो नियमित हों, सम्मानजनक आय दें और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े हों। महिलाओं की बढ़ती भागीदारी को भी शिक्षा, कौशल प्रशिक्षण, सुरक्षित कार्यस्थल और समान अवसरों के माध्यम से और गति देनी होगी। रोजगार के अवसरों का विस्तार और महिलाओं की आर्थिक सक्रियता साथ-साथ बढ़ेगी, तभी विकास का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचेगा।



मुद्दा
ओमकार चौधरी

केवल दिवाली प्रदूषण का कारण नहीं

दिवाली के पटाखे उत्तर भारत की ज़हरीली हवा का एक कारण हैं, अकेला कारण नहीं। पटाखों का धुआं कुछ दिनों का उछाल लाता है, जबकि दिल्ली और सिंधु-गंगा के मैदान में प्रदूषण अक्टूबर से फ़रवरी तक बना रहता है। पिछली सर्दी में 1 अक्टूबर 2025 से 28 फ़रवरी 2026 के बीच दिल्ली में केवल सात दिन ऐसे रहे, जब हवा 'अच्छी' या 'संतोषजनक' श्रेणी में थी। वैज्ञानिक इसकी वजह दो चीज़ों के मेल को मानते हैं। पहली, उत्सर्जन के वे स्रोत जो साल भर चलते हैं। दूसरी, सर्दी का मौसम, जो धुएं को ज़मीन के पास क़ैद कर देता है। सामान्य दिनों में ऊंचाई के साथ हवा ठंडी होती जाती है और ज़मीन की गर्म हवा धुएं को लेकर ऊपर उठ जाती है।

सर्दी की रातों में ज़मीन तेज़ी से ठंडी होती है और ठंडी हवा की परत के ऊपर गर्म हवा की परत आ जाती है। इसे तापमान व्युत्क्रमण कहते हैं। यह गर्म परत ढक्कन की तरह प्रदूषकों को ऊपर नहीं जाने देती। इसी के साथ वह ऊंचाई घट जाती है, जहां तक प्रदूषक फैल सकते हैं। गर्मियों में यह दो से चार किलोमीटर होती है, सर्दियों में कुछ सौ मीटर रह जाती है। उतना ही धुआं बहुत कम हवा में सिमट जाता है। हवा की गति भी धीमी रहती है और मानसून के बाद बारिश नहीं होती, इसलिए कण न बहकर निकलते हैं, न धुलते हैं। नमी और कोहरे में गैसें रासायनिक क्रिया से सल्फेट और नाइट्रेट के महीन कणों में बदलती हैं और स्मॉग बनता है। भूगोल इस संकट को और गहरा करता है। सिंधु-गंगा का मैदान चारों ओर ज़मीन से घिरा है, उत्तर में हिमालय हवा का रास्ता रोकता है और दिल्ली तक समुद्री हवा नहीं पहुंचती। पटाखे प्रदूषण के कई स्रोतों में से एक हैं और उनका असर दिवाली के आसपास के कुछ दिनों तक रहता है। बाक़ी स्रोत पूरे मौसम, बल्कि पूरे साल सक्रिय रहते हैं। इनमें सबसे पहले वाहन हैं, जिनसे पेट्रोल-डीज़ल का धुआं और टायर-ब्रेक के घिसने से बने कण निकलते हैं। उद्योग, ताप बिजली घर और ईंट भट्ठे कोयला और अन्य ईंधन जलाकर गैसें और कण छोड़ते हैं। अक्टूबर-नवंबर में उत्तर-पश्चिमी हवाएं पंजाब और हरियाणा की पराली का धुआं दिल्ली-एनसीआर तक लाती हैं, हालाँकि इसका हिस्सा चरम दिनों में ऊंचा और पूरे मौसम के औसत में कम रहता है। सड़कों और निर्माण कार्य की धूल, ठंड में तापने के लिए जलती लकड़ी, उपले और कोयला, खुले में जलता कचरा और लैंडफिल की आग इस सूची को पूरा करते हैं। अध्ययनों में हर स्रोत के हिस्से के आंकड़े अलग-अलग हैं। फिर भी वे एक बात पर सहमत हैं: दिल्ली के प्रदूषण का बड़ा हिस्सा शहर की सीमा के बाहर से आता है। प्रदूषण अकेले दिल्ली की समस्या नहीं है। सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर के मार्च 2026 के विश्लेषण में निगरानी वाले 238 शहरों में से 204 में पीएम 2.5 का स्तर राष्ट्रीय मानक से ऊपर मिला। सबसे ऊपर गाजियाबाद रहा, जहां स्तर लगभग 172 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर था। उसके बाद नोएडा (166) और दिल्ली (163) रहे, जबकि दैनिक मानक 60 है। सबसे अधिक प्रभावित पट्टी पंजाब से पश्चिम बंगाल तक फैला सिंधु-गंगा का मैदान है। लुधियाना, रोहतक, मेरठ, लखनऊ, कानपुर, पटना और कोलकाता सब इसी में आते हैं। इसके बाहर राजस्थान का भिवाड़ी, असम-मेघालय सीमा का बर्नीहाट और




सिंगरौली, कोरबा, धनबाद जैसे खनन और बिजलीघर वाले इलाक़े भी गंभीर रूप से प्रभावित हैं। दक्षिण और तटीय भारत की स्थिति बेहतर है। मुंबई, चेन्नई और बेंगलुरु में स्तर तुलनात्मक रूप से कम रहा। कर्नाटक का चामराजनगर लगभग 19 माइक्रोग्राम के साथ सबसे स्वच्छ शहरों में गिना गया। सेहत के लिए सबसे बड़ा ख़तरा पीएम 2.5 के महीन कण हैं, जो फेफड़ों की गहराई तक और वहाँ से ख़ून में पहुंच जाते हैं। शरीर इन्हें बाहरी हमला मानकर सूजन पैदा करता है और लंबे समय तक बनी यही सूजन बीमारियों की जड़ बनती है। तुरंत असर आंखों की जलन, खांसी, सांस फूलने और दमे के दौरों के रूप में दिखता है। लंबे समय में यह फेफड़ों के कैंसर, दिल के दौरे, स्ट्रोक और डायबिटीज़ का जोखिम बढ़ाता है। बच्चे, गर्भवती महिलाएं, बुजुर्ग और दिन भर सड़क पर काम करने वाले लोग सबसे अधिक जोखिम में हैं। आंकड़े इस बोझ का आकार बताते हैं। स्टेट ऑफ़ ग्लोबल एयर 2025 के अनुसार 2023 में भारत में 20 लाख से अधिक मौतें वायु प्रदूषण से जुड़ी थीं। 2021 में पांच साल से कम उम्र के 1,69,400 बच्चों की मौतें इससे जुड़ी पाई गईं। लैंसेट काउंटडाउन ने 2022 में असमय मौतों की आर्थिक क़ीमत 339.4 अरब डॉलर आंकी, जो GDP का 9.5 प्रतिशत है। शिकागो विश्वविद्यालय की रिपोर्ट के अनुसार प्रदूषण औसत भारतीय की उम्र 3.5 साल घटा रहा है। दिल्ली में यह कमी 8.2 साल, बिहार में 5.6, हरियाणा में 5.3 और उत्तर प्रदेश में 5 साल आंकी गई है। तुलना के लिए, इसी रिपोर्ट में कुपोषण से 1.6 साल और तंबाकू से 1.5 साल की कमी बताई गई है। दक्षिण एशिया दुनिया का सबसे प्रदूषित क्षेत्र है। आईक्यूएयर की 2025 की रिपोर्ट में पाकिस्तान पहले, बांग्लादेश दूसरे और भारत छठे स्थान पर रहा। दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर गाजियाबाद का लोनी रहा, जहां पीएम2.5 का सालाना औसत 112.5 माइक्रोग्राम दर्ज हुआ। रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के केवल 14 प्रतिशत शहर विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानक पर खरे उतरे। चीन इस बात का उदाहरण है कि हालात बदले जा सकते हैं। बीजिंग में पीएम 2.5 का सालाना औसत 2013 में 89.5 माइक्रोग्राम था। चीन के सरकारी आंकड़ों के अनुसार 2025 में यह 27 रह गया, यानी लगभग 70 प्रतिशत की गिरावट। भारत के मानक डब्ल्यूएचओ से काफ़ी ढीले हैं। पीएम 2.5 की सालाना सीमा भारत में 40 माइक्रोग्राम है और डब्ल्यूएचओ की पांच। 46 प्रतिशत भारतीय ऐसे इलाक़ों में रहते हैं, जहां हवा भारत के अपने मानक से भी ख़राब है। 2019 में शुरू हुए राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम में 131 शहर शामिल हैं।

आईक्यूएयर की रिपोर्ट के अनुसार इसका 64 प्रतिशत पैसा सड़क की धूल घटाने पर ख़र्च हुआ, जबकि उद्योग और वाहनों के उत्सर्जन पर एक से 13 प्रतिशत तक। दिल्ली-एनसीआर में हवा बिगड़ने पर ग्रैप के तहत निर्माण रोकने, ट्रकों का प्रवेश बंद करने और स्कूल ऑनलाइन करने जैसी पाबंदियां लगती हैं। ये आपात उपाय हैं और स्रोतों को नहीं घटाते। तात्कालिक प्रयोगों के नतीजे भी सीमित रहे हैं। अक्टूबर 2025 में दिल्ली में कृत्रिम वर्षा के परीक्षणों से उल्लेखनीय बारिश नहीं हुई। ऑड-ईवन का असर अध्ययनों में सीमित और अस्थायी पाया गया। उत्तर भारत में पीएम 2.5 का सालाना औसत मानक से ऊपर रहता है और गांवों में चूल्हे का धुआं घर के भीतर की हवा बिगाड़ता है। बचाव के लिए ठीक से फ़िट किया गया एन95 मास्क और बंद कमरे में एचइपीए फ़िल्टर वाला प्यूरीफ़ायर कारगर हैं, पर ये इलाज नहीं, सिर्फ़ ढाल हैं। आंकड़े साफ़ हैं। पटाखों पर रोक कुछ दिनों की राहत दे सकती है, पर हवा तभी सुधरेगी जब वाहन, उद्योग, कोयला, पराली और धूल जैसे स्रोतों पर साल भर काम हो।

दिवाली के पटाखे उत्तर भारत की ज़हरीली हवा का एक कारण हैं, अकेला कारण नहीं। पटाखों का धुआं कुछ दिनों का उछाल लाता है, जबकि दिल्ली और सिंधु-गंगा के मैदान में प्रदूषण अक्टूबर से फ़रवरी तक बना रहता है। पिछली सर्दी में 1 अक्टूबर 2025 से 28 फ़रवरी 2026 के बीच दिल्ली में केवल सात दिन ऐसे रहे, जब हवा 'अच्छी' या 'संतोषजनक' श्रेणी में थी। वैज्ञानिक इसकी वजह दो चीज़ों के मेल को मानते हैं। पहली, उत्सर्जन के वे स्रोत जो साल भर चलते हैं। दूसरी, सर्दी का मौसम, जो धुएं को ज़मीन के पास क़ैद कर देता है। पटाखों पर रोक कुछ दिनों की राहत दे सकती है, पर हवा तभी सुधरेगी जब वाहन, उद्योग, कोयला, पराली और धूल जैसे स्रोतों पर साल भर काम हो।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

मंथन
डॉ. मोनिका शर्मा



आपराधिक आंकड़े बढ़ाता है क्षणिक आक्रोश

तकनीकी विकास और जीवनशैली के मोर्चे पर बेहतरी की ओर बढ़ते समाज में मानवीय व्यवहार में उपजा बेवजह का आक्रोश आपराधिक आंकड़े रहा है। सहज सी बातों को लेकर हो रहे विवाद जान लेने तक जा पहुंच जाते हैं। विवेक और आत्म-नियंत्रण को खो देने के परिणामस्वरूप मन-मस्तिष्क का यह अंधकार और विस्तार ही पा रहा है। हाल में हरियाणा के फरीदाबाद में पार्किंग को लेकर हुए विवाद में सिंगापुर की एक सॉफ्टवेयर कंपनी में चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर के पद पर कार्यरत परमजीत धनखड़ की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वैवाहिक समारोह में शामिल होने भारत आए परमजीत की मात्र पार्किंग की जगह और वहां कुत्ते को शौच कराने की बात को लेकर हुई कहासुनी के कारण जान ले ली गई। इन्हीं दिनों अहमदाबाद में सब्जी को लेकर हुए मामूली विवाद में पत्नी ने अपने सेवानिवृत्त फौजी पति की चाकू मारकर हत्या कर दी। वहीं कानपुर में भी क्षणिक आक्रोश के कारण हुई एक दर्दनाक घटना में पानी मांगने को लेकर हुए विवाद में पति ने पत्नी के सिर पर लकड़ी का पटरा मारकर उसकी हत्या कर दी। क्षणिक आक्रोश यानी पल भर का क्रोध समाज और परिवार में गंभीर अपराधों का अहम कारण बन गया है। पल भर के गुस्से में लोग दूसरों का जीवन छीनने से नहीं चूक रहे।

इतना ही नहीं, क्षणिक आवेश में स्वयं अपनी जान लेने के मामले भी आए दिन सामने आते हैं। कभी पालतू जानवरों को लेकर कहासुनी तो कभी बच्चों से जुड़े मामलों पर बहसबाजी। कहीं पड़ोसियों में घर की बाड़ या दीवार को लेकर विवाद तो कहीं एक ही घर के करीबी संबंधियों में तकरार। कहीं सड़क पर गाड़ी का छू जाना या आगे निकल जाना तो कहीं दुकान पर लेन-देन को लेकर कहासुनी होना। आम सी बात पर शुरू हुई नोकझोंक के कारण आया क्रोध लोगों को जीवन भर के लिए सलाखों के पीछे धकेलने वाला साबित हो रहा है। साथ ही मन-मस्तिष्क की क्षणिक दिशाहीनता किसी अन्य का जीवन समाप्त करने की वजह तो बनती ही है। विडम्बना ही है कि मामूली विवाद भी हिंसक रूप ले रहे हैं। जिसके चलते छोटी सी बात बड़े अपराध के रूप में सामने आती है। चिंतनीय है कि क्षणिक रोष और असंतोष का यह मेल महानगरों से लेकर गांवों-कस्बों तक आपराधिक घटनाओं के आंकड़े बढ़ा रहा है। शिक्षित और अशिक्षित हर वर्ग, हर उम्र के लोग इन घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो और कई सामाजिक अध्ययनों के साझे आंकड़े बताते हैं कि बहुत से मामलों में हत्या, हत्या के प्रयास और गंभीर मारपीट की घटनाएं किसी पुरानी दुश्मनी के कारण नहीं, बल्कि मामूली सी बात पर उपजे आक्रोश के कारण होती हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार साल 2022 में हत्या के सबसे अधिक मामलों का कारण मामूली विवाद था। पुलिस रिकॉर्ड भी बताते हैं कि कई घटनाओं के पीछे कोई सुनियोजित साजिश नहीं होती। बड़ी संख्या में हत्याओं का कारण उस पल में उपजा गुस्सा ही होता है। ध्यातव्य है कि कुछ साल पहले तक राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो रोड रेज़ की घटनाओं के कोई आंकड़े ही नहीं रखता था। पहली बार साल 2016 में इस श्रेणी में आने वाले आंकड़े जुटाए गए। या यूं कहें कि जुटाने पड़े क्योंकि गली-मोहल्लों से लेकर सार्वजनिक स्थलों तक ऐसी घटनाएं होने लगीं। अब तो तात्कालिक गुस्से के कारण सड़क से लेकर सामाजिक-पारिवारिक समारोहों तक, आए दिन ऐसे दर्दनाक मामले देखने में आ रहे हैं।वस्तुतः, यह क्षणिक दिशाहीनता समग्र समाज के लिए चिंता का विषय है। वैचारिक मतभेद के प्रति असहिष्णु होने, अहंकारी सोच और सोशल मीडिया के कारण वर्चुअल छवि को देखने-जीने के आदी होते लोग मामूली कहासुनी के कारण अपराध कर रहे हैं। हालांकि बाद में पछतावा ही हाथ आता है। अहमदाबाद के मामले में घटना के बाद पत्नी ने स्वयं अपने देवर को बताया कि झगड़े के दौरान उसने अपने पति के सीने में चाकू मार दिया है। साथ ही वह बेहोश हुए पति को इलाज के लिए अस्पताल भी ले जा रही है। समझना कठिन नहीं, आवेग का ज्वार उतरते ही हर इंसान को अपनी भूल समझ आती है पर कई घटनाओं में भूल सुधारने का कोई रास्ता नहीं बचता। निस्संदेह, छोटी सी बात को लेकर हत्या और बर्बरता से मारपीट करने के दिल दहलाने वाले आपराधिक आंकड़े बदलते मानवीय व्यवहार को लेकर कई प्रश्न उठाते हैं। बात परिस्थिति की हो या कोई विशेष कारण। हर जगह अपनी बात कहने-मनवाने के व्यवहार का जड़ें जमाना वाकई दुःखद है। ऐसे में संयम, सहज बर्ताव और सधा संवाद ही ऐसी घटनाओं पर लगाम लगा सकता है।

(लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


हर मानव में शुभ व अशुभ इच्छाएं होती है



संकलित
दर्शन

शिव कल्याणकारी हैं। शिव कैलाश पर्वत पर निवास करते हैं। कैलाश का अर्थ ही है कि जहां केवल उत्सव हो, केवल आनंद हो। श्रावण के महीने में संपूर्ण वातावरण उत्सव से भर जाता है। शिव-तत्व अपने चरम पर होता है, यह सहजता से उपलब्ध होता है। इसलिए यह मास भगवान शिव की पूजा करने के लिए सर्वोत्तम मास है। हमारे प्राचीन ऋषि अत्यंत बुद्धिमान थे। वे जानते थे कि हर मानव के भीतर इच्छाएं होती हैं, कुछ शुभ और कुछ अशुभ। जीवन में प्रगति के लिए आवश्यक है कि शुभ इच्छाएं फलित हों। विवेक के उपयोग से मनुष्य यह निर्णय ले सकता है कि कौन-सी इच्छाएं उसके लिए लाभदायक हैं और उन इच्छाओं को प्राप्त करने के लिए क्या कार्य कर सकता है। लेकिन कभी-कभी ऐसा भी हो सकता है कि व्यक्ति चाहे कितना भी प्रयत्न कर ले, लेकिन वह अपने इच्छित लक्ष्य को हासिल नहीं कर पाता है। उसे मार्ग में अनेक बाधाओं का सामना करना पड़ता है। कारण विविध हो सकते हैं, कुछ अत्यंत सूक्ष्म, कुछ अधिक सूक्ष्म नहीं। ऋषियों ने इस समस्या पर विचार किया और एक अद्भुत समाधान निकाला। उन्होंने मानव कल्याण के लिए संकल्प और पूजा की प्रक्रिया तैयार की। पूजा आरंभ करने से पूर्व पूजा करने वाले यजमान द्वारा संकल्प लिया जाता है। संकल्प वह विशिष्ट उद्देश्य है, जिसके लिए पूजा आयोजित की जा रही है। संकल्प का उच्चारण करने से पहले स्थान (देश) और समय (काल) को परिभाषित किया जाता है, जहां पूजा आयोजित की जा रही है।

जब कोई गलती हो जाए तो उसे स्वीकार करें



संकलित
प्रेरणा

महात्मा गांधी के बचपन का चर्चित किस्सा है। जब गांधी जी छोटे थे, तब एक दिन उन्होंने अपने ही घर में चोरी कर ली थी। इस बारे में गांधी जी ने भी खुद जिक्र किया था। बालक मोहनदास ने बड़े भाई के सोने के कड़े में से कुछ सोना निकाल लिया था। मोहनदास अपनी कुछ जरूरतें पूरी करना चाहते थे, जिसके लिए उन्हें धन की जरूरत थी। उन्होंने चोरी कर ली, लेकिन बाद अपनी गलती का एहसास हुआ तो उन्हें बहुत पछतावा हुआ। वे सोचने लगे कि अब इस गलती को किसके सामने स्वीकार किया जाए? मोहनदास ने पिता के सामने गलती स्वीकार करने का निश्चय किया। उन्हें डर भी लग रहा था कि अगर चोरी के बारे में बताऊंगा तो सजा भी मिलेगी। मोहनदास ने डरते-डरते अपने पिता को एक चिट्ठी लिखी, चिट्ठी में उन्होंने अपनी गलती के बारे में लिखा था। जब मोहनदास के पिता को चिट्ठी मिली तो उन्होंने उसे पढ़ा। चिट्ठी में पूरी बात लिखने के साथ ही लिखा था कि मैंने गलती की है और मैं अपनी गलती स्वीकार करता हूं, मैं इसकी सजा मानने के लिए भी तैयार हूं। जैसे ही मोहनदास के पिता ने चिट्ठी पढ़ी तो उनकी आंखों से आंसु आ गए और वे मौन हो गए। जबकि मोहनदास ने सोचा था कि पिता से डांट पड़ेगी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। पिता के मौन ने गांधी जी की सोच बदल दी, इस घटना के बाद से ही संसार को महात्मा गांधी के रूप में सबसे ईमानदार व्यक्ति मिल गया।

अंतर्मन



आज की पाती

विज्ञान का ज्ञान मानव हित के लिए प्रयोग हो

10 नवंबर को अंतरराष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य शांति और विकास भी है। अर्थात शांति और विकास के कामों में विज्ञान की भूमिका के प्रति जागरूकता बढ़ाना इसका उद्देश्य है। अगर विज्ञान का उचित प्रयोग किया जाए तो यह प्राणी जाति के लिए वरदान सिद्ध हो सकता है, और अनुचित प्रयोग अभिशाप भी बन जाता है। विज्ञान ने इनसान की जिंदगी बहुत आरामदायक बना दी है। संचार क्रांति, डिजिटल क्रांति और अन्य बहुत सी भौतिकतावादी वस्तुएं जो विज्ञान की तरफ से हमें मिली हैं, वो हमारे लिए सुख तो पहुंचाती हैं, लेकिन इनमें से बहुत सी हमारे लिए नुकसानदायक भी हैं। विज्ञान और नई तकनीक का प्रयोग उचित तरीके से किया जाए तो वो वरदान है, अन्यथा वो अभिशाप बनेगी। - *महेश साहू, सरायपाली*

ट्रेंड

मुफ्त एलपीजी सिलेंडर



दिल्ली की मेरी लाखों माताओं और बहनों को दिवाली पर मुफ्त गैस सिलेंडर का उपहार मिलने पर हार्दिक बधाई। आज 15 लाख से अधिक राशन कार्ड धारक परिवारों के बैंक खातों में सीधे 142 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि ट्रांसफर की गई, ताकि उन्हें मुफ्त एलपीजी सिलेंडर मिल सके।
- **रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

वायु प्रदूषण



हम वायु प्रदूषण के मामले में 'विश्वगुरु' क्यों बनते जा रहे हैं? अधूरे उपाय, दिखावे के काम, झूठे वादे और एक-दूसरे पर आरोप लगाना - यही तो भाजपा की पहचान बन गई है! पीएम मोदी ने इसे एक "बड़ी चुनौती" बताया था, लेकिन उनकी सरकार ने इस दिशा में कुछ भी नहीं किया है!
- **मल्लिकार्जुन खड़गे,** अध्यक्ष, कांग्रेस

जनता का समर्थन



आज, जब भारत दुनिया के मंच पर तेजी से आगे बढ़ रहा है और तमाम बाधाओं व तूफानों को पीछे छोड़ रहा है, तो कांग्रेस पार्टी जिसने जनता का समर्थन खो दिया है, इसे बर्दाश्त नहीं कर पा रही है
- **धर्मेंद्र प्रधान,** सांसद, बीजेपी

हालात बदतर



यह दुखद और निंदनीय है कि केंद्र और दिल्ली सरकार उस प्रदूषण को नियंत्रित करने में पूरी तरह विफल रही है, जो दिल्ली का दम घोंट रहा है। हालात हमेशा से खराब थे। एक दशक में ये और भी बदतर हो गए हैं।
- **पी. चिदंबरम,** सांसद, राज्यसभा

करंट अफेयर

रूस के अखबार ने तीन दशक बाद मॉस्को कार्यालय किया बंद



रूस के सबसे चर्चित स्वतंत्र समाचार पत्रों में शामिल 'नोवाया गजेटा' ने सरकारी अधिकारियों के लगातार दबाव का हवाला देते हुए सोमवार को मॉस्को स्थित अपना कार्यालय बंद कर दिया। यह रूस में क्रेमलिन की आलोचना करने वाला आखिरी सक्रिय प्रमुख स्वतंत्र मीडिया संस्थान था। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा फरवरी 2022 में यूक्रेन में सैनिक भेजे जाने के बाद अन्य स्वतंत्र मीडिया संस्थान या तो बंद हो गए थे या अपना कामकाज विदेशों से करने लगे। अखबार ने 30 अक्टूबर को जारी एक बयान में कहा कि रूस के अधिकारियों और सुरक्षा एजेंसियों ने उसके संपादकीय दल को कामकाज बंद करने के लिए मजबूर किया है। 'नोवाया गजेटा' ने कहा, 'इस देश में मानवाधिकारों और स्वतंत्रता को खत्म कर दिया गया है और अब उनका बचाव करने को अपराध माना जाता है। चुनाव और निर्वाचित संस्थाओं को प्रभावी रूप से खत्म कर दिया गया है, नागरिक संस्थानों का सफाया हो चुका है और अंतरात्मा की स्वतंत्रता तथा मानवीय गरिमा को पैरों तले कुचल दिया गया है। 'नोवाया गजेटा' 1993 में शुरू हुआ था और जल्द ही अपनी पत्रकारिता और रूस में मानवाधिकारों के उल्लंघन व भ्रष्टाचार को उजागर करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए जाना जाने लगा।

ऑफ बीट

कैंसर की शुरूआती पहचान 'गैलरी' जांच से संभव



गैलेरी जांच शुरुआती अवस्था में एक साथ कई प्रकार के कैंसर का पता लगाने वाली जांचों की एक नयी श्रेणी में शामिल है। ये जांचें कैंसर का निश्चित निदान नहीं करतीं। यदि जांच में कैंसर होने का संकेत मिलता है, तो इसकी पुष्टि करने के लिए आगे की जांच जरूरी होती है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि व्यक्ति को वास्तव में कैंसर है या नहीं और यदि है, तो वह किस प्रकार का है। इसे बीमारी की शुरुआती पहचान के लिए की जाने वाली जांच के रूप में पेश किया जाता है। इसकी तुलना स्तन कैंसर की पहचान के लिए मैमोग्राफी या प्रोस्टेट कैंसर की जांच के लिए पीएसए जांच से की जा सकती है। गैलेरी का संभावित लाभ यह है कि इससे एक ही बार में कई तरह के कैंसर का पता लगाने की कोशिश की जाती है। गैलेरी जांच खून में मौजूद डीएनए के उन छोटे-छोटे अंशों की तलाश करती है, जिनका संबंध कैंसर से होता है। जब किसी व्यक्ति के डीएनए में गड़बड़ी आती है, तो इसकी वजह वंशानुगत उत्परिवर्तन या पर्यावरण से जुड़ा कोई कारक हो सकता है। ऐसी गड़बड़ी से कोशिकाओं के विभाजन को नियंत्रित करने वाली प्रक्रियाएं प्रभावित हो सकती हैं। इसके परिणामस्वरूप कोशिकाओं का अनियंत्रित विभाजन शुरू हो सकता है और कैंसर कोशिकाएं पनपने लगती हैं।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

'पार्टी के विदेश मामलों के विभाग के चेयरमैन खुर्शीद ने दी जानकारी

तेलंगाना में 13 और 14 नवंबर को होगा भारत समिट, 70 देशों के 1हजार प्रतिनिधि करेंगे शिरकत,नीति निर्माता व प्रमुख नेता आएंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में 13 और 14 नवंबर को भारत समिट का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश की कांग्रेस सरकार द्वारा आयोजित किए जा रहे इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में करीब 70 देशों के एक हजार प्रतिनिधि शिरकत करेंगे। कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में पार्टी के विदेश मामलों के विभाग के चेयरमैन सलमान खुर्शीद, तेलंगाना की कांग्रेस सरकार में मंत्री श्रीधर बाबू, तेलंगाना कांग्रेस अध्यक्ष महेश कुमार गौड़ और कांग्रेस कार्यसमिति के स्थायी आमंत्रित सदस्य गुरदीप सप्पल ने इस समिट की विस्तार से जानकारी दी। पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद ने कहा कि यह आयोजन ऐसे समय में हो रहा है, जब दुनिया में राजनीतिक बदलाव देखने को मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह समिट दुनिया भर के 70 देशों से लगभग 1,000



प्रतिनिधियों को एक साथ लाएगा, जिनमें नीति निर्माता और प्रगतिशील आंदोलनों के प्रमुख नेता शामिल हैं।

श्रीधर बाबू ने कहा कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी, उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष महेश कुमार गौड़ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार इस आयोजन की मेजबानी कर रही है। समिट में 12 अंतरराष्ट्रीय सत्र आयोजित किए जाएंगे। इनमें भू-राजनीतिक मुद्दे, नई विश्व व्यवस्था, सामाजिक चुनौतियां, जलवायु परिवर्तन, मीडिया की भूमिका, अंतरराष्ट्रीय पत्रकारिता और सूचना की विश्वसनीयता से जुड़े महत्वपूर्ण विषय शामिल हैं। इसके साथ ही तेलंगाना पर केंद्रित 08 सत्र भी आयोजित किए जाएंगे।

इन सत्रों में भविष्य के शहर और शहरीकरण, आर्थिक न्याय, सामाजिक न्याय, कल्याणकारी नीतियां, सहकारी संघवाद, संस्कृति और समाज, युवा और खेल तथा चुनावी निष्पक्षता जैसे विषय शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि भारत समिट के बाद 07 दिसंबर से 09 दिसंबर तक प्रदेश में इन्वेस्ट तेलंगाना ग्लोबल समिट भी आयोजित किया जाएगा। वहीं, महेश कुमार गौड़ ने कहा कि 70 देशों की भागीदारी वाला यह आयोजन राज्य के लिए गौरवपूर्ण अवसर है। पिछले वर्ष की तरह इस बार भी तेलंगाना में भारत समिट अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफल आयोजन साबित होगा।

इस समिट के महत्व को रेखांकित करते हुए गुरदीप सप्पल ने कहा कि पिछले 15 वर्षों में भारत के साथ-साथ पूरी दुनिया में नफरत और विभाजनकारी राजनीति का दौर बढ़ा है, जिससे जनता का बहुत नुकसान हुआ है। दुनिया भर की उदारवादी और प्रगतिशील पार्टियां भी इस चुनौती को समझ रही हैं। इसके अलावा आज बड़ी आईटी कंपनियां दुनिया की राजनीति को प्रभावित कर रही हैं। सप्पल के अनुसार, राहुल गांधी की पिछले वर्ष बर्लिन यात्रा के दौरान एक थिंक टैंक बनाने का विचार सामने आया था, ताकि इसके जरिए दुनिया में राजनीति के बदलते रूप का जवाब ढूंढा जा सके। इसकी शुरुआत हैदराबाद के समिट से होने जा रही है, जहां 70 थिंक टैंक शामिल होंगे।

खबर संक्षेप

उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन आज थूथुकुडी जाएंगे

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन बुधवार को तमिलनाडु के थूथुकुडी का दौरा करेंगे। इस दौरान



उपराष्ट्रपति थूथुकुडी में तमिलनाडु मर्केंटाइल बैंक लिमिटेड के 105वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल होंगे। वे अपने पूर्व संस्थान वीओ चिदंबरम कॉलेज के प्लैटिनम जुबली समारोह और छात्रों के मिलन कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे।

भ्रष्टाचार रोकने 500 के नोट बंद हों : चंद्रबाबू

हैदराबाद। आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि 500 और 2,000 रुपए के नोट बंद कर



देने चाहिए। सिर्फ 100 और 200 रुपए के नोट चलन में रहने चाहिए। बड़े नोटों का चलन कम करने,डिजिटल पेमेंट को बढ़ावा देने से भ्रष्टाचार पर रोक लगाने में मदद मिल सकती है। डिजिटल करेंसी को लेकर रिपोर्ट पीएम मोदी को सौंपी थी।

टाटा की फोन फैक्ट्री में हादसा, 3 की मौत

होसुर। तमिलनाडु के होसुर के पास टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स की फैक्ट्री में बड़ा हादसा हुआ है।सोमवार शाम



वेस्टवॉटर ट्रीटमेंट टैंक की मरम्मत और रखरखाव के दौरान 3 कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारियों की मौत हो गई। तीनों की जान जहरीली गैस की चपेट में आने से गई है। मौत की असली वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्पष्ट हो सकेगी।

ओवैसी ने यूसीसी को हिंदू सिविल कोड बताया

मुंबई। महाराष्ट्र में यूसीसी लागू करने की तैयारी को लेकर एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन



ओवैसी ने राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया फडणवीस सरकार यूसीसी लागू करने का फैसला कर चुकी है। हिंदू अनडिवाइडेड फैमिली को लेकर एक भी सवाल नहीं है। इससे सरकार की मंशा पर सवाल उठते हैं।

आखिर हवा के प्रदूषण में कब तक बनेंगे 'विश्वगुरु'?

कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे का कटाक्ष, बोले- देश को दीजिए हवा का हिसाब, भाजपा सरकार ने नहीं किए प्रदूषण से निपटने के उपाय

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

देश की राजधानी दिल्ली समेत उत्तर भारत के कई राज्यों में वायु प्रदूषण के गंभीर होते संकट के बीच कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने सवाल किया कि आखिर भारत वायु प्रदूषण के मामले में कब तक 'विश्वगुरु' बनने की दिशा में आगे बढ़ता रहेगा? खड़गे ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार के कार्यकाल में प्रदूषण से निपटने के लिए ठोस और दीर्घकालिक उपाय करने के बजाय टुकड़ों में कार्रवाई, प्रचार, अधूरे वादे और एक-दूसरे पर दोषारोपण ही सरकार की कार्यशैली बन गई है।



खड़गे ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी एक विस्तृत पोस्ट में दिल्ली के वायु प्रदूषण, प्रदूषण निगरानी केंद्रों के आंकड़ों में आई कथित गड़बड़ी, प्रदूषण नियंत्रण के लिए उपलब्ध धनराशि के इस्तेमाल और प्रदूषण से होने वाली मौतों के आंकड़ों का हवाला देते हुए केंद्र और भाजपा शासित राज्यों की सरकारों से जवाब मांगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सीधे निशाने पर लेते हुए कहा कि देश की जनता को अब आश्वासनों की नहीं, बल्कि 'हवा का हिसाब' चाहिए।

36 निगरानी केंद्रों से गायब हुए पीएम 2.5 के आंकड़े: खड़गे ने दिल्ली में प्रदूषण की निगरानी करने वाले केंद्रों के आंकड़ों पर सवाल उठाते हुए कहा कि पिछले वर्ष वायु गुणवत्ता निगरानी केंद्रों के आसपास पानी के टैंकरों से छिड़काव किए जाने को लेकर सवाल उठे थे। आरोप लगाए गए थे कि प्रदूषण के आंकड़ों को प्रभावित करने के लिए ऐसा किया जा रहा है। इस वर्ष जब प्रदूषण अपने चरम पर पहुंचा तो दिल्ली के 59 निगरानी केंद्रों में से 36 केंद्रों पर पीएम 2.5 के आंकड़े उपलब्ध नहीं थे।

दरअसल, दीपावली की रात आठ और नौ नवंबर के दौरान दिल्ली में प्रदूषण का स्तर तेजी से बढ़ा। नौ नवंबर की रात एक बजे केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के उपलब्ध रिकॉर्ड में 59 में से 36 निगरानी केंद्रों पर पीएम 2.5 की रीडिंग दर्ज नहीं थी। इस दौरान विशेषज्ञों ने आशंका जताई कि आंकड़ों में इस तरह के अंतर से प्रदूषण की वास्तविक गंभीरता का आकलन प्रभावित हो सकता है।

बाद में दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) की ओर से कुछ छूटे हुए आंकड़े जारी किए गए, जिनमें कई स्थानों पर पीएम 2.5 का स्तर बेहद खतरनाक पाया गया। हालांकि, सरकारी अधिकारियों ने तकनीकी गड़बड़ी की बात कही है। खड़गे ने इस स्थिति को गंभीर बताते हुए सवाल उठाया कि जब प्रदूषण का स्तर सबसे अधिक होता है, उसी समय निगरानी केंद्रों से आंकड़े गायब क्यों हो जाते हैं? उन्होंने कहा कि प्रदूषण की वास्तविक स्थिति सामने लाने के लिए निगरानी व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना जरूरी है।

दिल्ली में प्रदूषण से 17,188 मौतों का अनुमान: कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रदूषण से होने वाली मौतों के आंकड़ों का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 2023 में दिल्ली में पार्टिकुलेट मैटर यानी सूक्ष्म कणों से होने वाले वायु प्रदूषण के कारण अनुमानित 17,188 लोगों की मौत हुई। यह उस वर्ष दिल्ली में हुई कुल मौतों का लगभग 15 प्रतिशत है। उन्होंने ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज (जीबीडी) और सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर (सीआरईए) के आंकड़ों का हवाला दिया। खड़गे ने बच्चों पर प्रदूषण के गंभीर प्रभावों की ओर भी ध्यान दिलाया। उन्होंने कहा कि स्टेट ऑफ ग्लोबल एयर 2024 की रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2021 में भारत में पांच वर्ष से कम उम्र के 1,69,400 बच्चों की मौत वायु प्रदूषण से संबंधित कारणों से हुई थी।

उन्होंने कहा कि शोध में पीएम 2.5 के लंबे समय तक संपर्क में रहने से बच्चों के फेफड़ों के विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने और बाल मृत्यु दर बढ़ने के बीच संबंध सामने आया है। उत्तर भारत के राज्यों में यह खतरा विशेष रूप से गंभीर है। खड़गे के मुताबिक, वायु प्रदूषण अब केवल पर्यावरण से जुड़ी समस्या नहीं रह गया है, बल्कि यह देश के करोड़ों लोगों के स्वास्थ्य और जीवन से जुड़ा राष्ट्रीय संकट बन चुका है।

प्रदूषण नियंत्रण के लिए मिले हजारों करोड़ रुपए खर्च नहीं हुए: खड़गे ने दिल्ली सरकार की ओर से प्रदूषण नियंत्रण के लिए एकत्रित की गई धनराशि का पूरा इस्तेमाल नहीं किए जाने पर भी सवाल उठाए। उन्होंने सितंबर 2026 में आरटीआई के जवाब का हवाला देते हुए कहा कि पर्यावरण क्षतिपूर्ति शुल्क (एनवायरनमेंटल कंपनसेशन चार्ज) के रूप में एकत्रित राशि में से करीब 1,154 करोड़ रुपए खर्च नहीं किए गए हैं। यह कुल संग्रह का लगभग 60 प्रतिशत है। आरटीआई से सामने आए आंकड़ों के मुताबिक, दिल्ली सरकार को पर्यावरण क्षतिपूर्ति शुल्क के रूप में कुल 1,935.44 करोड़ रुपए प्राप्त हुए थे, जबकि इनमें से केवल 781.51 करोड़ रुपए ही खर्च किए गए। शेष राशि का बड़ा हिस्सा अप्रयुक्त पड़ा रहा।

खड़गे ने राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) के तहत मिली धनराशि के उपयोग पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि दिसंबर 2025 तक जारी की गई एनसीएपी की धनराशि में से दिल्ली सरकार केवल 17 प्रतिशत का ही इस्तेमाल कर पाई। उन्होंने सवाल किया कि जब प्रदूषण नियंत्रण के लिए संसाधन और बजट उपलब्ध हैं तो उनका समय पर और प्रभावी इस्तेमाल क्यों नहीं किया जा रहा है।

सुप्रीम कोर्ट ने चार सरकारों से दो सप्ताह में मांगा जवाब: प्रदूषण के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट की सक्रियता का उल्लेख करते हुए खड़गे ने कहा कि अदालत ने दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान की सरकारों को प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए विस्तृत जवाब और प्रस्तावित कदमों की जानकारी देने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि छह नवंबर को सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण के मामले की सुनवाई के दौरान संबंधित राज्यों को दो सप्ताह के भीतर अपने कदमों, वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) और न्याय मित्रों के सुझावों पर कार्रवाई तथा भविष्य की प्रस्तावित योजनाओं का ब्योरा पेश करने को कहा था।

वहीं, 10 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट ने वाहनों से होने वाले प्रदूषण पर विशेष चिंता जताते हुए दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के साथ दिल्ली नगर निगम तथा दिल्ली पुलिस से भी विस्तृत कार्ययोजना मांगी। अदालत ने पुराने और निर्धारित मानकों पर खरे नहीं उतरने वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई, प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र (पीयूसी) की जांच, वाहनों की आवाजाही और उत्सर्जन मानकों को लागू करने के संबंध में जानकारी मांगी है। इस मामले की अगली सुनवाई 23 नवंबर को निर्धारित की गई है।

दिल्ली-एनसीआर से बिहार तक जहरीली हवा का संकट: खड़गे ने कहा कि दिल्ली-एनसीआर से लेकर उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाणा, पंजाब और राजस्थान तक बड़ी आबादी जहरीली हवा में सांस लेने को मजबूर है। हर साल अक्टूबर से फरवरी के बीच प्रदूषण का स्तर खतरनाक स्थिति में पहुंच जाता है। इसके बावजूद सरकारों की ओर से हर वर्ष नए आश्वासन दिए जाते हैं और प्रदूषण के लिए एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालने का सिलसिला शुरू हो जाता है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के पुराने बयान का उल्लेख करते हुए कहा कि आठ मई 2019 को प्रधानमंत्री ने स्वयं वायु प्रदूषण को एक बड़ी चुनौती माना था। लेकिन पिछले 12 वर्षों में इस दिशा में सरकार की ओर से ठोस परिणाम सामने नहीं आए हैं। खड़गे ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने इस गंभीर समस्या पर केवल बयानबाजी की है, जबकि प्रदूषण नियंत्रण के लिए आवश्यक कदमों को प्रभावी ढंग से लागू नहीं किया गया।

स्वच्छ हवा जनता का मौलिक अधिकार, सरकार की जवाबदेही तय हो: खड़गे ने अपने बयान के अंत में सरकार से तीन प्रमुख मांगें रखीं। उन्होंने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण के लिए उपलब्ध धनराशि तत्काल खर्च की जाए, प्रदूषण फैलाने वाले स्रोतों से उत्सर्जन में प्रभावी कमी लाई जाए और पर्यावरण संबंधी नियमों को सख्ती से लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि देश को प्रचार और राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप की नहीं, बल्कि प्रदूषण से निपटने के लिए ठोस कार्ययोजना की जरूरत है। स्वच्छ हवा किसी सरकार की ओर से जनता को दी जाने वाली सुविधा या विशेषाधिकार नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक का मौलिक अधिकार है। खड़गे ने प्रधानमंत्री मोदी से सवाल किया कि क्या वह देश को 'हवा का हिसाब' देने का साहस दिखाएंगे? उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि सरकार होता के वास्तविक आंकड़े, खर्च की गई धनराशि और प्रदूषण कम करने के लिए उठाए गए कदमों का पूरा ब्योरा जनता के सामने रखे।

हरियाणा में धान की सरकारी खरीद में गिरावट चिंताजनक: सैलजा

पोर्टल,घोषणाओं से नहीं, खेतों तक पानी बिजली पहुंचाने से होगा किसानों का भला

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सिरसा से सांसद कुमारी सैलजा ने हरियाणा में धान की सरकारी खरीद में आई गिरावट पर चिंता व्यक्त करते हुए भाजपा सरकार की कृषि नीतियों पर सवाल उठाए हैं। सांसद ने आरोप लगाया कि सरकार पोर्टलों, घोषणाओं और प्रचार में व्यस्त है, जबकि किसान सिंचाई के पानी, बिजली, फसल खरीद और समय पर भुगतान जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए परेशान हैं। कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में धान खरीद का



लक्ष्य 58 लाख मीट्रिक टन निर्धारित किया गया था, लेकिन अब तक लगभग 44.93 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद हुई है। पिछले वर्षों की तुलना में यह गिरावट चिंताजनक है। सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि इसके पीछे मौसम, सिंचाई सुविधाओं, बिजली आपूर्ति और खरीद व्यवस्था की कितनी भूमिका रही है।सांसद ने कहा कि प्रदेश के अनेक क्षेत्रों में किसानों को पर्याप्त नहरी पानी और जरूरत के अनुसार बिजली नहीं मिल रही। इसके अतिरिक्त पोर्टल पर पंजीकरण, सत्यापन और तकनीकी खामियों के कारण किसानों को मंडियों में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सरकार को डिजिटल व्यवस्था सरल बनानी चाहिए, ताकि तकनीकी समस्याएं किसानों के अधिकारों में बाधा न बनें। सांसद ने कहा कि धान खरीद के बाद भुगतान में देरी किसानों की आर्थिक स्थिति को प्रभावित करती है। अगली फसल की बुवाई, खाद, बीज और अन्य कृषि जरूरतों के लिए किसानों को समय पर धन मिलना आवश्यक है। कुमारी सैलजा ने राज्य सरकार से मांग की कि धान उत्पादन और सरकारी खरीद में गिरावट के कारणों की निष्पक्ष समीक्षा कराई जाए। मंडियों में शेष धान की खरीद सुनिश्चित हो, लंबित भुगतान तत्काल जारी किए जाएं तथा नहरी पानी और बिजली संबंधी शिकायतों का प्राथमिकता से समाधान किया जाए।

केरल में कार्यक्रम भाजपा ने घेरा

स्वास्थ्य मंत्री 'वंदे मातरम' पूरा होने से पहले ही कुर्सी पर बैठ गए

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

केरलम में मंत्री आधिकारिक कार्यक्रम में 'वंदे मातरम' पूरा होने से पहले ही अपनी कुर्सी पर बैठ गए, जिससे विवाद खड़ा हो गया है। केरलम के स्वास्थ्य मंत्री के. मुरलीधरन ने कासरगोड में एक सरकारी कार्यक्रम के दौरान, राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के पूरा होने से पहले ही अपनी सीट पर वापस बैठ गए। यह घटना जिले के मुलेरिया फैमिली हेल्थ सेंटर में एक प्रयोगशाला के उद्घाटन के दौरान हुई।



सांसद और जिला कलेक्टर भी लौटे सीट पर

इस कार्यक्रम में उन्नीथन, वमाहिन औरकलेक्टर श्रीधन्या सुरेश भी मौजूद थे। ये तीनों भी वंदे मातरम का गायन पूरा होने से पहले ही अपनी सीटों पर लौट आए।

क्या है पूरा मामला?

जब 'वंदे मातरम' बजना शुरू हुआ, तो मंत्री के. मुरलीधरन, सांसद राजमोहन उन्नीथान, विधायक के. माहीन और कलेक्टर, गीत के पहले दो पद गाए जाने के बाद अपनी सीट पर बैठ गए। अन्य नेता, जिनमें विधायक के. नीलकंदन और डीसीसी अध्यक्ष पी.के. फैसल शामिल थे, पूरा गीत खत्म होने तक खड़े रहे। इस घटना को लेकर इनकी आलोचना की है। मंत्री ने पलटवार करते हुए कहा कि उन्हें देशभक्ति का पाठ पढ़ाने की जरूरत नहीं है।

एनसीपी विलय की अटकलों पर बोले सीएम फडणवीस

इस मामले में अटकलें गरम

हमारे बिना नहीं हो सकता दोनों गुटों का मर्जर, किसी ने कुछ नहीं बताया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि केवल एनसीपी नेता शरद पवार और सुनेत्रा पवार ही यह स्पष्ट कर सकते हैं कि नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के दोनों गुट आपस में विलय करेंग या नहीं।



मुंबई में अपने आधिकारिक आवास 'वर्षा' पर द्वाली मिलन समारोह के दौरान पत्रकारों से बातचीत में फडणवीस ने कहा, अगर शरद पवार और सुनेत्रा पवार विलय करने का फैसला करते हैं, तो वे खुद आकर हमें बताएंगे, क्योंकि हमारी सहमति के बिना विलय नहीं हो सकता। अभी तक उनमें से किसी ने भी हमें कुछ नहीं बताया है। यह बयान ऐसे समय में आया कि जब एनसीपी के दोनों गुटों के फिर से एक होने की अटकलें तेज हो गई हैं। हाल ही में, सुनेत्रा पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी के कई नेताओं ने एनसीपी प्रमुख शरद पवार से मुलाकात की थी। सीने में संक्रमण के कारण शरद पवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

पार्थ ने तुरंत मर्जर से किया इनकार

पार्थ पवार और शरद पवार के बीच लगातार हो रही मुलाकातों




के बाद महाराष्ट्र में एनसीपी के दोनों गुटों के मर्जर को लेकर नई अटकलें तेज हो गई। लेकिन अजीत गुट के पार्थ खेमे ने तुरंत मर्जर से साफ इनकार कर दिया है। पार्थ के करीबी सूत्रों के हवाले से बताया कि फिलहाल वे शरद पवार की लीडरशिप वाली एनसीपी के साथ मर्जर करने को तैयार नहीं हैं।

ठाकुर ने आईसीएआर-सीआईएफई के कोलकाता केंद्र का दौरा किया

केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने प्राकृतिक खेती, सतत कृषि पद्धतियों और प्रौद्योगिकी के प्रसार पर बल दिया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने मंगलवार को आईसीएआर-केंद्रीय मत्स्य शिक्षा संस्थान (आईसीएआर-सीआईएफई) के कोलकाता केंद्र का दौरा किया। इस दौरान ठाकुर ने कृषि विकास को गति देने, सतत कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने और किसानों के कल्याण में सुधार लाने के लिए केंद्र एवं राज्य सरकारों के बीच बेहतर सहयोग और समन्वय का आह्वान किया। पश्चिम बंगाल सरकार के कृषि मंत्री दूध कुमार मंडल ने कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लिया। ठाकुर ने उपस्थित जनसमूह को



संबोधित करते हुए कृषि विकास कार्यक्रमों के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार, राज्य सरकारों, कृषि अनुसंधान संस्थानों और अन्य हितधारकों के बीच समन्वित प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कृषि उत्पादकता और किसानों की आजीविका में सुधार लाने के लिए सहयोगात्मक अनुसंधान, प्रौद्योगिकी के प्रसार, क्षमता निर्माण और संस्थागत समन्वय के महत्व को भी रेखांकित किया। उन्होंने मृदा स्वास्थ्य बनाए रखने, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, रासायनिक इनपुट पर निर्भरता कम करने और दीर्घकालिक पर्यावरणीय स्थिरता सुनिश्चित करने में प्राकृतिक खेती एवं सतत कृषि पद्धतियों के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कृषि वैज्ञानिकों और संस्थानों को किसान हितैषी, आर्थिक रूप से व्यवहार्य तथा पर्यावरण की दृष्टि से टिकाऊ प्रौद्योगिकियों के विकास एवं प्रोत्साहन के लिए भी प्रेरित किया। इससे पूर्व, आईसीएआर-सीआईएफई, कोलकाता केंद्र के प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. टी. के. घोषाल ने कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों के विकास को आगे बढ़ाने में संस्थागत सहयोग के महत्व पर प्रकाश डाला।

खबर संक्षेप

प्रचार में फिल्म और टीवी सितारों को जोड़ा

नई दिल्ली। दिवाली के अवसर पर हल्दीराम्स ने अपने नए अभियान 'हल्दीराम्स से बनी खास दिवाली' की शुरुआत की है। इसके तहत कंपनी ने फिल्म, टेलीविजन, कॉमेडी और डिजिटल मनोरंजन जगत की कई जानी-मानी हस्तियों को शामिल किया है। कंपनी इस अभियान के माध्यम से अलग-अलग आयु वर्ग और क्षेत्रों के उपभोक्ताओं तक पहुंच बनाने की कोशिश कर रही है। इसके लिए सोशल मीडिया, डिजिटल वीडियो, क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म, प्रिंट और आउटडोर विज्ञापन का इस्तेमाल किया जा रहा है। फिल्म और ओटीटी जगत से श्रुति हासन, राणा दग्गुबाती, श्रीलीला, नेहा धूपिया, अंगद बेदी, रोहित सराफ, मालविका मोहनन और श्रिया पिलगांवकर अभियान से जुड़े हैं।

सीईएससी के मुनाफे में 2.2 प्रतिशत की गिरावट

नई दिल्ली। बिजली वितरण कंपनी सीईएससी लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की जुलाई- सितंबर तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 2.2 प्रतिशत घटकर 438 करोड़ रुपये रह गया। बीते वित्त वर्ष 2025-26 की समान तिमाही में कंपनी ने 448 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ कमाया था।

बजाज फाइनेंस ने 5,799 करोड़ के वारंट किए जारी

नई दिल्ली। गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) बजाज फाइनेंस ने अपनी प्रवर्तक कंपनी बजाज फिनसर्व को तरजीही आधार पर 5,799 करोड़ रुपये के 5.74 करोड़ वारंट जारी किए। बजाज फाइनेंस ने शेयर बाजार को बताया कि कंपनी के निदेशक मंडल की एक विशेष समिति ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के नियमों के तहत प्रवर्तकों को 1,010 रुपये प्रति वारंट के निर्गम मूल्य पर 5,74,25,740 वारंट जारी करने को मंजूरी दी है।

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

वाणिज्य मंत्रालय की इकाई डीजीटीआर ने स्वत: जांच की पहल की

डीजीटीआर ने चार देशों से एल्यूमीनियम उत्पादों की कथित डंपिंग की जांच शुरू की

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वाणिज्य मंत्रालय की जांच इकाई डीजीटीआर ने चीन, मलेशिया, वियतनाम और थाईलैंड से एल्यूमीनियम उत्पादों की कथित डंपिंग के खिलाफ स्वतः पहल करते हुए जांच शुरू की है। भारत इन देशों से होने वाले सस्ते आयात से सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) की इकाइयों को बचाना चाहता है। एक अधिसूचना में यह जानकारी दी गई है। आमतौर पर, घरेलू उत्पादकों की ओर से आवेदन दाखिल किए जाने के आधार पर व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) डंपिंग-रोधी जांच शुरू करता है। हालांकि, उद्योगों के पास अक्सर व्यापार उपचार जांच के लिए जरूरी जानकारी एवं विशेषज्ञता नहीं होती है। ऐसे में निदेशालय स्वतः पहल कर इन मामलों की जांच करता है।

जांच चीन मलेशिया वियतनाम और थाईलैंड के खिलाफ

सरकार सस्ते आयात से एमएसएमई की इकाइयों को बचाना चाहती है

डीजीटीआर को एलेमाई से मिला आवेदन

डीजीटीआर की अधिसूचना के अनुसार, उसे एल्युमीनियम एक्सट्रूजन मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एलेमाई) से अभ्यावेदन मिले हैं। यह संगठन 'एल्युमीनियम एक्सट्रूजन प्रोफाइल, स्ट्रक्चर और उत्पादों' के 228 विनिर्माताओं का प्रतिनिधित्व करता है। महानिदेशालय ने कहा कि डंपिंग के जरिये आयात में उल्लेखनीय वृद्धि से घरेलू उद्योग को नुकसान हो रहा है।



जांच के दायरे में ये उद्योग आएंगे

जांच के दायरे में आने वाले उत्पादों का इस्तेमाल औद्योगिक, परिवहन, बिजली और इंजीनियरिंग से जुड़े कई क्षेत्रों में होता है। इनमें खिड़कियां, दरवाजे, पर्दे की दीवारें, विभाजन, रेलिंग और प्रकाश व्यवस्था से जुड़े प्रोफाइल, औद्योगिक फ्रेमिंग, सौर ऊर्जा संयंत्रों में इस्तेमाल होने वाली माउंटिंग संरचनाएं, सीढ़ियां, फर्नीचर, रसोई और अलमारी के प्रोफाइल तथा साइकिल के पुर्जे शामिल हैं।

उद्योगों के नुकसान की भरपाई हो सके

साथ ही, वह डंपिंग-रोधी शुल्क की ऐसी राशि लगाने की सिफारिश करेगा, जिससे घरेलू उद्योग को हुए नुकसान की भरपाई हो सके। यदि यह साबित होता है कि इन उत्पादों की डंपिंग से घरेलू कंपनियों को गंभीर नुकसान हुआ है, तो डीजीटीआर इन आयातों पर डंपिंग-रोधी शुल्क लगाने की सिफारिश करेगा। वित्त मंत्रालय ही डंपिंग-रोधी शुल्क लगाने पर अंतिम निर्णय करता है।

जवाबी कार्रवाई के तौर पर लगाया जाता है शुल्क


देश यह पता लगाने के लिए डंपिंग-रोधी जांच करते हैं कि क्या सस्ते आयात में अचानक वृद्धि से घरेलू उद्योगों को नुकसान पहुंचा है। इसकी जवाबी कार्रवाई के तौर पर वे जिनेवा स्थित विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की बहुपक्षीय व्यवस्था के तहत ये शुल्क लगाते हैं। इस शुल्क का उद्देश्य व्यापार की निष्पक्ष प्रक्रियाएं सुनिश्चित करना और घरेलू उत्पादकों को विदेशी उत्पादकों एवं निर्यातकों के मुकाबले समान अवसर उपलब्ध कराना है।

मुथूट फाइनेंस ने स्वच्छता सुविधाओं के लिए एक करोड़ की नई पहल की घोषणा की

नई दिल्ली। मुथूट फाइनेंस लिमिटेड ने उत्तर, पूर्व और पश्चिम भारत के सरकारी स्कूलों में स्वच्छता सुविधाओं के उन्नयन के लिए एक करोड़ रुपये की नई पहल की घोषणा की है। इसके साथ ही, कंपनी ने अपने पूर्व चेयरमैन स्वर्गीय एम. जी. जॉर्ज मुथूट की 77वीं जयंती के अवसर पर समुदाय के कल्याण से जुड़ी 11 नई परियोजनाओं की भी शुरुआत की। मुथूट ग्रुप के प्रबंध निदेशक अलेक्जेंडर जॉर्ज मुथूट ने मुथूट ग्रुप के कॉरपोरेट ऑफिस नॉर्थ में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान इन सीएसआर परियोजनाओं की घोषणा की। इस एक करोड़ रुपये की प्रमुख स्वच्छता पहल का उद्देश्य सरकारी स्कूलों, विशेषकर ग्रामीण और वंचित क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं की कमी को दूर करना है। इस पहल के तहत मुथूट फाइनेंस प्रत्येक स्कूल में एक से चार तक उपयोगी शौचालय इकाइयों का निर्माण या नवीनीकरण करेगा। इस परियोजना में स्वच्छता सुविधाओं की उपलब्धता और मासिक धर्म संबंधी स्वच्छता प्रबंधन को प्राथमिकता दी गई है। इसका उद्देश्य विशेष रूप से छात्राओं की स्कूलों में उपस्थिति बढ़ाना है। स्वच्छ भारत अभियान के तहत इस पहल के अंतर्गत मुथूट फाइनेंस ने हाल ही में हरियाणा के करनाल जिले के पानीपत स्थित बरौली के गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एक नए शौचालय ब्लॉक का निर्माण पूरा कर उसका उद्घाटन किया। इससे लगभग 800 विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। समुदाय के कल्याण के लिए अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए मुथूट सीएसआर ने शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल, सड़क सुरक्षा और दिव्यांगजनों के सहयोग जैसे क्षेत्रों में 11 लक्षित परियोजनाओं की भी शुरुआत की है। शिक्षा के क्षेत्र में इन पहलों के तहत उत्तर दिल्ली के कक्षा 8वीं और 9वीं के 100 मेधावी विद्यार्थियों को मुथूट एम. जॉर्ज एक्सीलेंस अवॉर्ड प्रदान किया जाएगा।



पीएम ने इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स के एमडी डॉ. दीपक भोज के लिए आमंत्रित किया



नई दिल्ली। दुनिया की सबसे बड़े और सफल कंपनियां उन दूरदर्शी लोगों द्वारा बनाई गई हैं, जिनमें अपने साहसिक सपनों को अंतरराष्ट्रीय सफलता की कहानियों में बदलने का साहस था। आज, इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड भारत की इंजीनियरिंग उत्कृष्टता का एक सशक्त उदाहरण है, जो वैश्विक स्तर पर एक सम्मानित नाम बन चुकी है।वर्ष 2026 में अपनी शानदार यात्रा के तीन दशक पूरे करने के साथ, आईटीएल ने राष्ट्रीय गौरव का एक विशेष मुकाम हासिल किया है। आईटीएल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. दीपक मित्तल को हाल ही में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की ओर से एक विशेष लंच के लिए निमंत्रण प्राप्त हुआ। यह भोज 27 अक्टूबर 2026 को नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में लिकटेंस्टीन के क्राउन प्रिंस, एच.एस.एच. हेरेडिटरी प्रिंस एलॉइस के सम्मान में आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम का उद्देश्य इफटीए व्यापार और इकनोमिक पार्टनरशिप एग्रीमेंट के तहत द्विपक्षीय और आर्थिक सहयोग को मजबूत करना था।लिकटेंस्टीन के क्राउन प्रिंस एच.एस.एच. एलॉइस का भारत दौरा, जिसमें यूरोप के शीर्ष उद्योगपतियों का एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी शामिल था, भारत और लिकटेंस्टीन के बीच तेजी से मजबूत हो रहे आर्थिक और रणनीतिक संबंधों को रेखांकित करता है। ऐतिहासिक 'भारत- व्यापार और इकनोमिक पार्टनरशिप एग्रीमेंट' के लागू होने के बाद, उच्च-स्तरीय चर्चाओं में मुख्य रूप से प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। इनमें एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग, औद्योगिक तकनीक, सतत विकास और सीमा-पार व्यावसायिक निवेश जैसे क्षेत्र शामिल हैं। यह अवसर एक महत्वपूर्ण पड़ाव था, जिसमें डॉ. दीपक मित्तल जैसे दूरदर्शी भारतीय व्यापारिक नेताओं की उपस्थिति रही। साथ ही, इसमें निजी क्षेत्र के दूरदर्शी नेताओं की अहम भूमिका रही, जिन्होंने द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने, तकनीकी साझेदारी को मजबूत करने और भारत तथा मध्य यूरोपीय अर्थव्यवस्थाओं के बीच एक मजबूत व्यावसायिक सेतु बनाने में योगदान दिया।इस अवसर पर बोलते हुए, डॉ. दीपक मित्तल, मैनेजिंग डायरेक्टर, इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड ने कहा, ''मैं माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का तहे दिल से आभारी हूँ कि उन्होंने मुझे लिकटेंस्टीन के क्राउन प्रिंस, एच.एस.एच. हेरेडिटरी प्रिंस एलॉइस के सम्मान में आयोजित इस विशेष लंच में आमंत्रित किया।

सोना 500 रुपये टूटकर 1,46,400 रुपये पर

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमत 500 रुपये टूटकर 1,46,400 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। कमजोर वैश्विक रुख और अमेरिकी डॉलर में मजबूती से निवेशकों की कारोबारी धारणा प्रभावित होने के कारण सोने की कीमतों में गिरावट आई। सोमवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 1,46,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। स्थानीय कारोबारियों ने बताया कि हालांकि, चांदी की कीमत लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में 1,92,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर स्थिर रही। कारोबारियों के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमतों में कमजोरी के अनुरूप घरेलू बाजार में भी सोने के भाव में गिरावट आई। डॉलर में मजबूती ने भी कीमतों पर दबाव बनाया। उन्होंने कहा कि दिवाली के दौरान सोने की कमजोर लिवाली की वजह से भी इसकी कीमतों को सहारा नहीं मिल पाया।

विदेशी निवेशकों ने बाजार में लगाए 53,739 करोड़ रुपये

नई दिल्ली (एजेंसी)। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने लगातार दो महीने तक निकासी के बाद नवंबर के पहले नौ दिन में ही भारतीय शेयर बाजार में 53,739 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया है। वैश्विक स्तर पर कृत्रिम मेधा (एआई) से जुड़ी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली, घरेलू कंपनियों की मजबूत आय वृद्धि और बड़ी कंपनियों के शेयरों का आकर्षक मूल्यांकन इसकी प्रमुख वजहें रहीं। डिपॉजिटरी के पास उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, एफपीआई ने दो से नौ नवंबर के बीच छह कारोबारी सत्रों के दौरान भारतीय शेयरों में शुद्ध रूप से 53,739 करोड़ रुपये लगाए।इससे पहले उन्होंने अक्टूबर में 34,843 करोड़ रुपये और सितंबर में 35,861 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की थी। हालांकि, नवंबर में निवेश लौटने के बावजूद कैलेंडर वर्ष 2026 में अब तक भारतीय शेयर बाजार से एफपीआई की कुल शुद्ध निकासी 2.41 लाख करोड़ रुपये रही है।

- भारतीय शेयर बाजार में नवंबर के नौ दिनों में यह निवेश किया

के.आर. मंगलम विश्वविद्यालय में 13 नवंबर को होगी विकसित भारत ज़िला युवा संसद

नई दिल्ली। के.आर. मंगलम विश्वविद्यालय को युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित विकसित भारत युवा संसद – 2026 के लिए लगातार तीसरी बार नोडल संस्थान के रूप में चुना गया है। पिछले तीन वर्षों से लगातार यह ज़िम्मेदारी मिलना विश्वविद्यालय की युवाओं के प्रति प्रतिबद्धता, उत्कृष्ट आयोजन क्षमता और राष्ट्र निर्माण में उसकी सक्रिय भूमिका पर भरोसे को दर्शाता है। यह प्रतिष्ठित पहल युवाओं को राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया से जोड़ने और उन्हें लोकतांत्रिक मंच पर अपने विचार रखने का अवसर देने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। जिला युवा संसद (डीवाईपी) का आयोजन शुक्रवार, 13 नवंबर 2026 को के.आर. मंगलम विश्वविद्यालय, सोहना रोड, गुरुग्राम (हरियाणा) में किया जाएगा। इस वर्ष युवा संसद का विषय "नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत" रखा गया है। इसके अंतर्गत युवा नशे की समस्या, उसके सामाजिक प्रभाव और नशा मुक्त समाज के निर्माण में अपनी भूमिका पर विचार-विमर्श करेंगे। इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं में नेतृत्व क्षमता, तार्किक सोच, प्रभावी संवाद कौशल और लोकतांत्रिक मूल्यों की समझ विकसित करना है। साथ ही, युवाओं को संसदीय प्रक्रियाओं से परिचित कराना, समसामयिक राष्ट्रीय मुद्दों पर उनकी जागरूकता बढ़ाना और उन्हें नशा मुक्त, सशक्त एवं विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदार बनने के लिए प्रेरित करना भी इसका प्रमुख लक्ष्य है। कार्यक्रम में 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के विद्यार्थी माय भारत पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण कर भाग ले रहे हैं।



हरियाणा सरकार — **निविदा सूचना**

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	दि रोहतक सह. दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड	पुराने साइक्लोन का विखण्डन और नये साइक्लोन की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन।	10.11.2026 16.11.2026	20,000/-	www.vitaindia.org.in	9896401185 vitarohtak@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/50891/I/88/7 दि. 10.11.26

भारतीय एयरलाइंस की हिस्सेदारी घटी

देश में वैश्विक हवाई यात्रियों की संख्या 6.1 प्रतिशत बढ़ी

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत में अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्रियों की संख्या वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान 6.1 प्रतिशत बढ़कर 7.87 करोड़ हो गई, जबकि भारतीय एयरलाइन कंपनियों की हिस्सेदारी एक साल पहले के 45.7 प्रतिशत से घटकर 44.4 प्रतिशत रह गई। डीजीसीए की तरफ से जारी 'नागर विमानन सांख्यिकी पुस्तिका 2025-26' के मुताबिक, अंतरराष्ट्रीय हवाई यातायात में विदेशी एयरलाइन कंपनियों की हिस्सेदारी 55.6 प्रतिशत रही। देश में कुल हवाई यात्री यातायात 2.7 प्रतिशत बढ़कर 24.61 करोड़ रहा, जो वित्त वर्ष 2024-25 में 23.97 करोड़ था। इसमें घरेलू हवाई यातायात 1.1 प्रतिशत बढ़कर 16.74 करोड़ और अंतरराष्ट्रीय यातायात 6.1 प्रतिशत बढ़कर 7.87 करोड़ रहा। अंतरराष्ट्रीय यातायात के आंकड़ों में भारत आने और यहां से विदेश जाने वाले, दोनों तरफ के यात्री शामिल हैं। वित्त वर्ष 2015-16 से 2025-26 के दौरान घरेलू यात्री यातायात में सालाना औसतन सात प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि अंतरराष्ट्रीय यात्री यातायात की वृद्धि दर 4.6 प्रतिशत रही, भारत में अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का संचालन करने वाली 90 अनुसूचित एयरलाइन कंपनियों में शीर्ष 10 की कुल यात्री यातायात में करीब 65 प्रतिशत हिस्सेदारी रही, जबकि शीर्ष 15 कंपनियों की हिस्सेदारी 73.1 प्रतिशत थी।

COURT NOTICE
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
Ms. Mansi Gaur
Additional Civil Judge (Senior Division), Ganaur
Narender
Vs.
Jai Parkash Indora
CNR No. HRSOA0-000621-2025
CASE No. CS/495/2025
Next Date : 18.12.2026

It is prayed that a decree for Specific Performance directing the defendants to execute and register the sale deed in respect of the suit property as detailed in the plaint in favour of the plaintiff as per the ATS dated 02.05.2025 as the plaintiff is ready to pay the balance sale consideration to the defendants and a decree for possession by directing the defendants to hand over vacant, peaceful physical pcssession of the suit property to the plaintiff, may kindly be passed in favour of the plaintiff and against the defendants, in the interest of justice.

PUBLICATION ISSUED TO :-
1.Jai Parkash Indora S/o Mahender Singh Indora 2.Lavekesh Indora 3.Piyush both sons of Jai Parkash Indora S/o Mahender Singh Indora all residents of 1B/6, NPL Colony, New Rajender Nagar, New Delhi - 110060 Mob. No. 6299651164

In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **18.12.2026 at 10:00 a.m.**
For details logon to **https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Sonipat**
Sd/- Additional Civil Judge (Senior Division), Ganaur
Dated, this day of 10.11.2026

कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला - रायपुर (छत्तीसगढ़)

क्रं./3973/न.पा.नि./स्वा. शाखा/2026-27/
बीरगांव, दिनांक 07 / 11 / 2026

जेम पोर्टल बिड आमंत्रण सूचना

नगर पालिक निगम बीरगांव सीमा अंतर्गत आगामी 12 माह के लिये सड़क व नाली सफाई हेतु पात्र फर्मों / सेवा प्रदाताओं से जेम पोर्टल में बिड के माध्यम से दरें आमंत्रित है। Gem Bid No. GEM/2026/B/8206542, GEM/2026/B/8247475, GEM/2026/B/8247495 and GEM/2026/B/8246469. Bid Due Date - As per Bid, Physical Submission Last Date - At least 30 minutes prior to the scheduled date and time for bid Opening. Bid Opening Date- As per Bid (Scheduled).

इच्छुक सक्षम निविदाकार नियम व शर्तें, धरोहर राशि, बैंक साल्वेंसी, Key Dates इत्यादि विस्तृत जानकारी कार्यालयीन अवधि में निकाय कार्यालय से प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही यह जानकारी संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में भी उपलब्ध है। इसे Gem Portal के माध्यम से बिड भरने की कार्यवाही कर सकते हैं।

आयुक्त
नगर पालिक निगम बीरगांव
जिला रायपुर (छ.ग.)

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **नितिन उर्फ कमल पुत्रः स्व. श्री. वीरेंद्र पताः मकान नंबर 854, फेस–1, गौतमपुरी, बदरपुर, नई दिल्ली, इसके अलावाः गांव–पिपली, जिला–बिजनौर, यूपी FIR No. 397/2016 U/s 377/323/506 IPC & 4 POCSO थानाः बदरपुर, नई दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया हैकि उक्त अभियुक्त **नितिन उर्फ कमल** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गए है कि उक्त अभियुक्त **नितिन उर्फ कमल** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 397/2016 U/s 377/323/506 IPC & 4 POCSO थानाः बदरपुर, नई दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **नितिन उर्फ कमल** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **11.12.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।


आदेशानुसार
सुश्री मनु वेदवान
DP/16290/SE/2026 एएसजे–01 (पीओसीएसओ), कमरा नंबर 315
(Court Matter) साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

थाना सै. 8 — जिला फरीदाबाद।

ईस्तेहार मृतक लाश

आपको सूचित किया जाता है आज दिनांक 02.11.2026 को E.R.V से फोन आया कि एक नाम पता ना मालूम व्यक्ति की नाश बाटा चौक के शराब के ठेके के पीछे मलाड कालोनी के पास लावारिस अवस्था में मिली है जो दिनांक 02.11.2026 को नाम पता ना मालूम मृतक व्यक्ति की नाश को शिनाख्त हेतु सिविल हस्पताल बी. के. फरीदाबाद में रखवाया गया है।

मृतक व्यक्ति का हुलिया इस प्रकार से है रंग सावला, लम्बुतरा चेहरा, दुबला पतला शरीर, दाई आंख के उपर तिल का निशान कद 5 फुट 6 ईंच उम्र 62 साल है। जिसने काले कलर का लोवर व लाल कलर की टिशर्ट पहने है। मृतक के बारे किसी के पास कोई सूचना हो तो प्रबंधक थाना सै. 8 फरीदाबाद को सूचित किया जावे।



प्रबंधक अफसर - 9582200134
I/O HC राहुल कुमार 9332333339

हस्ता/-प्रबंधक अफसर
थाना से. 8 फरीदाबाद
दिनांक 02.11.2026
पीआरडीएच-1084/11/5588/2027/50883/88/7 दि. 10.11.26

राशिफल

मेष — मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। माता-पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

वृष — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर भी ध्यान दें। पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। बौद्धिक कार्यों से आय बढ़ेगी।

मिथुन — मन परेशान रहेगा। संयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

कर्क — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

सिंह — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

कन्या — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

तुला — मन प्रसन्न रहेगा। परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

वृश्चिक — आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी।

धनु — आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत परिणाम मिलेंगे।

मकर — वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

कुंभ — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा। फिर भी व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

मीन — परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाना हो सकता है।

शब्द पहेली - 6403




बाएँ से दाएँ
1.शरीफ,नेकनीयत–5
4.जिसे सुनाई न दे–3
6.मां का भाई–2
7.एकमात्र,सिर्फ एक–3
8.अधिकार–2
10.सिर झुकाना–3
11.दुर्घटना–4
14.दूध फाड़कर बनाया जानेवाला पदार्थ–3
16.राजदार–4
17.राजा की पत्नी–2
18.वीज, वीर्य–2
19.मीठा पेय पदार्थ–4
21.पानी की बूंद–3
22.अवरोध,बाधा–4
24.मैला,अस्वच्छ–3
25.पानी,जल–2
27.पुत्र,लड़का–3
28.लाश,पार्थिव देह–2
29.थकावट–3
30.मन मोहने वाला–5

ऊपर से नीचे
1.समाजवाद को माननेवाला अनुयायी–5
2.अस्थमा–2
3.राज्य,सल्तनत–4
4.तन,काया,देह–3
5.रास्ता,मार्ग–2
7.नखरा,भुगतान–2
9.डोली उठाने वाले–3
12.बिजली,विद्युत रश्मि–3
13.भद्रता,नेकनियत –4
15.कमल,पंकज–3
16.बुखरा,ज्वर ताप–4
17.आराम,मदद–3
18.घना वन–3
20.मन को भाने वाला –2,3
21.कथा,गाथा–3
22.कहासुनी–4
23.मनन करना–3
24.शराब–2
26.घोड़ागाड़ी–2
28.बढ़ावा देना–2

शब्द पहेली-6402 का हल

	रा	ह	ज	नी		फि	स	ल	ना	
अ		क	हा	र		त	न	य		बु
ह	क		न	व		र	म		फ	न
म	म	ता		ता	क	त		वा	त	क
क	र	त	ब		म		त	ल	वा	र
			ल	ह	र	दा	र			
ला	व	ज	मा		बं		स	ह	ल	ज
ज	त	न		म	द	द		म	ग	न
वा	न		क	न		ह	म		न	म
ब		त	म	स		ली	ट	र		त
	मे	ह	रा	ब		ज	र	ब	फ्त	



डब्ल्यूटीए फाइनल्स

सबालेंका की विजयी शुरुआत, एक घंटे 53 मिनट में मुचोवा को पछाड़ा



एजेंसी ▶▶| इंडियन वेल्स

एरिना सबालेंका ने कैरोलिना मुचोवा को सीधे सेट में 7-6 , 7-5 से हराकर 2026 डब्ल्यूटीए फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की।

पूर्व विश्व नंबर एक सबालेंका ने 1 घंटे 53 मिनट तक चले मुकाबले में कड़े संघर्ष के बाद जीत हासिल की। उनका अगला मुकाबला तीसरी वरीयता प्राप्त मीरा आंद्रीवा से होगा। विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज सबालेंका 2022 के बाद पहली बार बिना किसी ग्रैंडस्लैम खिताब के सत्र का समापन करेंगी। वह डब्ल्यूटीए की साल के अंत की नंबर एक रैंकिंग की दौड़ से भी बाहर हो चुकी हैं। उनकी प्रतिद्वंद्वी एलेना रिबाकिना के वायरल बीमारी के कारण डब्ल्यूटीए फाइनल्स से हटने के बावजूद सबालेंका शीर्ष स्थान हासिल नहीं कर सकेंगी। हालांकि 28 वर्षीय सबालेंका के पास पहली बार सत्र के अंतिम टूर्नामेंट का खिताब जीतने का मौका है। वह इससे पहले 2022 और 2025 में उपविजेता रही थीं।

बारिश ने बिगाड़ा बुमराह-जडेजा का खेल भारत-न्यूजीलैंड 'ए' सीरीज 0-0 से ड्रॉ

एजेंसी ▶▶| लिंकन

जसप्रीत बुमराह और रविंद्र जडेजा को लंबे ब्रेक के बाद मैच अभ्यास हासिल करने का मौका नहीं मिल सका क्योंकि भारत ए और न्यूजीलैंड ए के बीच तीसरा अनौपचारिक टेस्ट चौथे और अंतिम दिन का खेल बारिश की भेंट चढ़ने के कारण ड्रॉ समाप्त हुआ। मैच के तीसरे दिन सोमवार को भी बारिश के कारण खेल नहीं हो सका था। इस तरह तीन मैच की श्रृंखला के सभी मुकाबले ड्रॉ रहे। भारत ए ने यशस्वी जायसवाल के श्रृंखला के लगातार दूसरे शतक और साई सुदर्शन, ध्रुव जुरेल, तिलक वर्मा तथा वाशिंगटन सुंदर के अर्धशतकों की मदद से 5 विकेट पर 464 रन बनाकर पारी घोषित की थी। न्यूजीलैंड ए ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 2 विकेट पर 36 रन बनाए थे।

19 नवंबर से वेलिंगटन में टेस्ट सीरीज

भारतीय टीम के नजरिए से यह मुकाबला काफी महत्वपूर्ण था क्योंकि ब्रेक के बाद वापसी कर रहे बुमराह और जडेजा को मैच अभ्यास का मौका मिलने की उम्मीद थी। बुमराह ने अपना पिछला मैच तीन अक्टूबर को जापान के आइची-नागोया में पाकिस्तान के खिलाफ एशियाई खेलों के फाइनल में खेला था। उन्हें न्यूजीलैंड दौरे के सीमित ओवरों के चरण से विश्राम दिया गया था, जिससे कि 19 नवंबर से वेलिंगटन में शुरू होने वाली दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए वह तरोताजा रह सकें। इस मुकाबले में बुमराह को केवल छह ओवर गेंदबाजी करने का मौका मिला, जिसमें उन्होंने 11 रन दिए। वह टेस्ट श्रृंखला से पहले कई स्पैल गेंदबाजी करके अच्छी लय हासिल करना चाहते थे लेकिन खराब मौसम ने उनकी तैयारियों पर पानी फेर दिया।



तीसरे नंबर पर पडिक्कल की जगह लगभग पक्की

पडिक्कल ने पहले अनौपचारिक टेस्ट में 199 रन बनाए थे, जिससे उन्होंने तीसरे नंबर पर अपनी जगह लगभग पक्की कर ली। सुदर्शन ने भी कुछ अर्धशतक जड़कर अपनी उपयोगिता साबित की। लंबे समय तक चोट से जूझने के बाद आकाश दीप भी धीरे-धीरे लय हासिल कर रहे हैं। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि मुख्य कोच गौतम गंभीर और टेस्ट कप्तान शुभमन गिल, बुमराह, मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा के अलावा चौथे विशेषज्ञ तेज गेंदबाज को टीम में शामिल करते हैं या नहीं। आकाश दीप उपयोगी बल्लेबाजी करने में भी सक्षम हैं।

जडेजा को मिला बल्लेबाजी का मौका

विदेशी परिस्थितियों में आमतौर पर प्रमुख बल्लेबाज की भूमिका निभाने वाले जडेजा को बल्लेबाजी का मौका मिला। उन्होंने 71 गेंद का सामना करते हुए 25 रन बनाए और एक घंटे 20 मिनट तक क्रीज पर रहे। हालांकि जडेजा को गेंदबाजी का मौका नहीं मिला क्योंकि भारत ए की टीम केवल 14 ओवर ही गेंदबाजी कर सकी।

8 प्लेयर होंगे वेलिंगटन रवाना

बुमराह, जडेजा के अलावा जायसवाल, देवदत्त पडिक्कल, साई सुदर्शन, वाशिंगटन सुंदर और आकाश दीप अब वेलिंगटन रवाना होंगे, जहां भारतीय सीनियर टीम की नजरें बारिश नहीं होने की स्थिति में छह अभ्यास सत्र के जरिए तैयारी करने पर होंगी।भारत ए की श्रृंखला की बात करें तो जायसवाल के लगातार दो शतक और पडिक्कल का शानदार प्रदर्शन टीम के लिए दो बड़ी सकारात्मक चीजें रहीं।

खबर संक्षेप



अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करेंगे भरत

अबुधाबी। भारत के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज केएस भरत ने कहा कि उनकी नजरें फरवरी 2027 में अनिवार्य ब्रेक का समय (कूलिंग ऑफ पीरियड) समाप्त होने के बाद संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की राष्ट्रीय टीम के जरिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी पर टिकी हैं। भरत ने 2023 से 2024 के बीच भारत के लिए 7 टेस्ट मैच खेले थे। उन्होंने इस साल जून में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी, जिसके बाद वह दुनिया भर की टी20 लीग में खेलने के पात्र हो गए थे। अबुधाबी टी10 में एमिरेट्स ईगल्स की ओर से खेल रहे भरत ने कहा, ''देश के लिए टेस्ट क्रिकेट खेलना सबसे शानदार एहसास होता है। इसकी बराबरी कोई नहीं कर सकता। लेकिन एक खिलाड़ी के तौर पर आप सिर्फ खेलना चाहते हैं। मैं पिछले कई वर्षों से घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन कर रहा हूं।'


12 नवंबर को न्यूजीलैंड रवाना होंगे पंत



नई दिल्ली। स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला से पहले बीसीसीआई के 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' से फिटनेस मंजूरी मिलने की उम्मीद है। पंत फिटनेस संबंधी मंजूरी मिलने के बाद गुरुवार को न्यूजीलैंड के लिए रवाना हो सकते हैं। उनकी मौजूदगी टेस्ट टीम को मजबूती प्रदान करेगी। बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया, 'पंत पूरी तरह फिट हैं। वह आज सीओई में मैच सिमुलेशन (मैच जैसी परिस्थिति) अभ्यास कर रहे हैं। बुधवार को उनका एक और सिमुलेशन सत्र निर्धारित है। दोनों सत्र सफलतापूर्वक पूरे करने के बाद पंत 12 नवंबर को वेलिंगटन के लिए रवाना हो जाएंगे।'

शतरंज में भारत का शतक पूरा, 22 साल के श्रीवात्री बने 100वें ग्रैंडमास्टर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अनुज श्रीवत्री को भारत का 100वां ग्रैंडमास्टर बनने पर बधाई देते हुए कहा कि शतरंज में यह शतक पूरा करना देश के लिए एक असाधारण उपलब्धि है। मोदी ने कहा कि भारत में 100 ग्रैंडमास्टर होना खिलाड़ियों की अपार प्रतिभा, समर्पण और कड़ी मेहनत के साथ ही देश के युवाओं के बीच इस खेल की बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, 'भारत ने शतरंज में शतक पूरा कर लिया है! है ना यह असाधारण उपलब्धि? भारत अब 100 शतरंज ग्रैंडमास्टर वाला देश बन गया है। भारत के 100वें शतरंज ग्रैंडमास्टर बनने पर अनुज श्रीवत्री को बधाई! यह कितनी शानदार उपलब्धि है।' उन्होंने कहा, 'उम्मीद है कि यह उपलब्धि कई और युवाओं को शतरंज अपनाने और उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रेरित करेगी।'

मध्यप्रदेश के निवासी है अनुज श्रीवत्री

मध्यप्रदेश के अनुज श्रीवत्री ने फिलिपीन्स के सिनाकाबान में सातवीं आसियान प्लस व्यक्तिगत ओपन शतरंज चैंपियनशिप जीतकर भारत के 100वें ग्रैंडमास्टर बनने का गौरव हासिल किया। दिग्गज शतरंज खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद 1988 में भारत के पहले ग्रैंडमास्टर बने थे।

विश्व निशानेबाजी चैंपियनशिप

टीम को गोल्ड मेडल, पदक से चूकी ईशा और मनु





एजेंसी ▶▶| दोहा

भारतीय निशानेबाजों ने आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में मंगलवार को महिला 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा का टीम स्वर्ण पदक जीतकर देश का मान बढ़ाया, लेकिन व्यक्तिगत फाइनल में स्टार निशानेबाज मनु भाकर और ईशा सिंह पदक के साथ ही 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक का कोटा हासिल करने का मौका चूक गईं। व्यक्तिगत फाइनल में ईशा सिंह आठवें और अंतिम स्थान पर रहीं, जबकि मनु भाकर मामूली अंतर से पदक से चूककर चौथे स्थान पर रहीं।

क्वालीफिकेशन दौर में ईशा और मनु का शानदार प्रदर्शन

ईशा और मनु ने क्वालीफिकेशन दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए आठ निशानेबाजों के फाइनल में जगह बनाई थी। ईशा तीसरे और मनु छठे स्थान पर रहते हुए फाइनल में पहुंची थीं। दोनों भारतीय निशानेबाज फाइनल में अपना प्रदर्शन बरकरार नहीं रख सकीं। इस चैंपियनशिप में लॉस एंजिलिस ओलंपिक के कुल 36 कोटा दांव पर हैं। ईशा का प्रदर्शन फाइनल में बेहद निराशाजनक रहा। वह चार सीरीज में क्रमशः एक, पांच, तीन और दो निशाने ही साध सकीं। इस तरह 20 में से केवल 11 हिट के साथ उन्हें सबसे पहले प्रतियोगिता से बाहर होना पड़ा। मनु ने कई शूटऑफ में जगह बनाकर पदक की उम्मीदें कायम रखीं, लेकिन आखिरकार वह चौथे स्थान पर रहीं। उन्होंने कुल 27 हिट हासिल किए। भारत अब तक केवल एक ओलंपिक कोटा हासिल कर सका है। यह कोटा पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में जयपाल मालवीय ने दिलाया है।

भारत-न्यूजीलैंड वनडे सीरीज बारिश की भेंट चढ़ा तीसरा मैच

एजेंसी ▶▶| हैमिल्टन



भारत और न्यूजीलैंड के बीच मंगलवार को सेडन पार्क में खेला जाने वाला तीसरा एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच बारिश के कारण रद्द कर दिया गया। भारत पांच मैच की श्रृंखला में 2-0 से आगे है। दोनों टीम अब अंतिम दो मुकाबलों के लिए टाउरंगा रवाना होंगी, जहां 13 और 15 नवंबर को मैच खेले जाएंगे। भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने लगातार तीसरी बार टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। भारत ने पिछले दो मुकाबलों में उतरी टीम में कोई बदलाव नहीं किया। हालांकि 40-40 ओवर के मैच के लिए मैदान से कवर्स हटाए जाने के दौरान एक बार फिर बारिश शुरू हो गई। 20-20 ओवर के मुकाबले के लिए स्थानीय समयानुसार शाम 7 बजकर 50 मिनट की निर्धारित समय सीमा में कम से कम 70 मिनट शेष होने के बावजूद दोनों अंपायरों ने मैच रद्द करने का फैसला किया।

कुमामोतो मास्टर्स : प्री क्वार्टर फाइनल में गायत्री-त्रीसा

एजेंसी ▶▶| कुमामोतो



गायत्री गोपीचंद और त्रीसा जॉली की भारत की महिला युगल जोड़ी ने मंगलवार को कुमामोतो मास्टर्स जापान सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर में स्थानीय दावेदार हिनाता सुजुकी और नाओ यामाकिता को सीधे गेम में हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

इस साल नई दिल्ली में बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली गायत्री और त्रीसा की भारतीय जोड़ी ने जापान की जोड़ी के खिलाफ 42 मिनट में 21-17, 21-14 से जीत दर्ज की। हालांकि मिश्रित युगल में ध्रुव कपिला और राधिका शर्मा की जोड़ी को क्वालीफाइंग के पहले दौर में चेन झी यी और फ्रांसेस्का कॉर्बेट की दूसरी वरीयता प्राप्त अमेरिकी जोड़ी ने 21-16, 21-15 से हराया।

अंडर-17 और अंडर-20 के खाली पड़े भार वर्गों के लिए 13 को चयन ट्रायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶|रोहतक

दक्षिण अफ्रीका के पोलोक्वाने में 4 से 6 दिसंबर तक आयोजित होने वाली 'कॉमनवेल्थ कुश्ती चैंपियनशिप' के लिए भारतीय कुश्ती संघ ने अंडर-17 और अंडर-20 आयु वर्ग के शेष खाली भार वर्गों के लिए दूसरे स्थान हेतु नए चयन ट्रायल 13 नवंबर को आयोजित करने का निर्णय लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, महिला कुश्ती के चयन ट्रायल 13 नवंबर को सुबह 10 बजे से नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित किए जाएंगे। वहीं, फ्री-स्टाइल और ग्रीको रोमन के चयन ट्रायल साई सेंटर, लखनऊ में संपन्न होंगे। इससे पहले 6 नवंबर को प्रथम स्थान के लिए चयन ट्रायल आयोजित किए गए थे। हालांकि, अंडर-20 फ्री स्टाइल वर्ग में 65, 70, 74, 79, 86 व 92 किग्रा, ग्रीको रोमन वर्ग में 60, 63, 77 व 97 किग्रा तथा महिला कुश्ती में 72 किग्रा वर्ग में दूसरी एंट्री के लिए भार वर्ग खाली रह गए थे। इसके अलावा अंडर-17 ग्रीको रोमन के 45 और 65 किग्रा भार वर्ग में भी दूसरी एंट्री के लिए चयन लंबित रह गया था। इन्हीं रिक्त वर्गों को भरने के उद्देश्य से 13 नवंबर को दोबारा ट्रायल कराए जा रहे हैं। यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग के नियमों के मुताबिक, इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रत्येक देश को हर वेट कैटेगरी में दो पहलवानों को एंट्री देने की अनुमति है। ट्रायल में भाग लेने के इच्छुक पहलवानों को पूरी तरह से स्वयं के खर्चे पर चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करने की लिखित सहमति के साथ 12 नवंबर 2026 तक कुश्ती संघ से संपर्क कर अपनी भागीदारी की पुष्टि करनी होगी।

क्रेग ने अफगानिस्तान के खिलाफ खेली नाबाद 206 रन की पारी

इरविन ने रचा इतिहास, 41 साल की उम्र में ठोका दोहरा शतक

एजेंसी ▶▶| हरारे

जिम्बाब्वे के दग्गिज बल्लेबाज क्रेग इरविन ने कमाल कर दिया। वह 75 सालों में टेस्ट में दोहरा शतक लगाने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ नाबाद 206 रन बनाकर इतिहास रचा।

उनसे पहले 40 साल से अधिक उम्र के जिस पछिले खिलाड़ी ने टेस्ट क्रिकेट में दोहरा शतक लगाया था, वह ग्राहम गूच थे। इंग्लैंड के इस बल्लेबाज ने 1994 में यह कारनामा किया था। इरविन ने अफगान टीम के खलिाफ 279 गेंदों पर 206 रन बनाए, जिससे टीम का कुल स्कोर 523/5 तक पहुंच गया और सीरीज का पहला टेस्ट मैच ड्रॉ पर समाप्त हुआ।



इरविन से आगे रोवन और हॉब्स

इरविन ओवरऑल टेस्ट में दोहरा शतक लगाने वाले तीसरे और पछिले 75 सालों में पहले सबसे उम्रदारज बल्लेबाज हैं। इस सूची में इरविन से आगे एरिक रोवन और जैक हॉब्स हैं। 1951 में हेडिंग्ले में इंग्लैंड के खिलाफ साउथ अफ्रीका के लिए खेलते हुए रोवन ने 236 रन बनाए थे, तब उनकी उम्र 42 साल और 6 दिन थी। 1924 में लॉर्ड्स में साउथ अफ्रीका के खिलाफ इंग्लैंड के लिए खेलते हुए हॉब्स ने 211 रन बनाए थे, तब उनकी उम्र 41 साल और 195 दिन थी। जब मैच शुरू हुआ, तब इरविन की उम्र 41 साल और 78 दिन थी और उन्होंने 41 साल और 82 दिन की उम्र में यह मुकाम हासिल किया। अपने-अपने मैचों की शुरुआत के समय वे हॉब्स से 117 दिन छोटे थे, इसलिए वे इस सूची में तीसरे स्थान पर हैं।



खबर संक्षेप

हुआंग की 69.5 हजार करोड़ दौलत घटी

वॉशिंगटन। एनवीडिया के सीईओ जेन्सेन हुआंग की संपत्ति में एक ही दिन में 7.4 अरब डॉलर (69.5 हजार करोड़ रुपए) की गिरावट आई है। कंपनी के शेयरों में दबाव के बीच उनकी कुल संपत्ति घटकर 154.7 अरब डॉलर (14.53 लाख करोड़ रुपए) रह गई। वह दुनिया के सबसे अमीर लोगों की सूची में आठवें स्थान से फिसलकर दसवें स्थान पर पहुंच गए हैं। हुआंग के खिलाफ प्रस्तावित क्लास एक्शन मुकदमा दायर किया गया है। आरोप है कि कंपनी और हुआंग ने शेयरधारकों को गुमराह किया।



ब्रिटिश लेखक हैरिसन को मिला बुकर अवार्ड

पेरिस। ब्रिटिश लेखक एम जॉन हैरिसन ने 81 साल की उम्र में साहित्य की दुनिया का प्रतिष्ठित बुकर पुरस्कार 2026 जीत लिया है। उन्हें यह सम्मान उनके उपन्यास 'द एंड ऑफ एवरीथिंग' के लिए दिया गया है। इस साल शामिल छह उपन्यासों में यह सबसे छोटा था। इसमें केवल 198 पन्ने हैं। करीब 60 साल से लेखन कर रहे हैरिसन अब बुकर पुरस्कार जीतने वाले सबसे उम्रदराज लेखक बन गए हैं। हैरिसन को यह पुरस्कार सोमवार रात लंदन में आयोजित समारोह में दिया गया।



ऑस्ट्रेलिया में मेयर बने अभिषेक अवस्थी

विक्टोरिया। हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के निवासी अभिषेक अवस्थी ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया राज्य के ग्रेटर बेंडिगो शहर में डिप्टी मेयर की जिम्मेदारी संभालने के बाद अब वह मेयर बन गए हैं। इसके साथ ही वह इस शहर के महापौर बनने वाले पहले मूल भारतीय बन गए हैं। 9 नवंबर को ग्रेटर बेंडिगो स्थित द कैपिटल थिएटर में आयोजित समारोह में अभिषेक अवस्थी ने मेयर पद की शपथ ली। उन्होंने आधिकारिक रूप से कार्यभार संभाल लिया। उनका कार्यकाल एक वर्ष का रहेगा।



रूस-यूक्रेन युद्ध रुकवाएगा भारत, संवाद और शांति का रास्ता खोलने की कोशिश कर रहा

पीएम मोदी ने राष्ट्रपति जेलेंस्की से की बात हर संभव सहायता देने का फिर दिया भरोसा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रूस और यूक्रेन के बीच लंबे समय से जारी युद्ध को खत्म कराने की कोशिशों में भारत एक बार फिर सक्रिय नजर आ रहा है। एक तरफ पीएम नरेंद्र मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से फोन पर बातचीत की, तो दूसरी तरफ विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से संपर्क साधा। इन दोनों कूटनीतिक बातचीत को काफी अहम माना जा रहा है। इससे संकेत मिल रहे हैं कि भारत दोनों देशों के बीच संवाद और शांति का रास्ता खोलने की कोशिश कर रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से फोन पर बातचीत की। इस दौरान दोनों नेताओं ने जारी संघर्ष पर चर्चा की। भारत और यूक्रेन के बीच आपसी सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर भी बात हुई। पीएम कार्यालय (पीएमओ) के बयान के मुताबिक, राष्ट्रपति जेलेंस्की ने जारी संघर्ष से जुड़े हालिया घटनाक्रम पर अपना दृष्टिकोण साझा किया।



शांतिपूर्ण समाधान के लिए तैयार भारत

फोन पर बातचीत के बाद पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ फोन पर उपयोगी बातचीत करके खुशी हुई। हमने अपने व्यापक द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा की। भारत और यूक्रेन के संबंधों को और मजबूत करने पर सहमति जताई। उन्होंने आगे लिखा कि जारी संघर्ष, इसके मानवीय पहलुओं और शांति बहाल करने के लिए किए जा रहे अलग-अलग प्रयासों पर अपना नजरिया साझा करने के लिए मैंने राष्ट्रपति जेलेंस्की का धन्यवाद किया।

मध्यस्थता के लिए तैयार

बातचीत के बाद जेलेंस्की ने कहा कि कहा कि खाद्य सुरक्षा ऐसा ही एक क्षेत्र हो सकता है। हमने काला सागर के रास्ते अनाज के निर्यात को रूस की ओर से रोके जाने पर चर्चा की। भारत खाद्य गलियारे बनाने में मध्यस्थता करने के लिए तैयार है। हम उम्मीद करते हैं कि ये प्रयास जारी रहेंगे।

जयशंकर ने रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से की बात

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार शाम रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से फोन पर बातचीत की। इस दौरान यूक्रेन संघर्ष और युद्ध समाप्त करने के लिए जारी कूटनीतिक पहलों पर विस्तार से चर्चा हुई। जयशंकर ने 'एक्स' पर इसकी जानकारी देते हुए कहा कि रूसी विदेश मंत्री के साथ उनकी बातचीत का मुख्य केंद्र यूक्रेन संघर्ष और उससे जुड़े मौजूदा कूटनीतिक प्रयास रहे। जयशंकर ने बताया था कि पीएम मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ दिल्ली और उससे पहले बिश्केक में बातचीत की थी। इसके अलावा, वह स्वयं पहले मॉस्को जा चुके हैं और रूसी विदेश मंत्री लावरोव के साथ लगातार संपर्क में हैं। विदेश मंत्री के अनुसार, भारत इस पूरी प्रक्रिया में अमेरिका को भी लगातार जानकारी दे रहा है। उन्होंने कहा था कि अमेरिकी प्रशासन अपनी ओर से शांति मध्यस्थता की पहल कर रहा है और विदेश मंत्री मार्को रुबियो को भारत की ओर से किए जा रहे प्रयासों की जानकारी है। भारत का उद्देश्य विभिन्न पक्षों के साथ संपर्क बनाए रखते हुए ऐसे व्यावहारिक रास्ते तलाशना है, जिनसे युद्ध के प्रभावों को कम किया जा



तुर्किये की स्टील फैक्ट्री में धमाका

17 की मौत, 12 घायल, 6 अरेस्ट राष्ट्रपति ने 'जांच' के दिए आदेश

एजेंसी ▶▶ अंकारा

तुर्किये के पश्चिमी हिस्से में सोमवार को एक स्टील प्लांट में भीषण धमाका होने से 17 लोगों की मौत हो गई, जबकि 12 अन्य घायल हो गए। घायलों में 2 की हालत गंभीर बताई जा रही है। धमाके के बाद प्लांट में भीषण आग लग गई और आसमान में धुएं का गुबार उठने लगा। हादसा इजमिर प्रांत के अलियागा में स्थित हाबास (एचएबीएएस) आयरन एंड स्टील प्लांट में हुआ। यह फैक्ट्री हबास डेमिर सेलिक कंपनी की है, जो तुर्किये की बड़ी स्टील कंपनियों में शामिल है। धमाका इतना तेज था कि आसपास मौजूद लोगों को भूकंप जैसा झटका महसूस हुआ। घटना के बाद आपातकालीन टीमें मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने के साथ बचाव अभियान शुरू किया। स्थानीय गवर्नर सुलेमान एल्बान ने बताया कि हादसा दोपहर करीब 12 बजे हुआ। प्लांट में एक बॉयलर बदलने का काम चल रहा था। इसी दौरान एक क्रेन भट्ठी में गिर गई। इसके कारण पास की स्टील मिल में जोरदार धमाका हो गया।



तुर्किये की स्टील फैक्ट्री में धमाका

राहत और बचाव कार्य जारी

एल्बान ने कहा कि कुछ लोगों के अब भी मलबे में दबे होने की आशंका है। हादसे के समय 300 कर्मचारियों की जगह करीब 200 कर्मचारी थे। राष्ट्रपति रेचेप तैयप एर्दोगन ने कैबिनेट बैठक के बाद हादसे में हुई मौतों की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि घटना की जांच की जा रही है और बचाव दल लगातार राहत और बचाव के काम में जुटे हैं। धमाके की न्यायिक और प्रशासनिक जांच शुरू कर दी गई है। एर्दोआन ने कहा कि यह दुखद घटना पूरे देश के लिए गहरे दुख का कारण बनी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि हादसे की वजह, परिस्थितियों और इसमें किसी की लापरवाही या जिम्मेदारी की पूरी जांच की जाएगी।

कई घायल अस्पताल में भर्ती

गृह मंत्री मुस्तफा चिफ्तची ने बताया कि आपातकालीन टीमें आग बुझाने और हताहतों की तलाश में जुटी रहीं। उन्होंने कहा कि घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है और उनके स्वास्थ्य पर लगातार नजर रखी जा रही है। न्याय मंत्री अकिन गुरलेक ने बताया कि मामले की जांच के लिए चार सरकारी अभियोजकों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। धमाके के सिलसिले में 6 लोगों को हिरासत में लिया गया है।

शेख हसीना के प्रत्यर्पण को भारत ने 'कानूनी मामला' बताकर दोहराया अपना रुख

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बोले-बांग्लादेश के सरकारी वकील, वापसी होने पर हसीना के पास नहीं कोई विकल्प, सजाए मौत से होगा सामना

नई दिल्ली में बांग्लादेश के उच्चायोग ने खारिज की हसीना की नया पासपोर्ट, राष्ट्रीयता प्रमाणपत्र जारी

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की भारत से स्वेच्छा से जारी घर वापसी की कोशिशों और पूर्व में ढाका की सरकार द्वारा नई दिल्ली से की गई उनके प्रत्यर्पण की मांग के मामले की जोरदार अंदाज में गूंज राष्ट्रीय राजधानी में भी सुनाई दी है। मौका बना मंगलवार को विदेश मंत्रालय की मीडिया ब्रीफिंग का और उसमें इस बाबत कई सवाल पूछे गए। जिनके जवाब में मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पुनः भारत का पक्ष मजबूती के साथ दोहराते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रत्यर्पण का मामला एक कानूनी मामला है। जिसमें कानून के मुताबिक ही आगे बढ़ा जाएगा यानी निपटा जाएगा। उन्होंने ये भी बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री द्वारा अपनी देश वापसी के लिए बांग्लादेश के उच्चायोग के समक्ष की गई नया पासपोर्ट और राष्ट्रीयता प्रमाणपत्र जारी करने की मांग किसी भी तरह से अनुचित नहीं है। वह ऐसा कर सकती हैं। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2024 में छात्रों के हिंसक विरोध-प्रदर्शनों के बीच हसीना आनन-फानन में ढाका से नई दिल्ली पहुंची थीं। तब से वह यहां पर ही रह रही हैं।

इन दस्तावेजों की होगी जरूरत

सूत्रों ने बताया कि क्योंकि शेख हसीना ने पूर्व समय में अपनी सरकार के खिलाफ उनके अपने देश में हुए प्रदर्शनों की वजह से भारत में शरण ली थी। जिसे यहां स्वीकार किया गया था। अब वो अपनी इच्छा से ही बांग्लादेश वापस जाना चाहती हैं और इसके लिए उन्होंने प्रयास भी किए हैं। जिन्हें लेकर नई दिल्ली को कोई आपत्ति नहीं है। हां, इतना जरूर है कि जहां तक पूर्व पीएम के प्रत्यर्पण का सवाल है? तो विदेश मंत्रालय इस संबंध में स्पष्ट कर चुका है कि यह एक कानूनी मामला होने की वजह से इसका निपटारा भी कानूनी रूप से ही किया जाएगा। सूत्रों ने कहा कि हसीना को भारत की सीमा से बाहर अपने देश पहुंचने के लिए कुछ दस्तावेजों की विशेष आधार पर आवश्यकता होगी। जिनमें पासपोर्ट-वीजा के अतिरिक्त आपातकालीन सर्टिफिकेट (ईसी) या यात्रा का कोई अन्य दस्तावेज शामिल है।



उच्चायोग ने खारिज की पासपोर्ट की मांग

ज्ञात हो कि पड़ोसी देश की पूर्व प्रधानमंत्री ने बीते सोमवार को यहां नई दिल्ली स्थित बांग्लादेश के उच्चायोग से एक नया पासपोर्ट और राष्ट्रीयता पहचान पत्र जारी करने की मांग थी। जिसे उच्चायोग ने खारिज कर दिया गया है। मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय न्यायाधिकरण के प्रमुख अभियोजक एमडी अमीनुल इस्लाम ने कहा कि वतन वापसी के बाद बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के पास कोई विकल्प शेष नहीं बचेगा। उन्हें अनिवार्य रूप से मृत्युदंड का हर हाल में सामना करना पड़ेगा।

दिसंबर तक वापसी चाहती हसीना

शेख हसीना ने मौजूदा साल में ही यह घोषणा की थी कि वह दिसंबर-2026 तक बांग्लादेश वापस जाना चाहती हैं। उन्होंने ये भी कहा कि बहुत संभावना है कि इस दौरान उनकी गिरफ्तारी हो जाए या फिर उनकी हत्या भी की जा सकती है। लेकिन यह सभी खतरे या ऐसा कोई डर मुझे मेरे देश जाने व अपने लोगों की सेवा करने से रोक नहीं पाएगा। यहां एक अन्य तथ्य यह भी है कि शेख हसीना के भारत में शरण लेने के बाद ही नई दिल्ली और ढाका के संबंधों में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। इसके बावजूद नई दिल्ली ने हमेशा से बांग्लादेश के साथ सकारात्मक, रचनात्मक और भविष्योन्मुखी संबंधों को बनाए रखने पर जोर दिया है।

गंगा जल संधि का होगा नवीनीकरण?

रणधीर ने ब्रीफिंग में बांग्लादेश से जुड़े हुए कुछ अन्य मामलों पर पूछे गए प्रश्नों के भी उत्तर दिए। जिनमें उन्होंने खासतौर पर गंगा जल संधि (जीडब्ल्यूटी) को लेकर कहा कि अभी फिलहाल उनके पास गंगा नदी के जल बंटवारे को लेकर दोनों देशों के बीच होने वाली वार्ता को लेकर कोई जानकारी नहीं है। मंत्रालय के प्रवक्ता के प्रश्न का संदर्भ इसी साल 12 दिसंबर 2026 को समाप्त हो रही संधि की समयसीमा तथा दोनों देशों के बीच होने वाले इसके आगामी नवीनीकरण से जुड़ा हुआ था।

ढाका के झुग्गी-झोपड़ी को नई दिल्ली का बताकर सोशल मीडिया पर कर रहे थे दुष्प्रचार

चीन के इन्फ्लुएंसर्स की ढाका में की गई हरकतों से आगबबूला भारत, सख्त कार्रवाई की मांग की

बोले जायसवाल, दुष्प्रचार की ऐसी तमाम कोशिशें दुर्भाग्यपूर्ण, संबंधित अधिकारियों से है कार्रवाई की उम्मीद

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

चीन के इन्फ्लुएंसर्स ने हाल ही में बांग्लादेश की राजधानी ढाका के कुछ झुग्गी झोपड़ी वाले इलाकों का दौरा कर वहां कुछ वीडियो शूट किए। लेकिन मामला यही नहीं रुका, इसके बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर जानबूझकर ढाका के इलाकों को नई दिल्ली का बताकर भारत की छवि को धूमिल करने की कोशिश की। मुद्दा गंभीर था। इसलिए 10 नवंबर को विदेश मंत्रालय की मीडिया ब्रीफिंग में भी इसे लेकर सवाल पूछा गया। जवाब में मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साफ शब्दों में कहा कि इस विषय पर हमने भी कुछ मीडिया रिपोर्ट देखी हैं। लेकिन मैं यहां ये साफ करना चाहूंगा कि किसी दूसरे देश के बारे में इस प्रकार से सोशल मीडिया में गलत तस्वीर प्रस्तुत करना दुर्भाग्यपूर्ण है। ढाका को नई दिल्ली की तरह से दिखाना एक प्रकार का गलत और झूठा प्रचार था। जिसमें इन्फ्लुएंसर्स के पीछे छिपी हुई असल ताकतों की अपनी विश्वसनीयता समाप्त होती है। भारत की यह मांग है कि इस मसले को लेकर चीन के संबंधित अधिकारी दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। ब्रीफिंग में रणधीर ने कुछ अन्य विषयों पर पूछे गए प्रश्नों के भी जवाब दिए हैं।

अमेरिकी चुनाव आंतरिक मामला

उन्होंने बीते वक्त में अमेरिका में संपन्न हुए मध्यावधि चुनाव को लेकर कहा कि यह अमेरिका का एक आंतरिक मामला है। लेकिन जहां तक भारत के साथ उसके संबंधों को देखें तो नई दिल्ली को वाशिंगटन डीसी में द्विदलीय (रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक दल शामिल) समर्थन प्राप्त है। भारत अमेरिका के साथ बनी हुई अपनी व्यापक विशेष रणनीतिक साझेदारी को



और अधिक मजबूत बनाए रखने के पक्ष में है। उन्होंने यूएससीआईआरएफ द्वारा भारत पर लगाए गए तमाम आरोपों को भी नकारते हुए कहा, यह राजनीतिक एजेंडे से प्रेरित एक पक्षपाती संगठन है। जिसके पास पर्याप्त जानकारी का अभाव है। इसके अलावा संगठन के पास अमेरिका में लगातार भारतीय समुदाय को निशाना बनाकर किए जाने वाले घृणा व जातीय अपराधों, नस्लीय भेदभाव पर चुप्पी साध ली जाती है। जिससे साफ होता है कि यह एक पूर्वाग्रह से ग्रसित संगठन है। जिसकी टीका-टिप्पणियों को कतई गंभीरता से नहीं लिया जा सकता है।

वैश्विक जलमार्गों में जहाजों पर रुकें हमले

रणधीर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोल्डोमीर जेलेंस्की के बीच टेलीफोन पर हुई बातचीत के मामले पर कहा कि बीते सोमवार को दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों के बीच यह संवाद हुआ है। भारत का शुरुआत से इस युद्ध को लेकर यही मत रहा है कि विवाद का समाधान किसी भी प्रकार से युद्धक्षेत्र में नहीं निकाला जा सकता है। इसके लिए बातचीत और कूटनीति के मार्ग को ही अपनाया जाना चाहिए। पीएम मोदी स्वयं कई मौकों पर नई दिल्ली के इस पक्ष को दोहरा चुके हैं। जिसमें उन्होंने ये भी कहा है कि यह युग युद्ध का नहीं है और अब इसकी समाप्ति होनी चाहिए। भारत वर्तमान में यूक्रेन, रूस के अलावा इस मुद्दे से संबंधित सभी भागीदार पक्षों से संपर्क बनाए हुए हैं। इसके अलावा हम यह भी चाहते हैं कि होर्मुज जैसे अंतरराष्ट्रीय जलमार्गों पर वाणिज्यिक जहाजों (भारतीय सवार) पर किए जा रहे हमलों पर तुरंत रोक लगाई जानी चाहिए। वैश्विक समुद्री क्षेत्र में नौवहन की निबार्ध स्वतंत्रता को बरकरार रखा जाना चाहिए। भारत ने मामले पर यूक्रेन को सौंपे अपने तीन सूत्रीय शांति प्रस्ताव में कुछ बिंदुओं पर जोर दिया है। जिनमें काला सागर में जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित करना, खाद्य गलियारे का निर्माण, साझा रूप से रूस, यूक्रेन के बीच आक्रामकता पर रोक लगाना मुख्य हैं।

नेपाल पीएम को दिया यात्रा का न्योता

नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह को हमने भारत यात्रा के लिए औपचारिक रूप से आमंत्रित किया है। दोनों पक्षों के बीच मामले पर चर्चा चल रही है। हां, इतना जरूर है कि उनकी यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय और साझा हितों से जुड़े हुए तमाम मामलों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

इजरायल की नई सरकार से होगी वार्ता

इजरायल में गठित होती नई सरकार के मामले पर पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि इजरायल के साथ भारत के बहुआयामी, रणनीतिक संबंध हैं। लेकिन अब वहां पर नई सरकार बनने के बाद भी हम उनके साथ बातचीत जारी रखेंगे और संबंधों को आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे। इसी साल जून से ब्रिटेन की न्यायिक हिरासत का सामना कर रहे कैप्टन अजय पंत के मामले को लेकर रणधीर ने कहा कि इस संबंध में लंदन में भारतीय उच्चायोग कैप्टन पंत तथा उनके परिजनों के संपर्क में बना हुआ है। पिछले 9 नवंबर को उनसे उनकी पत्नी की मुलाकात भी कराई गई है। केंद्र सरकार उनकी भलाई, कल्याण के लिए ब्रिटेन के विदेश कार्यालय के साथ संवाद बनाए हुए है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109